रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 6 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 346 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पीएम मोदी की बैठक में शामिल होंगे राज्यपाल उइके और सीएम बघेल



**रायपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक में राज्यपाल अनुसुईया उइके और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। पीएम मोदी छह अगस्त को सभी राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में शनिवार को शाम 4.30 बजे होगी। इसमें आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राज्यपाल उइके और मुख्यमंत्री बघेल शुक्रवार को दिल्ली रवाना हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सात अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे।

### सड़क हादसे में 6 सदस्यों की मौत

**यादगिरि।** कर्नाटक के यादगिरी जिले में एक दुखद घटना में एक कार्यक्रम से लौटते समय कार और लॉरी के बीच हुए भीषण सड़क दुर्घटना में 6 माह के बच्चे समेत एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा गुरुवार देर रात को हुई। इस घटना में मोहम्मद वाजिद हुसैन (39), मुहम्मद मजहर हुसैन (79), नूरजहाँ बेगम (70), हीना बेगम (30), इमरान (22), उमेजा (6 महीने की बच्ची) की मौत हो गई। यादगिरी जिले के पुलिस अधीक्षक वेदामूर्ति ने कहा कि मृतक हीना और इमरान रंगनमोहल्ला, चक्रकट्टे, यादगिरी के निवासी थे, जबकि चार अन्य लोग लिंगसुगुर तालुक के हट्टी गांव के निवासी थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.32 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.32 अरब डॉलर बढ़कर 573.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.15 अरब डॉलर गिरकर 571.6 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.12 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 511.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# काले कपड़ों में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी ने महंगाई, जीएसटी और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को काले कपड़ों में संसद से सड़क तक जबरदस्त प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी काली पोशाक पहन कर आयीं थीं। उन्होंने अपनी पार्टी के सांसदों के साथ संसद में जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद से राष्ट्रपति भवन तक मार्च के लिए निकलते ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस के 24 अकबर रोड स्थित मुख्यालय में प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। जब वह अपने सांसदों के साथ प्रधानमंत्री आवास घेरने के लिए निकलीं लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।

जिसके बाद वह कांग्रेस मुख्यालय के सामने सड़क पर ही घरने पर बैठ गईं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने पुलिस से कहा कि वह सरकार से समझौता करने नहीं बैठी हैं। महंगाई का विरोध करके जनता की आवाज उठाना उनका हक है। पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। इस दौरान अजय माकन, सचिन पायलट, हरीश रावत, अविनाश पांडे सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं को हिरासत में लिया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या को देखकर अकबर रोड पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने कई स्तरों पर जवानों को तैनात किया था। किसी भी कार्यकर्ता अंदर नहीं जाने दिया गया। दिल्ली पुलिस हिरासत में लिए गए कांग्रेस नेताओं को किंग्सवे कैंप पुलिस लाइन लेकर गयी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद जयराम रमेश और रंजीत रंजन सहित अन्य कांग्रेसी सांसदों को भी वहीं ले जाया गया। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए जंतर-मंतर इलाके को छोड़ पूरी दिल्ली में धारा 144 लागू लगाई गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार हमें महंगाई के खिलाफ विरोध करने से रोकना चाहती है, इसलिए लगातार कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आप समझ लें कि देश में क्या हालात हैं। किसी ने नहीं सोचा होगा कि देश में लोगों को लोकतंत्र समाप्त होते देखना होगा। देश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर, केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का आतंक है। देश में दिल्ली, पटना, मुंबई, भोपाल आदि अनेक स्थान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया।



### प्रियंका ने किया विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय में महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में मंहगाई और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) बढ़ोतरी को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया, जिन्हें पुलिस ने बाद में हिरासत में ले लिया। कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। संसद भवन में एक मार्च भी निकाला गया जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। कांग्रेस के कई कार्यकर्ता सुबह से ही पार्टी कार्यालय में जमा हो गए और महंगाई, जीएसटी को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वाड्रा ने पार्टी नेता हरीश रावत और अन्य लोगों के साथ रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर लोगों में बड़ी निराशा को लेकर एक गाड़ी में गैस सिलेंडर रखकर उसे धक्का देकर कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च निकालने की योजना बनाई। कांग्रेस सदस्यों के पहले पुलिस बैरिकेड तोड़ने के साथ ही सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। पार्टी महासचिव ने पार्टी कार्यालय के बाहर धरना दिया जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।



### राहुल समेत कांग्रेस नेताओं को लिया हिरासत में

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी को संसद से विरोध मार्च निकालने के बाद कई अन्य सांसदों के साथ उस समय हिरासत में ले लिया गया जब वह राष्ट्रपति भवन की ओर जाने का प्रयास कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों को संसद भवन से कुछ ही मीटर दूर विजय चौक पर रोक कर हिरासत में ले लिया गया। गौरतलब है कि कांग्रेस बढ़ती महंगाई और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) बढ़ाने को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ आज राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। सांसदों ने जीएसटी और बढ़ती कीमतों को लेकर संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में मुद्दा उठाया ,जिस पर सदन को अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दिया गया। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य कई कांग्रेस सांसदों को विरोध के रूप में काले कपड़े पहने हुए देखा गया। जैसे ही कांग्रेस नेता संसद के गेट नंबर एक पर एकत्र हुए। गांधी ने नारे लगाते हुए सांसदों का नेतृत्व किया। इसके बाद कांग्रेस सांसदों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपने के लिए संसद परिसर के बाहर निकलकर राष्ट्रपति भवन की ओर जाने लगे। संसद के गेट के ठीक बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे सांसदों को रोकने के लिए पुलिस ने भारी अवरोधकों को लगा रखा था। जैसे ही कांग्रेस नेता एवं सांसद वहां पहुंचे पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई सांसदों को हिरासत में लिया।

### कांग्रेस आम लोगों के मुद्दों की तो मोदी विपक्ष के नेताओं से लड़ रहे हैं लड़ाई : भूपेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हैं कि कांग्रेस पार्टी आम लोगो के मुद्दों को लेकर तो मोदी सरकार विपक्ष के नेताओं खासकर कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं। बघेल ने पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महंगाई से आम लोगो का जीना मुहाल हो गया हैं। पेट्रोल डीजल हो या खाद्य तेल, उर्वरक हो या फिर आम लोगो की जिन्दगी से जुड़ी दूसरी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं।बेरोजगारी का बुरा हाल हैं। कांग्रेस जब इन मुद्दों को लेकर सड़क पर उतर रही हैं तो उसके नेताओं को परेशान किया जा रहा हैं।उन्होने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रही है पर उसे इसमें निराशा ही हाथ लगेंगी। उन्होने कहा कि केन्द्रीय एजेन्सियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ लगाया गया है और गैर भाजपा सरकारों को अस्थिर करने की लगातार कोशिश हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में सरकार परिवर्तन के बाद ईडी और अन्य केन्द्रीय एजेन्सियों को छत्तीसगढ़. झारखंड जैसे दूसरे राज्यों की ओर कूच करने को बोल दिया गया हैं। इन्होने अपना काम शुरू भी कर दिया हैं। बघेल ने कहा कि गजब की स्थिति हैं कि केन्द्रीय एजेन्सियों द्वारा गैर भाजपा दलों में रहते नेताओं के यहां कार्रवाई शुरू करती है और जैसे ही वह भाजपा में सामिल हो जाता है तुरंत कार्रवाई रूक जाती है और उसे पाक साफ घोषित कर दिया जाता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर यहां भी पार्टी अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में पार्टीजन राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर केन्द्र से महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग करेंगे।

## मुख्यमंत्री बघेल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सावन के पवित्र माह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर गुढ़ियारी स्थित मारूति मंगलम परिसर में आयोजित सावन के पवित्र माह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर गुढ़ियारी स्थित मारूति मंगलम परिसर में आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यात्रा के शुभारंभ में मंत्रोच्चार और विधि-विधान से कांवड़ पूजा की और कांवड़ यात्रा की अगुवाई कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने इसके पूर्व मच्छी तालाब हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय भी उपस्थित थे। कांवड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तजन भजन की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए। कांवड़ यात्रा का आयोजन रायपुरा महादेव घाट हटकेश्वर मंदिर तक किया गया है।

### उत्तर प्रदेश को 108 उड़ान मार्ग आवंटित होंगे : सिंधिया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने घोषणा की कि उड़ान योजना के तहत उत्तर प्रदेश को आवंटित मार्गों की संख्या 63 से बढ़ाकर 108 की जाएगी। सिंधिया ने यह घोषणा लखनऊ से दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और गोवा के लिए आठ संपर्क उड़ानों के उद्घाटन करने के दौरान की। लखनऊ हवाई अड्डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में सिंधिया एवं नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल (अवकाश प्राप्त) वी.के. सिंह दिल्ली से वीडियो लिंक से जुड़े थे जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नागर विमानन मंत्रालय में सचिव राजीव बंसल, संयुक्त सचिव उषा पाधी, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा एवं प्रबंध निदेशक सुनील भास्करन तथा नागर विमानन मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार तथा एयर एशिया के अन्य गण्यमान्य प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

देश में 13.6 अरब डॉलर का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया

## चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई 13.6 अरब डॉलर की एफडीआई

वार्ता ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com



रिजर्व बैंक ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश में 13.6 अरब डॉलर का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 13.6 अरब डॉलर का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है, जो इसके पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही 11.6 अरब डॉलर की तुलना में 17.24 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के निकास मोड में रहने के बाद जुलाई 2022 में सकारात्मक हुआ है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष में जुलाई में किए गए कई अन्य उपायों के साथ ही केंद्रीय बैंक ने विनिमय दर में गिरावट के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में संचित अपने विदेशी मुद्रा भंडार का भी उपयोग किया है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा भंडार है। दास ने कहा, कि देश की अर्थव्यवस्था स्वाभाविक रूप से वैश्विक आर्थिक स्थिति से प्रभावित हुई है। हम उच्च मुद्रास्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। रुक-रुक कर सुधार के बावजूद वित्तीय बाजार असहज बने हुए हैं। हमने चालू वित्त वर्ष के दौरान अबतक (03 अगस्त तक) 13.3 अरब डॉलर के बड़े एफपीआई की निकासी देखी है। फिर भी मजबूत और लचीला बुनियादी बातों को ध्यान में रखते हुए विश्व मुद्रा काष (आईएमएफ) ने महंगाई में कमी के संकेत के साथ वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने की उम्मीद जताई है।

### नीतिगत दरें कोरोना काल से पहले के स्तर के पार, घर कार खरीदना होगा महंगा

बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में आधी फीसदी की बढ़ोतरी करने के साथ ही यह अब कोरोना महामारी के पहले के स्तर को पार कर गयी है। रिजर्व बैंक के आज के इस निर्णय से अब घर, कार और अन्य प्रकार के ऋण महंगे हो जाएंगे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गवर्नर शक्ति कांत दास ने बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि देश में वैश्विक कारकों से महंगाई में बढ़ोतरी हो रही है। इस वर्ष जून में लगातार छठे महीने में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के लक्ष्य छह प्रतिशत से ऊपर बनी रही है। विकास को गति देने तथा महंगाई को काबू में करने के उद्देश्य से नीतिगत दरों में आधी फीसद की बढ़ोतरी की गयी है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है और महंगाई को मध्यावधि में छह प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के बाद रेपो दर 4.90 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.40 प्रतिशत पर, सटैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी दर (एसडीएफ) 4.65 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.15 प्रतिशत, बैंक दर 5.15 प्रतिशत से बढ़कर 5.65 प्रतिशत पर तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) 5.65 प्रतिशत पर पहुंच गयी है।



# एक ही समय में एक से अधिक कार्य करके जशपुर की महिलाएं बन रहीं हैं आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित सी-मार्ट के माध्यम से गौठान के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों का विक्रय कराने के लिए सी-मार्ट एक उपयुक्त साधन है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन गई है। अब तक समूह की महिलाओं ने 4 माह में लगभग 34 लाख रूपए की बिक्री कर चुके हैं। ग्रामीण महिलाएं गौठानों में संचालित ग्रामीण आजीविका गतिविधियों से आर्थिक रूप सशक्त होने का नया जरिया मिला है। समूह के माध्यम से एक ही समय में एक से अधिक कार्य करके आर्थिक मजबूती प्राप्त करने का जरिया जिला प्रशासन ने दिया है।

एनआरएलएम के डिस्ट्रि मैनेजर विजय शरण प्रसाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में खुड़िया रानी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के अध्यक्ष कमला विश्वकर्मा और जीवंती बाई के द्वारा बेहतर संचालन किया जा रहा है। कम्पनी में लगभग 100 स्व सहायता समूह की महिलाएं मिल करके अपने बनाए हुए सामग्रियों का विक्रय के लिए सी-मार्ट भेज रही हैं। सी-मार्ट में स्थानीय लोगों में जीराफूल, जौवा फूल, फूल झाडू, अचार, सरसों का तेल, काजू, दाल आदि उत्पादों की मांग हमेशा बनी रहती है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन और कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाएं आज आर्थिक रूप से खुद आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार को भी सहयोग दे रही हैं साथ ही अन्य महिलाओं को भी अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

जिला प्रशासन ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को फूड प्रोसेसिंग यूनिट की भी सुविधा उपलब्ध कराई है। इससे महिलाओं को रोजगार मिला है और अपने हाथों से 100 ग्राम, 200 ग्राम, आधा किलोग्राम, 1 किलोग्राम के विभिन्न सामग्रियों का पैकिंग करके तैयार करती है।

विगत माह जून में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जशपुर प्रवास के दौरान सी-मार्ट का अवलोकन किया गया और समूह की महिलाओं प्रोत्साहित करते हुए प्रशंसा जाहिर की थी।

एनआरएलएम के डिस्ट्रि मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि आदिम जाति विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के लिए 8 हजार नग चप्पल लागत् 9 लाख रूपए से खरीदी कर भेजा है। 444 पंचायतों में एलईडी बल्ब 1 लाख 20 हजार की लागत से उपलब्ध कराया गया है। 1 हजार स्वच्छता किट विभिन्न विद्यालयों में उपलब्ध कराया गया है। हर घर झण्डा अभियान के तहत 5 लाख का झण्डा विक्रय किया गया है। इसके अलावा इमली चटनी, ईमली तेल, अगरबत्ती, धनिया पाउडर, चावल, दाल, चाय पत्ती, महुआ लड्डू, फूल झाडू, सेनेटाइजर, काजू, सरसों का तेल, फेसवास, हैण्ड वास का भी विक्रय करके महिलाएं अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही है। उन्होंने बताया कि जशपुर के सी-मार्ट से सामग्रियों की मांग रायपुर, भिलाई, दुर्ग, सुकमा, अंबिकापुर जिलों में भी बड़ी मात्रा में की जाती है। अन्य जिलों में मुख्य रूप से काजू, चाय, जीराफूल, जौफूल की मांग बनी हुई है। जशपुर जिले के काजू और चाय की मांग का मुख्य कारण गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है। सी-मार्ट में कार्य करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एनआरएलएम के डीपीएम अमीन खान, भरत पटेल और सी-मार्ट के मैनेजर अनिल कुमार निराला भी समय-समय पर सहयोग देते रहते हैं।

## महानदी में मिले अज्ञात शव मामले में सरिया थाने में दर्ज किया गया हत्या का अपराध

**रायगढ़।** थाना सरिया अन्तर्गत नदीगांव सूरजगढ़ महानदी में अज्ञात पुरूष उम्र करीब 40-45 वर्ष तथा महिला उम्र करीब 30-35 वर्ष का शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा शव पंचनामा कार्रवाई कर डॉक्टर की टीम के साथ मौके पर ही शव का पोस्ट मार्टम कराया गया, शवों का पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पी.एम. रिपोर्ट पर दोनों मृतकों का मृत्यु का कारण गला घोंटने से श्वांस अवरूद्ध होने से हृदय घात से मृत्यु होना लेख कर मृत्यु की प्रकृति हत्या लेख किया गया है। थाना सरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा पुलिस तथा कई व्हाट्सएप ग्रुप में मृतकों के फोटोग्राफ्स शेयर कर पहचान का प्रयास किया गया साथ ही थाना क्षेत्र के गांव तथा आसपास गांव में मृतकों की शिनाख्तगी के लिये प्रयासरत है। अब तक मृतकों के वारिसानों का पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी जिले के सभी थाना को मृतक के उम्र, हुलिए के अनुसार गुम इंसानों से मिलान कर के कई जिलों में मृतकों के फोटोग्राफ्स सहित ईश्तहार अपने स्टाफ के साथ थानों में चस्पा कर प्रमुख बस स्टैंड, मार्केट, सार्वजनिक स्थानों पर वितरित कराया गया है। किया गया है। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सरिया पुलिस स्टाफ सीमावर्ती प्रांत ओडिशा के कई जिलों में सूचित करने रेडियो मैसेज के माध्यम से सूचित

# जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना है जिसके परिपालन में शहर के वार्ड 01 से 08 तक के लिए तीन स्थानों पिकरी, सिंधु भवन एवं मोहभट्ठा में शिविर का आयोजन किया गया, शेष वार्डो के लिए 06 अगस्त एवं 08 अगस्त 2022 को शिविर का आयोजन किया जावेगा। शिविर में टैक्स जमा, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन, सफाई, लोक स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, राजस्व, लोक निर्माण एवं अन्य समस्या से संबंधित विषयों पर आवेदन स्वीकार कर निराकरण किया गया। पिकरी शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, यशवंत लहरे, सिंधु भवन शिविर में श्रीमती रानी डेनिम सेन, सजनी यादव पार्षद, जनता साहू एल्डरमेन एवं मोहभट्ठा शिविर में शत्रुहन निषाद पार्षद आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु अवगत होते हुए शिविर में आवेदन मंगाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने बताया कि दिनांक 05 अगस्त 2022 को कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 07 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं शेष आवेदनों को निर्धारित समयावधि में निराकरण किया जावेगा।

# विधायक ने दिखाई मानवता, घायल युवक को तुरन्त पहुंचाया अस्पताल

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



सड़क दुर्घटना में घायल युवक को अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने अपनी पायलट वाहन से भानुप्रतापपुर अस्पताल पहुंचाया। रायपुर प्रवास से वापस अंतागढ़ लौटते समय विधायक अनूप नाग को ग्राम रानवाही और भानबेड़ा के बीच सड़क पर एक युवक घायल अवस्था में दिखाई दिया। सड़क दुर्घटना में घायल इस युवक की हालत बेहद नाजुक दिख रही थी। इस पर विधायक ने तुरन्त अपने स्टाफ के साथ घायल युवक को पायलट वाहन में लिटा कर अस्पताल पहुंचाया। इस बीच उनके द्वारा भानुप्रतापपुर के डॉक्टरों को इसकी जानकारी दे दी गई थी। इसलिए घायल के अस्पताल पहुंचते ही उपचार शुरू हो गया।

इस दौरान पूरे समय विधायक खुद सारी बातों की मॉनिटरिंग करते रहे, और जब युवक को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया तब कहीं जाकर वह अंतागढ़ की ओर रवाना हुए। इस त्वरित कार्यवाही से युवक के जान बचाने की सम्भावना बढ़ गई है। विधायक के इस कार्य की सभी लोगों ने प्रशंसा की है। घायल युवक फिलहाल बेहोश है। युवक की पहचान ग्राम हर्फरों के बलिराम कोरचे पिता रामप्रसाद कोरचे उम्र 36 वर्ष के रूप में हुई है।

## आबकारी विभाग अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों पर कर रही है कार्यवाही

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी जशपुर रमेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में विगत दिवस जशपुर थाना क्षेत्रांतर्गत कदमटोली में एक महिला द्वारा मदिरा विक्रय किया जा रहा था। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान के शयन कक्ष से 18 लीटर व 1 लीटर खरीदी की हुई हाथ भट्ठी शराब कुल 19 लीटर जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शशिकला पैकरा, त्रिपक्ष सलाम, सुभाष कुजूर, मदन कुमार गुप्ता, महिला सैनिक पूनम टोप्पो शामिल रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर और महात्मा गांधी कॉलेज में खरसिया पुलिस की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसपी रायगढ़ अभिषेक मीना द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को माह के प्रथम बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस के रूप में मनाने निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में 03 अगस्त प्रथम बुधवार को चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम अपने स्टाफ के साथ सरस्वती शिशु मंदिर जाकर बच्चों को साइबर अपराधों की जानकारी दिया गया। इस दौरान उन्होंने विशेष तौर पर ऑनलाइन गेम्स के दुष्प्रभाव बच्चों को बताया गया। साथ ही बाल अपराधों के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर पुलिस सहायता लेने संबंधी हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112 की जानकारी दिया गया, इस दौरान विद्यार्थियों के साथ बीएमओ अभिषेक पटेल तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। इसी क्रम में कल एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के साथ चौकी प्रभारी खरसिया उनके स्टाफ के साथ महात्मा गांधी कॉलेज में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया है। एसडीओपी खरसिया ने कहा कि आजकल सब ऑनलाइन हो रहा है जिससे कई जटिल काम कम समय में आसानी से हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं जिसे रोकने पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है क्योंकि साइबर क्राइम को रोकने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता ही है। थानों में शिकायतें प्राप्त होती है लोग लापरवाही पूर्वक किसी भी अनजान व्यक्ति को बिना जाने, देखें उसे दोस्ती कर लेते हैं।

## यातायात विभाग में पदस्थ तेजराम हुए सेवा निवृत्त



**रायगढ़।** रायगढ़ यातायात विभाग में पदस्थ सउनि तेजराम पटेल ने पुलिस विभाग को लम्बी सेवा देकर आज सेवा निवृत्त हुए। इस दौरान एएसपी महेश्वर नाग ने शाल व श्रीफल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। तेजराम पटेल पूर्व में सरिया थाना में पदस्थ थे 22 मार्च 2020 से अब तक थाना यातायात में कुल तीन साल तेजराम पटेल ने रायगढ़ में सेवाएं प्रदान की। मूलतः तारापुर थाना कोतरा रोड के रहने वाले तेजराम पटेल वर्ष 1984 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। परिवार में पत्नी तथा एक पुत्र एवं तीन पुत्रियां है। नौकरी की जिम्मेदारी के साथ परिवार की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाया पटेल ने विदाई समारोह में एएसपी महेश्वर नाग ,एसआई गोवर्धन माँझी एवं यातायात थाना के स्टाफ उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रकरणों को गंभीरता से निराकृत करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आई.एल. ठाकुर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं वन विभाग के एसडीओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से राजस्व प्रकरणों के सभी दर्ज, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति, अपील प्रकरणों की जानकारी, पुनरीक्षण, व्यपवर्तन, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार, नक्शा दुरूस्तीकरण, शासकीय भूमि का अतिक्रमण, भू-अर्जन प्रकरण, शासकीय भूमि का आबंटन, नए आबादी पट्टों का वितरण, वन अधिकार पत्रों, लोक सेवा गारंटी के कार्य की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरणों को अनिवार्य रूप से समयावधि में निराकृत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का समय पर निराकरण होने पर लोगों को संतोष मिलती है। इस हेतु सभी अधिकारी आम लोगों की सहूलियत का विशेष ध्यान रखें। जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में इस प्रकार की प्रणाली विकसित करें जिससे प्रकरणों की जानकारी पारदर्शिता के साथ हितग्राहियों को मिले और प्रकरण शीघ्र निराकृत हों। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार को नियमित रूप से अपने अधिनस्थ पटवारी आरआई की बैठक लेकर कार्य प्रगति की समीक्षा करने की बात कही। साथ ही जिले में हो रहे विकासात्मक कार्यो, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा स्कूलों का सतत् निगरानी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में वन अधिकार पत्र के आवेदनों की जानकारी लेते हुए सभी एसडीओ फारेस्ट एवं रेंजर को राजस्व अमलों के साथ फील्ड में जाकर भौतिक सत्यापन करने एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही निरस्त हुए आवेदनों का भी पुनः जांच करवाकर ग्राम सभा से अनुमोदन कराकर अनुभाग स्तर में भेजने के निर्देश दिए। जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सके।

## चन्द्रगढ़ी में गिरदावरी कार्य प्रारम्भ



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर के आदेशानुसार राजस्व अभिलेखों की शुद्धता समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं प्राइस सपोर्टिंग स्कीम के अंतर्गत अरहर, उड़द एवं मूंग उपार्जन, प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना इत्यादि का क्रियान्वयन गिरदावरी की शुद्धता पर निर्भर करता है । जिसके लिए प्रति वर्ष पटवारी अपने क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों की उपस्थित में गिदावरी का कार्य करते है । इसी क्रम मे ग्राम चन्द्रगढ़ी में गिरदावरी किया गया इस अवसर पर पटवारी नारायण बंजारे, कोटवार जोगेलाल, रोहित यादव, अमित सोनी, पुनाराम यादव, रामरतन यादव उत्तरा कुमार राजपूत सहित अन्य किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चाइल्ड लाइन ने किया साइबर क्राइम पर जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार, चाईल्ड लाईन इंडिया फ़ाउंडेशन के सहयोग से आस्था समिति द्वारा क्रियान्वित चाइल्ड लाइन 1098 परियोजना मुंगेली के द्वारा मानव तस्करी दिवस के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतली में 'प्रौद्योगिकी(तकनीकी) के उपयोग एवं दुरुपयोग' पर जन जागरुकता कार्यक्रम'आयोजित किया गया । कार्यक्रम में उमाशंकर कश्यप केंद्र समन्वयक चाइल्ड लाइन ने बताया गया कि साइबर क्राइम व सुरक्षा के संबंध, ऑनलाइन फ्रॉड, आधार कार्ड, बैंक, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, ओटीपी, सोशल मीडिया का उचित उपयोग, व्हाट्सएप, फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल, ब्लैकमेलिंग, पैसों की डिमांड करने जैसे साइबर अपराधों, कंप्यूटर अपराध के रूप में भी जाना जाता है, अवैध उद्देश्यों के लिए एक उपकरण के रूप में कंप्यूटर का उपयोग है, जैसेकि धोखाधड़ी, बाल पोर्नोग्राफ़ी, बौद्धिक संपदा की तस्करी, व्यक्तिगत जानकारी की चोरी या गोपनीयता, प्रौद्योगिकी के उपयोग एवं दुरुपयोग का महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया । बच्चों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के बारे में जानकारी दिया गया। निशा यादव काउंसलर ने बताया चाइल्ड लाइन 24 घंटा चलने वाली फोन एवं आउटरीच सेवा है, किसी बच्चे को आश्रय की जरूरत है कोई बच्चा को पीट रहा हो, गुमशुदा ,लापता, शोषित या बाल श्रम बाल विवाह हो रहा है तो चाइल्ड लाइन 1098 में फोन करके उन बच्चों को मदद कर सकते है ! लक्ष्मी नारायण सोनवानी टीम मेंबर द्वारा बच्चों के अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उमाशंकर कश्यप केंद्र समन्वयक चाइल्डलाइन, काउंसलर निशा यादव, टीम मेम्बर लक्ष्मी नारायण सोनवानी, संजय बघेल, सविता कार्के, प्रभा जागड़े, हितेश, नंदकिशोर, वालेंटियर प्रीति, शिक्षक एवं बच्चें उपस्थिति रही।

# जय हो टीम ने बगीचा के स्कूलों में जाकर छात्रों को किया जागरूक



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन जशपुर और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में किशोर स्वास्थ्य, ऑनलाइन सुरक्षा, जीवन कौशल और रोजगार हेतु सुरक्षित पलायन पर ध्यान देने के साथ ही किशोर सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति लाने के लिए जय हो कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इसी कड़ी में जय हो वॉलिंटियर द्वारा बगीचा विकासखण्ड में अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत् स्कूलों में जाकर छात्रों को जागरूक किया गया और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। साथ ही लोगों को एनीमिया मुक्त जशपुर बनाने और कोरोना टीकाकरण लगवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# अंतागढ़ में केयर काउंसलिंग का आयोजन



पायनियर संवाददाता < अन्तागढ़
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के आदेशानुसार जनपद पंचायत अंतागढ़ में शिक्षित बेरोजगारों के स्वरोजगार हेतु केयर काउंसलिंग का आयोजन किया गया , शिविर में जनपद पंचायत अंतागढ़ एवं अंतागढ़ से लगे हुए कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्रामों से 36 बच्चे शामिल हुए , जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन संस्था धमतरी के समन्वयक हरीश साहू एवं दीनदयाल उपाध्याय विकास कौशल योजना के समन्वयक तारे लाल पटेल भी उपस्थित रहे अंतागढ़ के अपर कलेक्टर चंद्रकान्त वर्मा एवं जनपद पंचायत अंतागढ़ के मुख्य कार्य अधिकारी पी आर साहू ने उपस्थित बच्चों को इस शिविर के आयोजन के उद्देश्य एवं पढ़ने लिखने के बाद बेरोजगार बैठे रहने के बजाय आय मुलक गतिविधियों को चयन कर रोजगार प्राप्त करने की समझाइश दी , उपस्थित कुल 194 बच्चों में से नर्सिंग कोर्स 8 बच्चों ने , इलेक्ट्रीशियन 38 बच्चों ने , हॉस्पिटिलिटी 40 बच्चों ने, ब्यूटी पार्लर 13 बच्चों ने, वेल्डिंग 12 बच्चों ने फोर व्हीलर ऑटो 11 बच्चों ने वार्ड बाय 15 बच्चों ने तथा 01 बच्चे ने प्लंबर का प्रशिक्षण प्राप्त करने की अभिरुचि दिखाते हुए सहमति दिया शिविर में विकास विस्तार अधिकारी डी आर मंडावी, डी एस पोया विकास विस्तार अधिकारी, संकाय सदस्य विरेंद्र सिंह ठाकुर सहित जनपद पंचायत अन्तागढ़ के कर्मचारियों ने उपस्थित बच्चों को मार्गदर्शन एवं व्यवस्था में सहयोग किया।

# भानुप्रतापपुर को जिला बनाने के समर्थन में कन्हारगांव और नारायणपुर के ग्रामीण पहुँचे

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर को जिला बनाने जिला संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन छठवें दिन भी लगातार जारी रहा। ज्ञात हो इसी मांग को लेकर जिला संघर्ष समिति के द्वारा 30 तारीख को चक्का जाम भी किया गया था। 30 तारीख से आज तक इसी मांग को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। भानुप्रतापपुर निवासी जब से छत्तीसगढ़ राज्य बनी है तब से आज तक भानुप्रतापपुर को जिला बनाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन आज तक कोई भी सरकार इस मांग को पूरा करने गंभीर नहीं दिखी। अब जिला संघर्ष समिति विवश हो हो गई है। जब तक भानुप्रतापपुर को जिला घोषित नहीं किया जाता तब तक विभिन्न चरणों के आंदोलन जारी रहेंगे। धरना प्रदर्शन में कन्हारगांव नारायणपुर पंचायत के ग्रामीणों द्वारा धरना स्थल पर आकर समर्थन देते हुए प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रुप से नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, अभय पांडे,चन्द्रमौलि मिश्र,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिंह चौहान,मुकेश चन्द्राकर, अरविंद जैन,हरेश चक्रधारी,बैधराज आहूजा, नरेंद्र शर्मा, मोहनलाल हरद्वानी,अनंत गोपाल कोठारी, नरेश जैन, विजय धामेचा, दीपक बोथरा, राकेश रामानी, लक्ष्मण मखीजा, दीपक गजेंद्र, तुषार ठाकुर, जीवन चंद जैन,नमन जैन, नवनीत निक्की ठाकुर,शेखर यदु,सहगु कांगे, हितेश तिवारी,जितेंद्र बेंजामिन, राजकुमार ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश गावडे,पार्षद मनीष योगी,पार्षद पंकज वाधवानी, पार्षद नरेंद्र कुलदीप, पार्षद मनीष साहू,जनपद अध्यक्ष बृज बत्ती मरकाम, उपाध्यक्ष सुनाराम देता, जितेंद्र जयसवाल, ज्वाला प्रसाद जैन, कपूर चंद जैन, मुकेश कोटडिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**मुस्लिम समाज भी समर्थन में आया-** भानुप्रतापपुर को जिला बनाने जिला संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में आज मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने समर्थन दिया। जिला की मांग को लेकर जिला संघर्ष समिति के द्वारा 12 वर्षों से लगातार आंदोलन चक्काजाम व धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

# लंबित प्रकरणों के निदान के लिए एसपी ने ली क्राइम मीटिंग, विशेष अभियान चलाने दिए आदेश

- त्योहारी सीजन के शुरुआत होने से सभी थानों को बाजार स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाने दिए निर्देश
- शहरी थानों को लगातार संध्या पेट्रोलिंग, रात्रि गश्त एवं कांबिंग गश्त हेतु दिए गए आदेश
- पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को थाना आए फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने दी हिदायत



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पेंडिंग अपराधो के निकाल एवं सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने 4 अगस्त 2022 को कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। क्राईम मीटिंग मे पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों के लंबित मामलो की समीक्षा कर अनावश्यक लंबित प्रकरणों के तत्काल निकाल करने आदेश दिया गया। जमीन संबंधी विवादों के आवेदन अनावश्यक लंबित ना रखने व त्वरित निराकरण के आदेश दिए गए। थाना प्रभारियों को लगातार प्रतिबंधक कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने ठगी एवं महिला संबंधी अपराधों के निराकरण हेतु राज्य से बाहर के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाने और लगातार टीम बाहर भेजकर आरोपियों को गिरफ्तार करने आदेश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा दूसरे राज्य से आरोपियों को गिरफ्तार कर लाने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

अपराधिक तत्वों पर निगाह रखने सभी थानों को प्रतिदिन संध्या पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त के रोस्टर बनाने आदेश दिए गए। त्योहारी सीजन के शुरुआत होने से सभी थाना क्षेत्रों में बाजार स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाने थाना प्रभारियों को आदेश दिए गए। साथ ही संबंधित राजपत्रित अधिकारियों को बाजार की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने निर्देश दिए गए।

सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को नियमित अंतराल में चलित थाना लगाने एवं चलित थाना हेतु रोस्टर बनाने आदेश दिए गए। थाना आए फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करने व थानों में बने बालमित्र कक्ष साफ सुथरा रखने समझाइश दी गई।

यातायात प्रभारी को भीड़भाड़ वाले इलाके एवं बाजार के दिन प्वाइंट ड्यूटी लगाने आदेश दिए गए। यातायात प्रभारी को तेजगति से वाहन चलाने वालो पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए, शराबी वाहन चालको के लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। प्रतिदिन नेशनल हाईवे पर बेतरतीब खड़े वाहनों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हिदायत दिया गया। क्राईम मीटिंग के दौरान एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन शोभराज अग्रवाल, एसडीओपी फरसगांव मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी मुख्यालय डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा एसडीओपी केशकाल भूपत धनेश्री, एसडीओपी कोंडागांव निमितेश सिंह, डीएसपी सतीश भार्गव एवं जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## गुलबापारा सड़क दुर्घटना का आरोपी बस चालक हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलबापारा चौक के समीप गुरुवार की दोपहर महिंद्रा बस की ठोकर से बाइकसवार डिप्टी रेंजर की मौत हो गयी थी। उक्त मामले में फरसगांव पुलिस ने फरार आरोपी बस को बस स्टैंड में रोक कर चालक के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। फरसगांव पुलिस ने आरोपी चालक को भा.द.वि की धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही केशकाल थाने में पृथक से अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

आपको बता दें कि गुरुवार की दोपहर रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही महिंद्रा बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0228 द्वारा तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक बस चलाते हुए ड्यूटी हेतु धनोरा जा रहे डिप्टी रेंजर के बाइक को ठोकर मार कर काफी दूर तक घसीट दिया था। घटना इतनी दर्दनाक थी कि बाइकसवार डिप्टी रेंजर की मौके पर ही मौत हो गयी थी। आरोपी बस चालक बाइक को ठोकर मार कर फरार होने की फिराक में था। लेकिन केशकाल पुलिस द्वारा फरसगांव थाना प्रभारी को सूचना देकर बस रोकने हेतु कहा गया था।




इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए फरसगांव थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने बताया कि केशकाल पुलिस से मिली सूचना के आधार पर हमने एक्सीडेंट करने वाली बस को बस स्टैंड में रोका। जहां बस चालक द्वारा पुलिस के साथ वाद विवाद करने पर उसे धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही भविष्य में भी शहरी क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## 41 वीं बटालियन आईटीबीपी का 'हर घर तिरंगा' का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतवर्ष आजादी के 75वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पूरे भारत देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर में देश के हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान की भावना को बढाने के लिये हर घर तिरंगा कार्यक्रम आईटीबीपी 41वी द्वारा भी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है। देश के प्रति कर्मनिष्ठा एवं राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देने के लिये 41वीं बटालियन आईटीबीपी 41 के विनोद कुमार सहायक कमाण्डेन्ट द्वारा कोण्डागॉव के सुदूर क्षेत्र हडेली एवं आस-पास के लोगों में देश का गौरव तिरंगा को सम्मान के साथ फहरानें के लिये दिनांक



04अगस्त 2022 को सर्व समाज के लोगो को प्रोत्साहित करने के लिये हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटीबीपी 41वी द्वारा किये गये इस उत्साहवर्धक कार्यक्रम से हडेली एवं उसके नजदीकी ग्रामीणो को तिरंगा के सम्मान के लिये अत्यधिक प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है।

## चोरी के तीन प्रकरण में 2 अपचारी बालक समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

थाना भानुप्रतापपुर के अंतर्गत चोरी के तीन प्रकरणों में पुलिस ने आरोपितों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जिनमें नाबालिक बालक भी शामिल हैं। इसके अलावा दो अन्य आरोपी समेत चोरी की संपत्ति खरीदने वाला एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी के लगभग सभी समान बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल, अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर प्रशांत कुमार पैकरा के पर्वेक्षण में पुलिस थाना भानुप्रतापपुर में अपराध क्रमांक 142/2022धारा 457,380 आईपीसी अपराध क्रमांक 146/2022 धारा 379 आईपीसी एवम् अपराध क्रमांक 147/2022 457,380 आईपीसी के आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार दिनांक आठ अप्रैल को भानुप्रतापपुर में स्थित एक मोबाइल दुकान में 30 हजार के सामान मोबाइल आदि चोरी करने वाले



तथा शासकीय कन्या मिडिल स्कूल भानुप्रतापपुर में दिनांक दो अगस्त को हुए 50 हजार रुपए के सामान लैपटॉप बर्तन आदि चोरी करने वाले एवं 22 जुलाई को भानबेड़ा के चारागाह में लोहे की राड की चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें 02 नाबालिक बालक निरुद्ध व 02 आरोपी तथा कबाड़ी का सामान खरीदने वाला 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि इसी प्रकरण में पूर्व में भी 02 आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। विवेचना दौरान आज तीनो प्रकरण के 05 आरोपी जिसमे 02 अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड एवं 03 आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## महिला से उसके जेठ ने की छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार



**भानुप्रतापपुर।** 3 अगस्त को प्रार्थीया ने भानुप्रतापपुर थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक दिन पूर्व 02 अगस्त को पीड़िता अपने खेत में नींदाई कर रही थी तभी इनका जेठ आकर हाथ बाह पकड़ कर छेड़खानी किया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी चमन लाल साहू पिता प्रेम लाल साहू उम्र 42 वर्ष जामपारा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## स्कूल में शिक्षक ने कर दी बच्चे की पिटाई, एसडीएम ने दिए कार्यवाही के निर्देश

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोहलापारा के प्राथमिक शाला में चल रही टेस्ट परीक्षा के दौरान एक शिक्षक के द्वारा 3री कक्षा के बच्चे के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इधर बच्चे की हालत खराब होने पर शुक्रवार की सुबह उसके परिजनों ने उपचार हेतु केशकाल अस्पताल पहुंचाया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने अस्पताल पहुंच कर बच्चे से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उक्त शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु खण्ड



शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डोहलापारा के प्राथमिक शाला में टेस्ट परीक्षाएं चल रही थी। इस दौरान कक्षा तीसरी के बालक धनंजय सिन्हा द्वारा लिखने में देरी करने पर शिक्षक भरतभूषण कश्यप ने बच्चे के पीठ पर दो-तीन थप्पड़ जड़ दिए। बच्चा जब घर पहुंचा तो उसके शांत स्वभाव एवं कमजोर शरीर को देख कर परिजनों ने बच्चे से पूछा तब उसने घर वालों को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। इस सम्बंध में एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने बताया कि शिक्षक द्वारा बच्चे के साथ मारपीट किये जाने की शिकायत मिली थी। फिलहाल केशकाल अस्पताल में बच्चे का उपचार जारी है। हमने खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि उक्त शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करें।

**शिक्षक ने बच्चे के परिजनों से मांगी माफी-** वहीं सहायक शिक्षक भरतभूषण कश्यप का कहना है कि टेस्ट परीक्षा के दौरान लिखने में ध्यान न देने के कारण मैंने बच्चे को सामान्य रूप से थप्पड़ लगाया था। मेरी मंशा उसे चोट पहुंचाने की नहीं थी। यदि मुझसे गलती हुई है तो मैं बच्चे व उसके परिजनों से क्षमा चाहता हूं।

## ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण कार्यशाला भविष्य के कर्णधारों के साथ एवं ऊर्जा दक्षता व ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बीजापुर।** क्रेडा विभाग बीजापुर द्वारा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धनोरा में ऊर्जा संरक्षण का कार्यशाला आयोजन 04 अगस्त 2022 को किया गया। जिसमें समस्त ऊर्जा के स्त्रोत, उत्पादन, क्रियान्वयन एवं ऊर्जा सरंक्षण की विस्तृत जानकारी के साथ घरेलू व दैनिक जीवन में ऊर्जा दक्षता उपकरण का उपयोग व ऊर्जा संरक्षण के बचाव व उसके उपाय पर चर्चा, पॉवर पाइंट व विडीयो के माध्यम से स्कूल छात्र-छात्राओं जागरुक किया गया। छात्र-छात्राएं सभी पहलुओ को समझते हुए अपने घर एवं आस-पास ऊर्जा संरक्षण करने की प्रतिज्ञा भी लिया गया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पॉलीटेक्निक कॉलेज की व्याख्याता कु. तानवी सोनकेशरी, क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी मनीष सिंह नेताम, ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम अधिकारी मनीराम साहू, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्य व समस्त शिक्षक/शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## समूहों की क्रेडिट लिंकेज को गति प्रदान करने बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला को हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित एनआरएलएम बिहान समूहों की बैंक द्वारा क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से ऋण स्वीकृति को गति प्रदान करने हेतु एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के एनआरपी एफआई सुधाकर सतपति एवं एएसपीएम दीपेश धाबलिया द्वारा जिले के सभी बैंकों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समूहों की गतिविधियों को बढ़ाकर उन्हें दी जाने वाले ऋण की उपलब्धता को आसान कर उन्हें समूहों




के लिए सुगम बनाने हेतु बैंक अधिकारियों को समूहों के साथ सहायोग एवं समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है। इसके लिए बैंकों में ऋण हेतु आये समूहों को सहीं मार्गदर्शन करने हेतु सभी को सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिले की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार समूहों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उनके सफल संचालन एवं वित्तपोषण के द्वारा उन्हें उपर उठाने में बैंकों का अहम योगदान होता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि बैंकों द्वारा समूहों को सहयोग प्रदान कर सरलता से क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाये। जिससे ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को उंचाईयों तक पहुंचाया जा सके। इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को बिहान समूहों हेतु ऋण प्रदाय योजना, बैंक लिंकेज ऋण भुगतान, ऋण संरचना, नगद भुगतान में बीसी सखियों की भूमिका, बैंक ऋण हेतु समूहों के सहयोग, इसकी आवश्यकता एवं आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें व्यवहार प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी गई।

## घरेलु गैस से घर में लगी आग

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 06 सलीहापारा निवासी मुकेश शांडिल्य के घर में घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिससे तेज लपटें उठने लगी। यह देख कर घर में मौजूद सभी सदस्य बाहर निकल गए तथा मोहल्ले के लोगों ने भी सावधानी बरतते हुए उस घर से दूरी बना ली। पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके तक पहुंचने के लिए निकली जरूर, परंतु सकरी गली होने के कारण घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई। सिलेंडर से उठ रही लपटें इतनी तेज थीं, कि किसी की भी पास जाने की हिम्मत नहीं हो रही थी, तब नगर पंचायत के दो संविदा कर्मियों मनोज जैन और भूपत ठाकुर ने बहादुरी दिखाते हुए सिलेंडर में लगी आग को पानी डालकर बुझाया। आग के पूरी तरह बुझ जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गनीमत यह रही, कि कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

## लाइफ सेवयर्स फाउंडेशन ने बचाई गाय व बछड़े की जान



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

बुधवार को लाइफ सेवियर फाउंडेशन को सूचना मिली की भानुप्रतापपुर में पोखन गैरेज के सामने एक गाय काफी समय से प्रसव की स्थिति मैं बैठी है। प्रसव में हो रही देरी के कारण गाय एवं अजन्मे बछड़े दोनों की जान खतरे में थी। इस जानकारी मिलने के तुरंत बाद फाउंडेशन के डॉक्टर मुकेश बघेल एवं फाउंडेशन के अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। गाय की स्थिति को देखते हुए फाउंडेशन ने भानूप्रतापपुर पशु चिकित्सालय के मुख्य डॉक्टर केवल एवं पशु चिकित्सालय के कंपाउंडर मिश्रा को जल्द से जल्द बुलाया जिसके पश्चात बड़ी मशक्कत के बाद बच्चे की सुरक्षित डिलीवरी करवाने मे सफल हुए। गाय एवं बछड़ा दोनों सुरक्षित मालिक को सौप दिया गया है। जिसमें फाउंडेशन के गौरव शर्मा,अनुराग शर्मा,राहुल गुप्ता,प्रेम शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे!

## मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए 4 अर्हता तिथियां निर्धारित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 जनवरी 2023 की स्थिति में मतदाता सूची का वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक चलाया जावेगा। आयोग द्वारा मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए आम जनों की सुविधा हेतु 04 अर्हता तिथियों के संदर्भ में निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा उक्त हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में आवश्यक संशोधन किए गए हैं।

आयोग द्वारा किये गये संशोधनों में मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए नागरिकों की पात्रता हेतु अर्हता तिथि 01 जनवरी के स्थान पर 4 अर्हता तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार ऐसे आवेदक जो 01 जनवरी के पश्चात् की अर्हता तिथियों अर्थात् 01 अप्रैल, 01




जुलाई और 01 अक्टूबर के संदर्भ में पंजीकरण के लिए पात्र हो रहे हैं, वे भी अपने दावे प्रारूप-6 में अग्रिम रूप से जमा कर सकेंगे।

अन्य शब्दों में 17.वर्ष के युवा अब मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें किसी वर्ष की 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्वाक्षेपित मानदण्ड की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2023 के परिप्रेक्ष्य में उक्त अवधि के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्रारूप-06, विलोपन हेतु प्रारूप-07 तथा नाम, पता, जन्म तिथि संशोधन एवं मतदान केन्द्र परिवर्तन करने हेतु प्रारूप-08 भरकर संबंधित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ./अभिहित अधिकारी के पास जमा कर सकते है। ये सभी फार्म बी.एल.ओ./अभिहित अधिकारी के पास उपलब्ध है, जिन्हें अपने निवास क्षेत्र के मतदान केन्द्र में नियुक्त बी.एल.ओ./अभिहित अधिकारी से कार्यालयीन दिवस-समय में निःशुल्क प्राप्त कर आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु बी.एल.ओ. तथा अभिहित अधिकारी कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10.30 से सायं 5.30 बजे तक प्रत्येक मतदान केन्द्र में पुनरीक्षण अवधि में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त ऑनलाईन माध्यम से भी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल में ऑनलाईन पंजीकरण, संशोधन व नाम विलोपन हेतु फार्म भरने की सुविधा के अतिरिक्त अन्य सेवाएं भी उपलब्ध करायी गई है।

## कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

**किरन्दुल।** बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर शुक्रवार को किरन्दुल में प्रातः 10 बजे बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के समीप श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर महेंद्र कर्मा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसके पश्चात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरंदुल द्वारा महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी व केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ए के सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी, तपन दास, विप्लव मल्लिक, सरपंच मीना मण्डावी विपुल रॉय, पार्षद गण, एल्डरमैन युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## देशव्यापी घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

**भानुप्रतापपुर ।** भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशव्यापी घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान के तहत विधानसभा प्रभारी छत्रप्रताप दुग्गा के मुख्य अतिथ्य, मंडल अध्यक्ष बुधनू राम पटेल के अध्यक्षता व सहप्रभारी देवेन्द्र टेकाम के विशेष आतिथ्य में बैठक आयोजित किया गया।बैठक में मंडल महामंत्री ज्वालाप्रसाद जैन,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरीता जोशी,मंडल उपाध्यक्ष हेम सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित थे।बैठक का संचालन जिला युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राजीव श्रीवास ने किया और आभार व्यक्त युवामोर्चा मंडल महामंत्री जागेश्वर नरेटी ने किया। बैठक में मुख्य रुप से पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, पूर्व युवा मोर्चा जिला महामंत्री किरण नरेटी,प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रजिंदर रंधावा, मंडल महामंत्री डिकेश खापर्डे ,मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन,पूर्व जनपद अध्यक्ष रामबाई गोटा, युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष साकेत नशीने,महिला मोर्चा महामंत्री द्वय संगीता टाँडिया, शकुन्तला यादव, जिला किसान मोर्चा मंत्री गेंदकुमार हिड़को,जनपद सदस्य जीवराखन सलाम, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू ,पार्षद मिलन साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता मीलू दास महंत, मंडल मंत्री महर सिंह उसेण्डी, मानु राम परचापी, सुखी राम दर्रो, मंडल उपाध्यक्ष देवबती गावड़े,महिला मोर्चा मंत्री उर्मिला जसूजा, सीता चन्द्राकर, पूर्व एल्डरमेन मंदा सावले ,मंडल मंत्री अनीश मिश्रा, रवि ठाकुर, युवा मोर्चा कार्यकर्ता राजेन्द्र ध्रुव, नरेन्द्र कडियाम, शुभम गुप्ता, भोज जैन, सौरभ सचदेवा, टोमेश जैन, अभय कुमार आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



# कामता में फैक्ट्री के लिए जनसुनवाई का ग्रामीणों ने किया विरोध, मारपीट

पायनियर संवाददाता ✓ सिमगा
www.dailypioneer.com

कामता में फैक्ट्री के लिए जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने किया विरोध। बाहरी लोगों द्वारा फैक्ट्री को समर्थन देनें संबंधी बात पर हुए मारपीट का मामला थाना पहुंचा। सिमगा तहसील के ग्राम कामता (घुघवाडीह) में स्थापित होने वाले जीओएस इस्पात प्रा.लि.कंपनी के स्थापित होने वाले संयंत्र के लिए आज प्रशासन द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें कामता झिरिया नवागांव मुसवा के हजारों किसान अपनी बात रखने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे। यहां यह बताना आवश्यक है कि उक्त संयंत्र का विरोध ग्रामीण शुरु से ही कर रहे हैं। ग्रामीणों एवं सर्वदलीय मंच द्वारा उक्त जनसुनवाई का विरोध करते हुए उसे स्थगित करने मांग किया था तथा इस हेतु महापंचायत में मीटिंग का आयोजन करने के लिए शासन प्रशासन से अनुमति चाही गई थी किंतु शासन प्रशासन ने कोरोना गाईडलाइन का मानक मानते हुए अनुमति प्रदान नहीं की थी। किंतु संयंत्र के स्थापना के लिए आज जनसुनवाई किया गया। इस दौरान



प्रशासन द्वारा हजारों की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। ग्रामीणों को बारी बारी अपनी बात कहने का अवसर प्रदान किया गया। जहां ग्रामीणों ने फैक्ट्री का जोर-शोर से विरोध करते हुए फैक्ट्री नहीं लगाने की बात कही। ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने भी संयंत्र का भरपूर विरोध करते हुए स्थापना नहीं करने जोरदार अपील करते हुए कहा कि मैं आप सभी के साथ हूं तथा हर स्तर पर सड़क से लेकर विधानसभा तक आपकी लड़ाई को लड़ता रहूंगा। किंतु आप अपने बीच में दलालों को स्थान ना दें। विधायक शर्मा ने कहा कि कामता झिरीया सिंचित क्षेत्र है फैक्ट्री के चलते पर्यावरण प्रदुषण होगा। यहां के किसान व ग्रामीण किसी भी सूरत में फैक्ट्री नहीं चाहते। वहीं छाया विधायक सुनील माहेश्वरी ने कहा कि जनसुनवाई का फैसला चाहे पक्ष में हो चाहे विपक्ष में हो शांतिपूर्वक ढंग से जनसुनवाई को सुनने दिया जाए। कुछ लोग गुमराह करके गांव के अंदर दहशत का माहौल बनाना चाहते हैं। आज उसी का परिणाम है कि ग्राम पंचायत का सरपंच भी जनसुनवाई में नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा लिखित में कहा गया है कि समीप के धार्मिक स्थल चितावर देव में किसी प्रकार से प्रदूषण नहीं होगा। अपशिष्ट पदार्थ या पानी चितावर नाला में नहीं छोड़ा जाएगा। प्लांट का कचरा प्लांट में ही रिसाइकलींग किया जाएगा। उन्होंने उद्योग के बारे में कहा कि जनसुनवाई का जो भी परिणाम हो लेकिन यदि प्लांट लगा तो कामता सहित क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा।

जनसुनवाई में सिमगा के कुछ पार्षद व बाहरी लोग संयंत्र के समर्थन में सामने आए तथा ग्रामीणों के ऊपर दबाव बनाने लगे दोनों के मध्य कुछ विवाद हो गया सिमगा नगर से आए पार्षद एवं उनके समर्थकों ने तीन ग्रामीण महिलाओं के साथ बत्तमीजी शुरु कर दी जिससे माहौल गरमा गया और मारपीट हो गया। जिससे आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में थाना पहुंच कर तीनो के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। जिस पर एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल व थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी ने जांच पश्चात कार्यवाही का आश्वासन दिया तब लोग शांत हुए। ग्रामीणों का कहना है कि बाहर से आए हुए जनप्रतिनिधि जिनका ग्राम के नागरिकों से तथा ग्रामीण व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है तथा यहां की परिस्थितियों को जानते समझते नहीं हैं वे फैक्ट्री का समर्थन कर रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां पर होने वाले प्रदूषण से पूरी कृषि कार्य प्रभावित हो जाएगा। जमीन बिकने से जमीन मालिक मजदूर बन जाएंगे। तथा नौकरी के लिए दर दर की ठोकर खाएंगे। सिमगा परीक्षेत्र में विशालकाय अंतरराष्ट्रीय स्तर के संयंत्र स्थापित होने जा रहे हैं। जहां जमीन बेचने के बाद लोगों को ना तो रोजगार मिला है ना ही मुआवजे की राशि। अभी भी ग्रामीण बेरोजगार भटक रहे हैं और विभिन्न कार्यालयों के एवं न्यायालयों के चक्कर में फंसे हुए हैं। सरकार किसी की भी हो सिर्फ उद्योगपतियों की सुनती है और पूरा प्रशासन उद्योगपतियों का साथ देता है सरकार यदि क्षेत्र में संयंत्र स्थापित करना चाहती है तो सभी गांव की संपूर्ण जमीन को स्वयं अधिग्रहण करें तथा खाताधारकों के सदस्यों को संयंत्रों में स्थाई नौकरी प्रदान करें ।

## सुरक्षित गर्भपात के लिए दी गई नए नियमों की जानकारी, कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



गर्भ के चिकित्सकीय समापन अधिनियम (मेडिकल टमीर्नेशन प्रेग्नेंसी एक्ट -एम टी पी) 1971 में हुए संशोधनों के संबंध में शासकीय एवं निजी अस्पतालों के प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के स्थानीय सभा कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण आई पास डेवेलपमेंट फाउंडेशन के स्टेट डायरेक्टर कमल सराडकर एवं सीनियर ऑफिसर सुजीत कुमार सिंह ने दिया। गर्भपात के संबंध में उक्त अधिनियम में हुए बदलावों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण कताओं ने बताया कि, पुराने अधिनियम में 20 सप्ताह तक के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति थी जिसे अब 24 सप्ताह तक कर दिया गया है। वर्तमान में 12 सप्ताह तक के भ्रूण का गर्भपात प्रशिक्षित चिकित्सक कर सकते हैं जबकि 20 सप्ताह तक के लिए एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और 20 से 24 सप्ताह तक के लिए दो स्त्री रोग विशेषज्ञ के परामर्श की आवश्यकता होती है।

नए नियम में सबसे विशेष बात यह है कि कोई भी वयस्क महिला चाहे वह विवाहित हो अथवा अविवाहित गर्भपात का निर्णय स्वयं ले सकती है अर्थात गर्भपात हेतु केवल महिला की सहमति ही पर्याप्त है। अवयस्क होने की स्थिति में इसके लिए पालक की अनुमति तथा पुलिस को पूर्व से सूचना देना आवश्यक है। कुछ विशेष स्थितियां हैं जिसके तहत महिला को 24 हफ्ते तक के गर्भ के गर्भपात की अनुमति मिलती है। जैसे -लैंगिक शोषण या बलात्कार, अवयस्क की स्थिति में, गर्भावस्था के दौरान वैवाहिक स्थिति में बदलाव जैसे तलाक़ या विधवा हो जाना,दिव्यांग होना, मानसिक स्थिति ठीक न होना,भ्रूण में किसी प्रकार की विकृति होना, गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की बड़ी मानवीय या प्राकृतिक समस्या जिसे सरकार आपदा घोषित कर देवें।

नए संशोधन के तहत अब पूर्व में दवाओं द्वारा किए जाने वाले गर्भपात की जो समय सीमा 7 हफ्ते हुआ करती थी अब उसे 9 हफ्ते कर दिया गया है इसके साथ ही क्योंकि गर्भपात हेतु उपयोग की जाने वाली दवाएं शेड्यूल एच के तहत आती हैं ऐसे में प्रशिक्षित चिकित्सक के प्रिसक्रिप्शन के बिना इसे बेचा भी नहीं जा सकता।

वर्तमान में जिले में प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा सुरक्षित गर्भपात की सुविधा जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र- लवन, कसडोल, बिलाईगढ़,पलारी, सुहेला, भाटापारा एवं सिमगा में उपलब्ध है।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर ने उपस्थित निजी चिकित्सकों को गर्भ के चिकित्सकीय समापन कार्य हेत अपना पंजीयन कर उसे ई- कल्याणी पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला नोडल अधिकारी डॉ शशि जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार हर्षलता जायसवाल, जिला डाटा प्रबंधक वीरेंद्र बघेल एवं बायोमेडिकल इंजीनियर दीपक चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

## धरना देने श्रीजन सोनी के नेतृत्व में शहर के सैकड़ों युवा दिल्ली पहुंचे



पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 5 अगस्त को होने वाले संसद घेराव एवं युवा कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन हेतु जंतर मंतर देश की राजधानी दिल्ली में तिल्दा नेवरा के युवा नेता विधायक प्रतिनिधि श्रीजन सोनी के नेतृत्व में शहर के सैकड़ों युवा दिल्ली पहुंचे। केंद्र की मोदी सरकार जिस प्रकार से महंगाई और टैक्स में बढ़ोतरी करती जा रही है इसका विरोध करना बहुत ही जरूरी है युवाओं के साथ जिस प्रकार मोदी सरकार ने छ्ल किया है साल में करोड़ों रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार अब अपना वादा निभाने से मुकर रही है जिसके लिए तिल्दा क्षेत्र के युवा भी अपनी आवाज केंद्र की मोदी सरकार को दिल्ली तक सुनाने पहुंच चुके हैं । सृजन सोनी के साथ तिल्दा नेवरा यूथ कांग्रेस के दुर्लभ,हर्ष यादव, रोशन बाबी, सुरेश वर्मा, दीपक मिश्रा, आनंद, राजेश, विनय, सूरज एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली में उपस्थित रहे।

## बेलसोंडा रायपुर से बरगढ़ नई रेल लाइन निर्माण के लिए रेलमंत्री को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

रायपुर से बरगढ़ के बीच नई रेल लाइन निर्माण हेतु अन्ततः रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन देने में सफलता मिल गई । इस हेतु पिछले 2 वर्षो से लगातार प्रयास किया जा रहा था किंतु कोरोना काल व राजनैतिक अस्थिरता के चलते रेलमंत्री से मिलना संभव नही हो पा रहा था ।महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू के नेतृत्व व सरायपाली के पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल के साथ समिति के सदस्यों द्वारा नईदिल्ली स्थित रेलभवन में रेलमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया । रेलमंत्री श्री वैष्णव ने ज्ञापन को गम्भीरता से लेते हुवे पुनः सर्वे कराए जाने की बात भी कही । इस संबंध में रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति के समन्वयक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि उक्त रेल लाइन निर्माण के लिए क्षेत्र की जनता विगत



1962 से संघर्षरत है । 2012 में सर्वे भी किया गया था । किंतु विभिन्न कारणों से यह योजना अधर में लटक गई। रेल सुविधा की गंभीरता व आवश्यकता को देखते हुए सरायपाली, सोहेला व बरगढ़ के सक्रिय व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुनः इसे आगे बढाते हुवे 2 वर्ष पूर्व रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति का गठन कर इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया । इस दौरान विभिन्न बैठकों का आयोजन कर इसे जन आंदोलन का रूप देने का प्रयास प्रारंभ भी किया गया ।इस नई रेल लाइन निर्माण को महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू , क्षेत्रीय विधायको में किश्मत लाल नंद (सरायपाली), देवेंद्र बहादुर सिंह (बसना), द्वारिकाधीश यादव (खल्लारी) पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, व ओडिसा के देवेश आचार्य ( बरगढ़), शुशांत सिंह,(भटली - सोहेला),व जयनारायण मिश्रा (संबलपुर ) के साथ ही अनेक सामाजिक , राजनैतिक संगठनों , बरग? रेल उपभोक्ता संघ व विभिन्न संघ संगठनों द्वारा समिति को अपना लिखित समर्थन पत्र दिया गया। इस तरह लगभग 150 संघो का समर्थन इस समिति को मिल चुका है । इस संबंध में सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि रेल लाइन संघर्ष समिति द्वारा किये जा रहे प्रयास प्रसंशनीय है तथा वे भी इस रेल लाईन निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत थे । इस संबंध में उनके द्वारा ज्ञापन भी अश्विनी वैष्णव को विगत दिनों देते हुवे समिति के सदस्यों से मुलाकात किये जाने का समय भी मांगा गया था । जिसे स्वीकार करते हुवे 3 अगस्त को समय दिया गया । नियत तिथि को उनसे सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मुलाकात के दौरान सांसद साहू व समिति के सदस्यों ने विस्तार से जानकारी दी नई रेल लाइन हेतु बेलसोन्डा से पटेवा, तुमगांव, झलप पिथौरा, सांकरा, बसना, सरायपाली सोहेला होते हुवे बरगढ़ तक सुविधाजनक रेलवे लाइन निर्माण की जानकारी नक्शे के माध्यम से दी गई ।

## शासकीय होम्योपैथिक औषधालय अर्जुनी में हुआ वृक्षारोपण



**बलौदाबाजार।** शासन के वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शासकीय होम्योपैथिक औषधालय अर्जुनी में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय होम्योपैथिक औषधालय में पदस्थ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप कुमार राम ने बताया कि औषधालय में संचालित आयुष दीप उप समिति के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष एवं सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी प्रमोद जैन एवं समिति के अन्य सदस्य भूपेंद्र शमा,उमेश जैन एवं विभाकर जोशी उपस्थित थे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में 20 से भी अधिक पौधों का रोपण किया गया जिसमें अधिकतर औषधि गुण वाले पौधे जैसे पारिजात, अपराजिता, आंवला, भूमि आंवला, ब्राह्मी मंडूकपडी, सर्पगंधा, नींबू, नीम, हड़जोड़, विद्या, शतावरी इत्यादि है। इसके साथ ही अन्य पौधे जैसे कि कनेर, चंपा, शहतूत, नरगिस, गुलमोहर, पपीता इत्यादि पौधों को भी लगाया गया।

## तीस आंगनबाड़ियां पूर्णतः विद्युत सुविधाविहीन

### बच्चों के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी हो रहे परेशान

पायनियर संवाददाता ✓ कसडोल
www.dailypioneer.com

कसडोल विकासखंड के अंतर्गत आने वाली आंगनबाड़ियों में से 30 आंगनबाड़ियों में अभी तक विद्युत् की सुविधा नहीं है जिससे बच्चों के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी लगातार परेशान हैं। कसडोल सेक्टर के केंद्र क्र.2,4,6,13 तथा बम्हनी एवं मोहतरा, छरछेद सेक्टर के केंद्र क्र.1,3 तथा असनींद केंद्र क्र. 2, बैगनडबरी, हटौद केंद्र क्र.2, भवरीद एवं देवरीखुर्द, सर्वा सेक्टर के पिकरी केंद्र,हसुआ सेक्टर के केंद्र क्र.1 तथा 2 एवं बलोदा केंद्र क्र.5, खपरीडीह, कुम्हारी केंद्र क्र.1, टुंड्रा सेक्टर के खपराडीह, मोहतरा केंद्र क्र.2 तथा नवरंगपुर, गिरौदपुरी सेक्टर के रामपुर केंद्र क्र. 2,मड़वा केंद्र क्र. 1 तथा 2,मटिया केंद्र क्र. 1, तेंदूभाठा, एवं दर्रा केंद्र क्र.2, पूरी तरह से विद्युत सुविधा से वंचित हैं, कार्यकर्ताओं ने बताया की हम लगातार मांग करते रहते हैं फिर भी विभाग द्वारा कोई सुध नहीं ली जाती है, बच्चे गर्मी की वजह से केंद्र आने से हिचकते हैं।

> सम्बंधित ग्राम पंचायतों तथा विद्युत् विभाग से समन्वय करके विद्युत् सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है,शीघ्र ही स्थिति में सुधार होगा ।
> **-राजेश क्षीरसागर**
> (बाल विकास परियोजना अधिकारी कसडोल)

## छत्तीसगढ़ सूखे की चपेट में, सरकार कुम्भकर्णी नींद में : संदीप शर्मा

**रायपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य में अवर्षा, अल्पवर्षा की स्थिति पर सरकारी ब्यौरे को गलत बताते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सूखे की चपेट में है और राज्य सरकार कुम्भकर्णी नींद में सो रही है। किसान मोर्चा प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि राज्य के सरगुजा संभाग की 8 नहीं, बल्कि 20-22 तहसील सूखे की चपेट में हैं। बेमेतरा जिले के नवागढ़, बेरला क्षेत्र सूखे की चपेट में हैं। महासमुंद, खल्लारी अवर्षा का दंश झेल रहे हैं। बलौदाबाजार के पास 80- 90 गांव अवर्षा से बुरी तरह प्रभावित हैं। भूपेश बघेल सरकार की मेहरबानी से किसानों के बोर बंद हैं। किसानों को बिजली देने जो अलग लाइन अटल ज्योति बनाई गई है, उसके ट्रांसफार्मरों का हाल बेहाल है। भाजपा किसान मोर्चा प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार परिवार बचाओ आंदोलन में लगी है। ईडी ईडी चिल्लाने वाली भूपेश सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। यह सरकार किसान विरोधी है और पूरी तरह निकम्मी सरकार है।

## 2 सप्ताह में होगा जवाहर नवोदय विद्यालय का नवीन भवन में स्थानांतरण : रजत बंसल

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने लवन नगर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय एवं तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले वर्तमान में संचालित हो रहे जवाहर नवोदय विद्यालय में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने निर्माणधीन जवाहर नवोदय विद्यालय में पहुँचकर कार्यो की स्थिति की को देखा। उपस्थित अधिकारियों को वर्तमान में पुराने स्कूल में संचालित हो रहे जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थानांतरण नवीन भवन में 2 हप्ते में करने के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। उक्त भवन में अभी बिजली संबंधित ही कार्य बचें है जिसे विद्युत विभाग के





अधिकारियों को निर्देशित किए है। इसके साथ ही उन्होंने तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी जताते हुए एसडीएम बलौदाबाजार एवं एडीएम को व्यवस्था दूरस्त करने के निर्देश दिए है। उक्त मौके पर निर्माधीन नवीन तहसील कार्यालय के निर्माण में धीमी प्रगति को देखकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होने 3 महीने के भीतर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग एल.आर कच्छप सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

### कृषि अधिकारियों को कार्यवाही के लिए शिकायत का इंतजार

# निजी खाद दुकानों में आरईओ की तैनाती बेअसर

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com










बिना लाइसेंस और ऊंचे दाम में खाद की बिक्री को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित करने के बाद एक बार फिर कृषि उपसंचालक ने निजी दुकानों में आरईओ की तैनाती कर दिया है इससे 11 घंटा के खाद कारोबार में एक दो घंटा तक किसी प्रकार हेर फेर सुनने को नहीं मिलता। लेकिन तैनात आरईओ के हटने के तत्काल बाद से ऊंचे दाम में खाद यूरिया पोटाश बेचने का खेल शुरू हो जाता है । शायद यही वजह है कि ऐसे किसानों के बीच लूट मचाने वाले कारोबारियों और बिना लाइसेंस के खाद बेचने वाले छूट, दुकानदार पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग किया जा रहा है ताकि शत प्रतिशत किसानों को खाद की ऊंची दाम से सहूलियत मिल पाए। निजी दुकानदार किसानों से लूट खसोट को अंजाम दे रहे है । किसानों का कहना है कि खाद की किल्लत के दौरान निजी दुकानदार 1350 रुपए की खाद बोरी को 1800 रुपए तक में खफा चुके हैं ऐसे में अब यूरिया पर भी मालामाल होने की मंशा रखे। कारोबारी सीधा डबल दाम में बेच रहे हैं । मतलब 266 रुपए की खाद को 550 से लेकर 600 रुपए में खफा रहे हैं जिसे पायनियर ने प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया। बकायदा किस-किस कारोबारी द्वारा कितने दाम में बेचने को लेकर खुलासा किया रहा, इसके बाद मामला पर संज्ञान लेकर कृषि उपसंचालक संदीप भोई ने खाद कारोबारियों पर लगाम लगाने खाद दुकानों मे आरईओ की तैनाती किया है हालांकि अब भी ऊंचे दाम में खाद यूरिया बेचने का खेल समाप्त नहीं हो पाया है जिसका कारण अधिकारियों लिखित शिकयत नहीं मिलने को माना जाता है। जबकि लगभग सभी कृषि अधिकारी किस-किस खाद दुकान से कितने रुपए और कितने किसानों को बेचने की पूरी कुंडली रखे होने के बाद भी शिकायत का इंतजार कर रहे हैं।

**खाद क्वालिटी निरीक्षक की पदस्थापना की मांग** - सबसे खास बात तो यह है कि हर प्रकार की यूरिया खाद पोटाश की सैंपल लेकर लैब भेजा जाता है ताकि अमानक स्तर के खाद पर रोक लगाया जा सके लेकिन मूलतः खाद क्वालिटी निरीक्षक की पदस्थापना देवभोग पर नहीं होने के चलते यह जांच प्रक्रिया अक्सर ठंडे बस्ते में होती है इस बीच अक्सर कारोबारी उड़ीसा के अमानक खाद को भी किसानों के बीच खफाने की पूरी संभावना जताते हैं ।

> **मौके का उठाते हैं फायदा**
> किसानों की माने जिला मुख्यालय के दुरुस्त अंचल में बसा देवभोग पर अधिकांश यूरिया खाद पोटाश कि किल्लत होती है मतलब समिति और डबल लॉक में यूरिया खाद की अभाव के इंतजार में होते हैं और जैसे ही यूरिया की किल्लत हुई तब अपने मनमर्जी अनुसार बेचना शुरू कर देते हैं और उस वक्त कृषि अधिकारियों की तैनाती हटा दिया जाता है ताकि किसानों के बीच हाहाकार की स्थिति निर्मित ना हो पाए इसलिए भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा ऐसे ऊंचे दाम में बेचने वाले कारोबारियों खुली छूट देने की बात कही जाती है।

## उत्कृष्ट विवेचना से हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मृतक की पत्नी से एकतरफा प्यार और उसे पाने को चक्कर में हत्या कर लाश को पत्थर बांध कर तालाब में फेंक दिया जिसकी सघन विवेचना कर पुलिस कातिल को सजा दिलाने में कामयाबी हासिल की। 27अप्रैल 2020 को ग्राम टांडापारा बिलाईगढ़ स्थित तालाब से मृतक महेश्वर भास्कर पिता धन्नालाल उम्र 25 वर्ष की लाश मिली थी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे तथा उसके गले एवं पैर में पत्थर बंधा हुआ था। प्रकरण में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बिलाईगढ़ में अपराध क्र. धारा 302,201 भादवि एवं धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान तत्कालिन थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण प्रकरण की गहन छानबीन कर एवं मौके पर मिले सबूतों का संग्रहण कर इस अंधे कत्ल के मामले का खुलासा करने में जुड़ गए। प्रकरण में आरोपी संजय भास्कर पिता जालिम सिंह भास्कर उम्र 20 साल निवासी ग्राम टांडापारा को पकड़ा गया। आरोपी द्वारा मृतक की प ी से एक तरफा प्रेम एवं उसे पाने की चाहत में मृतक महेश्वर भास्कर की तलवार से वार कर हत्या कर, लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसके पैर एवं गले में पत्थर बांधकर लाश को तालाब में फेंक दिया गया था। संपूर्ण प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी बिलाईगढ़ निरीक्षक राजेश साहू द्वारा उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्य करते हुए, आरोपी संजय भास्कर को गिरफ्तार कर तथा प्रकरण में सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार द्वारा आरोपी संजय भास्कर को हत्या करने का दोषी पाया जाकर धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं 500 अर्थदंड, धारा 201 भादवि के तहत 02 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 500 अर्थदंड एवं धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

## विद्युत उपकेंद्र खिलोरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र, उपभोक्ताओं एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए



विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग बेमेतरा के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र खिलोरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़ाकर 05 एम.व्ही.ए. किया गया। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया। बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता उमेश ठाकुर ने बताया कि उपकेंद्र के पॉवर ट्रांसफार्मर में क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र खिलोरा के 07 गांवों के लगभग 3200 किसाानों एवं उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों और पंपों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि से ग्राम खिलोरा, राजकुड़ी, तेलाइकुड़ा, मोहलाई, डंगनिया, संडी एवं भनपुरी के उपभोक्ता एवं किसान लाभान्वित होंगे।

## जिला स्तरीय स्वीप कोर समिति का गठन

**बेमेतरा।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरुकता लाने, निर्वाचन प्रि या में सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरुकता के विभिन्न कार्य मों के बेहतर कियान्वयन एवं पर्यवेक्षक हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी जितेन्द्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी का गठन किया गया है। समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समन्वयक होंगे एवं समिति सदस्यों में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला स्तरीय स्वीप नोडल अधिकरी, उप संचालक समाज कल्याण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा, प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, उप संचालक जनसंपर्क विभाग, सोशल मीडिया प्रभारी (जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकरी), जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, ईएलसी नोडल अधिकारी (जिला स्तरीय), रामलाल साहू जिला अध्यक्ष जिला निःशक्त जन संघ बेमेतरा एवं दिलहरण प्रसाद तिवारी योगाचार्य शामिल है।

## विपत्तिग्रस्त परिवारों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 16 लाख रू. की आर्थिक सहायता राशि मंजूर

**बेमेतरा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा 04 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 4-4 लाख रुपये की मान से 16 लाख रुपेय की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील नवागढ़ के ग्राम तोरा निवासी भगवंतीन निषाद की आग मे जलने से मृत्यु होने पर परिजन राधे निषाद को 4 लाख रुपये, तहसील बेमेतरा के ग्राम मऊ निवासी प्रिति यादव की आग में जलने से मृत्यु होने पर परिजन रुखमणी को 4 लाख रुपये, तहसील थानखम्हरिया निवासी गणेश यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन नंदनी यादव को 4 लाख रुपये एवं थानखम्हरिया निवासी शेरा देवार के सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन बुंदिया देवार को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

## मारवाड़ी महिला समिति शिवरीनारायण ने मनाया सावन महोत्सव

**शिवरीनारायण।** नगर के खरौद मार्ग स्थित विश्व गीता पैलेस में नगर की मारवाड़ी अग्रवाल समाज की महिलाओ युवतियों सावन महोत्सव का आयोजन



किया सभी आकर्षक साज सज्जा में सम्मिलित हुए डीजे की धुन में नाचते गाते हुए आनंद उठाया साथ ही सावन झूले में जमकर झूले का आनंद लिया झूले को आकर्षक फूलो से सजाया गया था कार्यक्रम में मुख्य रूप से डांस,गायन,सावन क्वीन, गेम्स, फूड स्टॉल व्यवस्था की गई थी समिति के अध्यक्ष शांति शर्मा ने सावन महोत्सव की बधाई देते हुए बताया ही समाज की महिलाओ युवतियों ने एक मंच में आकर सावन महोत्सव का खूब आनंद उठाया इस प्रकार आयोजन होता रहेगा धूमधाम से कार्यक्रम संपन्न हुआ कोषाध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने बताया की सावन महोत्सव को लेकर आवश्यक तैयारी की गई थी समाज के सभी बहू बेटी सभी बढ़ चढ़कर शामिल हुए और खूब आनंद लिए कार्यक्रम सानन्द संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष निशा अग्रवाल ने बताया सावन महोत्सव में हमारे समाज द्वारा सामूहिक आयोजन किया गया जिसमे सभी ने खूब आनंद उठाया नृत्य ,गायन,सावन झूला का सभी ने आनंद लिया।स तृप्ति शर्मा ने बताया की यह अवसर एक साथ एक मंच में आकर सावन महोत्सव को खूब आनंद के साथ मनाने का है।

## कलेक्टर ने सी-मार्ट से खरीदा तिरंगा झण्डा

**बेमेतरा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर



जिले के हर घर में तिरंगा झण्डा लगाने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने इस अभियान में पूरे जिलेवासियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश देने के लिए शुक्रवार को सी-मार्ट बेमेतरा में महिला स्वसहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल में पहुंचकर तिरंगा खरीदा। इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित सभी लोगों को अनिवार्य रूप से तिरंगा खरीदकर हमर तिरंगा अभियान में सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकरी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा एवं सी-मार्ट के संचालनकर्ता उपस्थित थे।

## अध्यक्ष अमीन मेमन के मुंगेली आगमन पर स्वागत



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम मुंगेली आगमन पर रेस्ट हाउस में इमरान खोखर अभीलाष सिह जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, राजेश छैदेईया युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# कलेक्टर पहुंचे बगीचा, एसडीएम व तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस बगीचा के एसडीएम और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए जिससे आम जनता को सही समय पर इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, रिकार्ड दुरुस्ती आदि राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा समय-सीमा से बाहर के राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होने कार्यालय के कर्मचारियों से उनके दायित्वों एवं कार्यो की जानकारी देते हुए सभी अधिकारी कर्मचारी को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही। साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारी को अपनी-अपनी शाखा के सभी रिकॉर्ड अद्यतन और व्यवस्थित रखने के लिए कहा। साथ ही कार्यालय के दायरा पंजी, राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण, चालू प्रकरण, निराकृत प्रकरण, अर्थदण्ड सम्बन्धी फाईलो एवं नस्तियों मार्डन रूम का निरीक्षण कर रिकॉर्ड के बेहतर संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम बगीचा विजय प्रताप खेस, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस विकासखंड बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने समयावधि में केंद्र में उपस्थित रहकर आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थिति पंजी, ओपीडी, एक्सरे कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष सहित पूरे केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर ने केंद्र में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए केन्द्र में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जेनेरिक दवाईयां ही मरीजों के लिए लिखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने सन्ना के शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण करते हुए सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधीक्षक से छात्रावास में दर्ज बच्चों की संख्या व रिक्त सीटों की जानकारी लेकर आस-पास के बच्चों को छात्रावास में प्रवेश दिलाने की बात कही। कलेक्टर ने छात्रावास के सभी बच्चों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं भोजन की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम बगीचा विजय प्रताप सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**राजपुरी जलप्रपाते कृष्णाकुंज का निरीक्षण**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस नगर पंचायत बगीचा के राजपुरी जलप्रपात, निर्माणाधीन वाटर फिल्टर प्लांट एवं कृष्णकुंज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम विजयप्रताप, जनपद सीईओ बिनोद सिंह सीएमओ निलेश केरकेट्टा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजपुरी जल प्रपात का अवलोकन करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## जिले में अबतक 5 लाख 46 हजार आयुष्मान कार्ड तैयार लाखों को 50 हजार से 5 लाख तक मिलेगा कैशलेस इलाज



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 01 अगस्त से 15 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले में 01 अगस्त से आपके द्वार आयुष्मान अभियान का तृतीय चरण की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में मनोरा विकासखंड में खण्ड स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया और 35 हजार 1 सौ 66 हितग्राहियों का कार्ड बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले में 5 लाख 46 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने जन सामान्य से अपने नजदीकी चॉइस सेंटर, शिविर स्थल या पंजीकृत चिकित्सालय में जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड से 50 हजार तक का मुफ्त उपचार भर्ती मरीजों को प्राप्त होता है आवश्यकता होने पर मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से 20 लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार प्राप्त किया जा सकता है। इस हेतु अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 104 या 14555 पर संपर्क किया जा सकता है।

**कलेक्टर ने किया प्रचार रथ रवाना**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित आपके द्वार आयुष्मान के तहत आयुष्मान कार्ड के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर ने सभी जिले वासियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर सीएमएचओ रंजीत टोप्पो, डीपीएम स्मृति एक्का, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान कार्ड शिशिर परमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारिया प्रारंभ मूर्ति निर्माण में जुटे कारीगर

पायनियर संवाददाता ‹ देवकर
www.dailypioneer.com

देश के प्रमुख त्यौहार गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव, दिपावली को भले ही कुछ माह शेष है। लेकिन इसकी तैयारियों में मूर्तिकार अभी से जुट गए है. माटी के इन कलाकारों ने मिट्टी में जान फूंकना शुरू कर दिया है. जिसके चलते मूर्तियां धीरे धीरे आकार ले रही है. इनमें घरेलू पूजा के लिए बनाई जाने वाली छोटी मूर्तियों के साथ सार्वजनिक पंडालों की भव्य मूर्तियों का भी समावेश है।

**मूर्तियों का नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में डिमांड**

इस वर्ष गणेशोत्सव 31 अगस्त को, दुर्गोत्सव 26 सितंबर और दीपावली 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी. इन अवसरों पर गणेश, दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती जैसे कई देवी-देवताओं की मूर्तियों को पूजने की परंपरा है. इन सभी त्योहारों पर लाखों परिवार और सामुहिक मंडल पूजा के लिए इन मूर्तियों को खरीदते हैं. इसलिए नगर का मूर्तिकार अभी से माटी को आकार देने तथा मूरत की साज-सज्जा करने में जी-जान से जुट गया है।

**कोरोलाकाल में खस्ता हुई हालत**

कोरोना काल सभी व्यापारी वर्ग के लिए काफी कठिन गुजरा है. जिससे मूर्तिकार वर्ग भी अछूता नहीं है। उनकी हालत भी काफी खस्ता रही. एक समय था जब करीब 1 लाख के करीब मूर्तिकार तथा कारीगरों की रोजी-रोटी इस व्यापार पर निर्भर थी. लेकिन कोरोना काल के मारे अब यह संख्या लगभग आधी हो गई है. इन विकट परिस्थितियों से मूर्तियों की खरीदारी भी काफी कम हुई। जिससे मूर्तिकार वर्ग को काफी दिक्क तों से गुजरना पड़ा।

**सरकारी गाइडलाइन में विलंब से परेशानी**

हर वर्ष सरकार मूर्तियों के आकार और मूर्ति मटेरियल को लेकर नई गाइडलाइन जारी करती हैं। लेकिन इस वर्ष इन्हें अब तक जारी नहीं किया गया है। गत कुछ वर्षों पूर्व सरकार ने सभी मूर्तिकारों को निर्माण कार्यों में पीओपी के इस्तेमाल से परहेज करने और मिट्टी का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए थे।

## भारतीय मजदूर संघ ने सांसद मंडावी के नेतृत्व में मंत्री सिंधिया से मुलाकात की

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय मजदूर संघ जिला बालोद का एक प्रतिनिधिमंडल जिला मंत्री मुश्ताक अहमद के साथ कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी के नेतृत्व में ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय इस्पात मंत्री भारत सरकार से उद्योग भवन दिल्ली में सौजन्य भेंट कर भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों में कार्यरत नियमित कर्मियों की समस्याओं पर 09 सूत्रीय ज्ञापन एवं उनके निराकरण हेतु समुचित पहल करने का निवेदन किया। सांसद मोहन मंडावी ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दे पर अपना पक्ष रखा और राजहरा में पैलेट प्लांट जल्द से जल्द शुरु करवाने तथा इसमें स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने की भी मांग की है। मोहन मंडावी ने रावघाट से निकलने वाले लौह अयस्क की प्रोसेसिंग राजहरा में ही हो। इसके लिए इस्पात मंत्रालय आवश्यक समझे तो एक नये प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की अनुमति प्रदान करें। जिससे उजड़ते हुए राजहरा शहर को फिर से बसाया जा सके। सांसद मोहन मंडावी ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को बस्तर और राजहरा नगर आने का आमंत्रण दिया जिसे केन्द्रीय इस्पात मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया और जल्द ही आने की बात कही। भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री मुश्ताक अहमद और भारतीय मजदूर संघ सम्बद्ध खदान मजदूर भिलाई के अध्यक्ष एम पी सिंग ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री के समक्ष भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों में कार्यरत नियमित कर्मियों की समस्याओं का संक्षिप्त विवरण रखा। सेल के उत्थान में कर्मियों के कड़े मेहनत को किसी भी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अनेक विषम परिस्थितियों में भी कर्मियों ने उत्पादन और उत्पादकता को बराबर बनाये रखते हुए सेल को वैश्विक स्टील मार्किट में अपनी पहचान और प्रभुत्व बनाये रखने में अमूल्य योगदान दिया। कोरोना महामारी के समय भी विषम परिस्थितियों में भी कर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी और सेल के लाभ को यथावत बनाये रखा। किन्तु आज जब वेतन समझौते का समय आया तब सेल प्रबंधन एवं कुछ श्रम संगठनों के पुराने नेताओं ने मिलीभगत करके कर्मियों के साथ छल किया।

## रोहिना में धूमधाम से मनाया गया नागपंचमी पर्व



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम रोहिना में विगत कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए नागपंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। रोहिना में वर्षो से मनाया जाने वाला नागपंचमी का पर्व जहां क्षेत्रवासियों के लिए कौतूहल का विषय है तो वहीं विज्ञान के लिए चुनौती बना हुआ है। नाग मतवाले बीच चौक में एकत्रित होकर नाग नागिन एवं अपने गुरु की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके पूर्व ग्राम देवता का पूजा अर्चना कर उनका आव्हान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नागमत वालों को गुरु से मिली शिक्षा को व्यवहारिक रूप से प्रयोग करने का अवसर प्राप्त होता है। नवसीखिए नागमत वालों के लिए यह एक तरह से दीक्षान्त समारोह होता है। जब मांदर की थाप पर नाग नागिन के गीत सामूहिक स्वर में गाया जाता है तो नागदेव को आह्वान करने वालों के शरीर पर हलचल होने लगता है। गीत के सम्मोहन शक्ति का ऐसा असर होता है कि वे कुछ समय के लिए अवचेतन अवस्था में चले जाते हैं और सांप की तरह जमीन पर लोटने लगते हैं। कुछ समय पश्चात सिखाये गए नागमत वालों द्वारा मंत्रोच्चार से जमीन पर लेटे हुए व्यक्ति को उठाकर जगाया जाता है। बताया जाता है कि जब उसके कानों पर लय बद्ध तरीके से मंत्रोच्चारण की फूंक मारी जाती है तो वह जाग जाता है।

## कलेक्टर ने मनोरा, सन्ना तहसील का किया आकस्मिक निरीक्षण तहसीलदारों को प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस विकासखंड मनोरा एवं बगीचा के सन्ना तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने तहसील कार्यालय के लंबित प्रकरणों बटांकन, सीमाकंन, नामांतरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, आय-जाति, निवास प्रमाण-पत्र, भू-अर्जन के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। उन्होंने कहा कि समय पर प्रकरणों के निराकरण होने से लोगो को राहत मिलती है। इस हेतु लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र जांच पूर्ण कराकर जल्द से जल्द निराकृत करने की बात कही साथ ही सभी प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन कार्य भी गंभीरता से करने एवं रिकार्ड संधारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने तहसील कार्यालय सन्ना में पेशी की सुनवाई के लिए आए ग्रामीणों से प्रकरणों की जानकारी लेकर उन्हें समय पर राहत दिलाने के लिए कहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर चिन्हारी अंतर्गत पात्र/अपात्र की सूची जारी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दारा गठित समिति द्वारा अनुसंशित, राजस्व विभाग, नगर पालिक निगम दुर्ग, टैक्स संग्रहण एजेंसी (स्पैरो तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ( प्र.म.आ.यो.) के एमआईएस पोर्टल / सीएलएसएस डेटा से मिलान पश्चात पात्र / अपात्र की सूची आपत्ति दावा हेतु जारी की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति , संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में लिखित रूप से आपत्ति दावा किया जा सकता है। प्रकाशन अवधि के 7 दिवस के उपरान्त किसी भी प्रकार का आपत्ति दावा अमान्य होगा।

## छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार ने महंगाई बढ़ाई: अनुराग सिंह देव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्त ा अनुराग सिंह देव ने कांग्रेस के राजभवन घेराव के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने राज्य में बेतहाशा महंगाई बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस की कुनीतियों के कारण राज्य की जनता महंगाई की मार झेल रही है। कांग्रेस बताये कि उसने राज्य में महंगाई नियंत्रित करने क्या उपाय किये हैं? कांग्रेस ने महंगाई को नियंत्रित करने अपने स्तर पर कोई उपाय नहीं किया, तब वह किस बात पर महंगाई के नाम पर राजभवन का घेराव कर रही है? प्रदेश भाजपा प्रवक्त ा अनुराग सिंह देव ने कहा कि जब केंद्र सरकार ने पेट्रोल डीजल के दाम में भारी कटौती की और देश के कई राज्यों ने सात से आठ रुपए प्रति लीटर की राहत जनता को दी, तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 78 पैसे की राहत देने की दरियादिली दिखाई। राज्य में जनता को राहत देने के लिए भूपेश बघेल का यह सबसे बड़ा उल्लेखनीय योगदान है। राज्य में रेत के खेल में जनता को किस तरह लूटा जा रहा है, यह किसी से छुपा नहीं है। बिजली बिल हाफ करने का ढिंढोरा पीटने वालों ने दो बार बिजली के दाम बढ़ा दिए। उपकर के औजार से जमीन की खरीदी बिक्री महंगी कर दी।

C.I.N.- U40108CT2003SGC015820
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय कार्यपालन यंत्री 400के.व्ही.उपकेन्द्र संभाग खेदामारा भिलाई

क्र0 10-74/416 भिलाई, दिनांक 04/08/2022

//निविदा आमंत्रण सूचना//
*जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु*

कार्यपालन यंत्री (400के0व्ही0 उपकेन्द्र संभाग) संभाग, भिलाई के कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित 1 नग जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध **(अधिकतम दो वर्ष)** हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं ।

| क्र0 | कार्य का विवरण | आवश्यक संख्या | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन यंत्री (400के0व्ही0 उपकेन्द्र संभाग),भिलाई के कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित 1 नग जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (अधिकतम दो वर्ष) हेतु | 01 नग | दिनांक 23/08 /2022 समय 17:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है । S-33442/1
कार्यपालन यंत्री 400के0व्ही0 उपकेन्द्र संभाग
छ0ग0स्टे0पा0ट्रा0कं0लि0भिलाई
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाऐं ।

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी/अंतागढ़ एवं बांदे में संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली/औद्योगिक/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन नीलाम तिथि 08.08.2002 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम भवन दिनांक 08.08.2022 समय: 09:00 बजे से |

:- अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

| अ.क्र. | प्रजाति | पुराने काष्ठ की मात्रा: काष्ठ घ.मी. | बल्ली | योग: काष्ठ घ.मी. | बल्ली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सागौन | 32 | 2656 | 32 | 2656 |
| 2 | साल | 346 | 117 | 346 | 117 |
| 3 | बीजा | 71 | 70 | 71 | 70 |
| 4 | साजा | 118 | 240 | 118 | 240 |
| 6 | हल्दु/मुंडी | 47 | | 47 | |
| 7 | सलिहा/मोदे | 17 | 17 | 17 | 17 |
| 9 | धावड़ा | 141 | 36 | 141 | 36 |
| 11 | तेन्दु | 6 | | 6 | |
| 12 | अन्य | 169 | | 169 | |
| | योग:- | 947 | 3136 | 947 | 3136 |

नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक/व्यापारिक बांस :-

| क्र. | वनमंडल | बांसागार भानुप्रतापपुर | बंडल | नो.टन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्व भानुप्रतापपुर | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना बांस) | 2910 | 42.000 | काष्ठ नीलाम के पश्चात औद्योगिक बांस/व्यापारिक बांस/बांसों का नीलाम भानुप्रतापपुर नीलाम हॉल में किया जावेगा। |
| | | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना बांस) | 52900 | 160.892 | |
| | | बांसागार अंतागढ़ | नग | नो. टन | |
| 2 | | व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (नया बांस) | 42600 | 132.230 | |
| | | औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना बांस) | 17015 | 192.630 | |
| | | बांसागार बांदे | | | |
| 3 | पश्चिम भानुप्रतापपुर | औद्योगिक बांसागार बांदे (पुराना बांस) | 33258 | 477.852 | |

दूरभाष क्रमांक-पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)
1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रूपये इनमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कलेण्डर वर्ष 2022 का पंजीयन आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस.टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र ई.एम.डी. फार्म में जमा करना अनिवार्य है।
3. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस/जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर की छायाप्रति एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा।
4. [illegible]
5. [illegible]
6. [illegible]

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर
G-93554/7

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुई जिपं सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नाग पंचमी के पावन अवसर पर विकास खण्ड लोरमी के ग्राम झझपुरी खुर्द (नवापारा) में एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यातिथि द्वारा भगवान शिव के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर सुख, शांति, खुशहाली और किसानों की अच्छी फसल होने की कामना की। इस दौरान समिति द्वारा जिला पंचायत सदस्य साहू की माल्यापर्ण एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। जिपं सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं की शक्ति से ही राष्ट्र की निर्माण होती है और खेल में हमारे राष्ट्र का नाम युवाओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कबड्डी भारत का प्राचीन खेल है। 1936 में बर्लिन में आयोजित ओलंपिक प्रतियोगिता में कबड्डी को विश्व स्तर में पहचान मिली। राष्ट्रीय खेलों में कबड्डी को शामिल करने के साथ भारत में कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए सन 1950 में अखिल भारतीय कबड्डी फेडरेशन का गठन किया गया। वर्तमान में भारत में कबड्डी प्री लीग का भी आयोजन होने से युवा अधिक से अधिक संख्या में कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। कबड्डी एक परंपरागत खेल है जिसे खेलने के लिए किसी उपकरण की आवश्यकता नहीं होती , कुछ लोग मिलकर अपनी शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए खेल को खेल सकते हैं। उन्होंने उपविजेता टीम के खिलाड़ी निराश ना हो कर कठिन परिश्रम कर आगामी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने के लिए लक्ष्य बनाने की बात कही। इस अवसर पर समिति के संयोजक दीपेश जायसवाल सहित ग्रामीणजन व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# डेटा विधेयक वापस बनेगा नया कानून

**भारी** विरोध के चलते केन्द्र ने अंततः पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 वापस कर लिया है। संसद की संयुक्त समिति में व्यापक चर्चा के बाद केन्द्र द्वारा पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 की वापसी एक सही कदम है। इसमें 81 संशोधनों का प्रस्ताव किया गया था, जबकि डिजिटल परिस्थितिकी में समग्र कानूनी ढांचे के लिए एक दर्जन संस्तुतियां की गई थीं। संयुक्त संसदीय समिति-जेसीपी रिपोर्ट पर विचार करने के बाद सरकार ने कहा कि वह समग्र विधिक ढांचे पर काम कर रही है। इसलिए उसने समग्र विधिक ढांचे के लिए नया कानून लाने का प्रस्ताव किया। वापस लिए विधेयक ने बड़े तकनीकी तथा सिविल सोसाइटी समूहों को परेशान किया था। फेसबुक, ट्विटर, गूगल, आदि इस विधेयक के प्राविधानों के प्रति असहज थे। इससे उनके तथा सरकार के बीच कुछ नाराजी पैदा हुई थी। कुछ समय के लिए इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर भी पड़ा था। 2019 के विधेयक को व्यक्तिगत स्वतंत्रता व निजता के उल्लंघन के आधार पर आलोचना का शिकार होना पड़ा था। वास्तव में विधेयक बनाने वाली समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी.एन. श्रीकृष्ण संसद में पेश प्रारूप के अत्यधिक आलोचक थे। उन्होंने दिसंबर, 2019 में कहा था कि इसमें केन्द्र को कुछ या सभी प्राविधानों से बाहर रखा गया था। उन्होंने कहा था कि यह विधेयक 'खतरनाक' था जो भारत को 'आर्वेल राज्य' में बदल सकता था। उनकी आपत्ति थी कि सरकार ने सुरक्षा उपाय हटा दिए थे जिनका अर्थ था कि सरकार कभी संप्रभुता या सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर व्यक्गित डेटा तक पहुंच बना सकती थी।

यह उल्लेख करना जरूरी है कि पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 अच्छे इरादों से लाया गया था। इसके पीछे विचार पर्सनल डेटा के संबंध में व्यक्तियह्यों की निजता को संरक्षण देना तथा पर्सनल डेटा का प्रवाह व प्रयोग परिभाषित करना था। इससे व्यक्तियों तथा पर्सनल डेटा का प्रसंस्करण करने वाले लोगों के बीच विश्वास का संबंध विकसित होता, पर्सनल डेटा प्रसंस्करण वाले लोगों के अधिकारों को सुरक्षा मिलती तथा डेटा प्रसंस्करण का संगठनात्मक व तकनीकी ढांचा तैयार होता। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया मध्यस्थों के लिए मानक, सीमापार हस्तांतरण, पर्सनल डेटा प्रसंस्करण करने वाले उद्यमों की जवाबदेही, अनाधिकृत व हानिकारक प्रसंस्करण के उपचार तथा भारत में डेटा संरक्षण अधिकरण की स्थापना थी। यह किसी भावी इतिहासकार या न्यायशास्त्र विशेषज्ञ की दिलचस्पी का विषय हो सकता है क विधायन तैयार करने वाले मुख्य व्यक्ति के लिए यह 'आर्वेलियन' कैसे हो गया। हालांकि, यह देख कर खुशी होती है कि सरकार ने समय रहते विधेयक की आलोचना पर ध्यान दिया और अहंकारी या स्वयं को सही ठहराने वाला दृष्टिकोण अपनाने के बजाय विधेयक को वापस ले लिया। सरकार को यह सलाह देना उचित होगा कि इसी भावना पर चलते हुए वह न केवल विपक्षी पार्टियों, बल्कि इंटरनेट स्वतंत्रता समूहों, नागरिक स्वतंत्रता एक्टिविस्टों, जनमत निर्धारित करने वालों, बड़ी तकनीकी कंपनियों, आदि से विचार विमर्श कर पर्सनल डेटा संरक्षण कानून बनाए। बिना कोई जल्दबाजी दिखाए डेटा संरक्षण कानून से जुड़े सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श से यह कानून जीवन्त बनाया जा सकता है। व्यापक विचार विमर्श व सहमति से बनने वाले ऐसे नए कानून से निश्चित रूप से डेटा संरक्षण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# अमृत काल में प्रशासनिक सुधार जरूरी

## सरकार को फौरन प्रशासनिक सुधार लागू करने की शुरुआत करनी चाहिए क्योंकि 45 प्रशासनिक सुधार समितियों की रिपोर्टें धूल खा रही हैं।

**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, तेलंगाना मुख्यमंत्री के पीआरओ हैं)



स्वतंत्रता के पश्चात केन्द्र की अनेक सरकारों ने प्रशासनिक सुधारों के लिए 45 से अधिक आयोगों व समितियों का गठन किया है। इनमें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार तथा वर्तमान समय में कार्यरत भाजपा सरकार तथा थोड़े समय के लिए आने वाली अन्य सरकारें भी शामिल हैं। दुर्भाग्य से इनकी अधिकांश संस्तुतियां केवल कागजों पर ही बनी रहीं जो आज संदर्भ के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। सिविल सोसाइटी में नीतिगत मामलों पर 'वाचडाग' की अनुपस्थिति के कारण केन्द्र सरकारों ने कोई फालोअप कार्रवाई नहीं की, प्रशासन लापरवाह बना रहा तथा उसने प्रशासनिक सुधार आयोगों की रिपोर्टों की अनदेखी की।

वर्तमान समय में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का आयोजन 'आजादी का अमृत महोत्सव' के नाम से मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन में जवाबदेही व बेहतर पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासनिक सुधार की लाभदायक संस्तुतियों की समीक्षा कर उनको लागू करना उचित होगा। इस दिशा में एक उल्लेखनीय व गंभीर प्रयास 24 मई, 1997 को मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में किया गया था। इसका नतीजा केन्द्र व राज्यों के स्तर पर प्रभावी सरकारों के लिए 9 बिंदुओं वाली कार्ययोजना के प्रारूप पर समग्र चर्चा के रूप में सामने आया था। हालांकि, इन चर्चाओं की अध्यक्षता करने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री आई.के. गुजराल केवल एक साल पद पर रहे। इस सम्मेलन ने स्वीकार किया था कि देश ने स्वतंत्रता के पचास साल पूरे कर लिए हैं, लेकिन जनता के मन में प्रशासन की जवाबदेही, प्रभावशीलता तथा नैतिक मानकों के प्रति संदेह गहराते जा रहे हैं। इस बात पर सहमति प्रकट की गई थी कि तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि जनता में सरकार की विश्वसनीयता बहाल करने के लिए प्रशासन को जनता के प्रति न्यायोचित, निष्ठावान व जवाबदेह बनाने के प्रयास किए जाएं। सम्मेलन में सहमति बनी थी कि हर राज्य योजना के क्रियान्वयन पर काम करेगा, हालांकि स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए उपयुक्त छूट की व्यवस्था भी थी। मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन ने तय किया था कि केन्द्र व राज्य सरकारों को एकसाथ आ कर जवाबदेही, पारदर्शिता व नागरिक-हितैषी सरकार की कार्ययोजना को मजबूत बनाने का काम करना चाहिए।

कार्ययोजना के 9 बिंदुओं में नागरिक चार्टर व जवाबदेह प्रशासन, प्रभाव व गतिशील सार्वजनिक शिकायत समाधान व्यवस्था, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्वाचित स्थानीय स्वशासी संस्थाओं को मजबूत करना, सेवायें प्रदान करने का विकेन्द्रीकरण तथा कानूनों, विनियमों व प्रक्रियाओं की समीक्षा शामिल थे। इनमें पारदर्शिता व सूचना का अधिकार, सरकारी कार्यालयों में जनता की सूचनाओं तक पहुंच व सुविधा देने वाले काउंटरों का गठन, सरकारी कर्मचारियों के लिए नैतिकता के मापदंड, भ्रष्टाचार से निपटना व प्रशासन को स्वच्छ करना तथा कार्यकाल की स्थिरता व सिविल सर्विस बोर्ड गठन की योजनायें भी शामिल थीं।

सम्मेलन ने कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का सुझाव दिया जिसमें देश के कुछ प्रमुख सचिव तथा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते। समिति को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विधिक व नियामक सुधारों के लिए समयबद्ध एजेंडा तैयार करना था। इसके साथ ही उसे उन कदमों पर विचार करना था जिनसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों की व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित हो तथा जवाबदेह प्रशासन के लिए जनता से फीडबैक प्राप्त किया जाए। इसके बाद तत्कालीन राजग सरकार ने नवंबर, 2001 में प्रशासनिक सुधार व सार्वजनिक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव को अध्यक्ष बना कर एक कोर समूह गठित किया था। इस समूह को केन्द्र व राज्य सरकारों के स्तर पर उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधारों की स्थिति जांचने, सरकार में प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा करने तथा केन्द्र व राज्य सरकारों में सुशासन को बढ़ाने के सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई। इस कोर समूह ने एक उप-समिति गठित करने का निर्णय किया जिसका उद्देश्य राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया को समेकित कर उसका विश्लेषण व मूल्यांकन करना था। यह लेखक भी इस उप-समूह का एक सदस्य था। प्राथमिक अध्ययन के बाद इस उप-समूह ने नतीजा निकाला कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों व केन्द्रशासित क्षेत्रों के प्रशासन ने मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की संस्तुतियों के क्रियान्वयन में कदम उठाए हैं। शुरुआत में इस मामले में काफी प्रगति हुई तथा अधिकांश राज्यों ने कार्ययोजना के क्रियान्वयन में तत्परता दिखाई। नागरिक चार्टर बनाए गए तथा सार्वजनिक सुविधा केन्द्रों की स्थापना हुई। लेकिन कोर समूह व उप-समूह को लगता था कि मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति अभी बहुत संतोषजनक नहीं है।

हालांकि, अटल बिहारी वाजपेयी नीत राजग सरकार ने सूचना स्वतंत्रता विधेयक पास किया, लेकिन केन्द्र व राज्य नियम-विनियम निर्धारित करने में विफल रहे जिसके कारण कानून का क्रियान्वयन नहीं हुआ। जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार का गठन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हुआ, तभी सूचना अधिकार कानून-आरटीआई पास हुआ तथा उसे लागू किया गया। लेकिन इसके बाद इसके क्रियान्वयन की प्रभावशीलता कमजोर होने लगी जो निश्चित रूप से उम्मीद के अनुसार नहीं था। हालांकि, इसके बावजूद आरटीआई कानून बना रहा। इसके बाद सभी जानते हैं कि राज्यों व केन्द्र स्तर पर इसका कैसा क्रियान्वयन हुआ। हर राज्य व इस दृष्टिकोण से केन्द्र सरकार की प्रशासनिक सुधार की अपनी समझ थी। इसके साथ ही देश की स्वतंत्रता के पचास साल पूरे हाने पर मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में बनी कार्ययोजना हाशिए पर चली गई।

अब हम स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल में भारत के राष्ट्रपति ने 31 अगस्त, 2005 को दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग-एआरसी का गठन किया। इसे कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोईली की अध्यक्षता में सार्वजनिक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार का विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करना था। आयोग को ऐसे उपाय सुझाने को कहा गया था जिनसे देश में सरकार के सभी स्तरों पर सक्रिय, जवाबदेह, संवेदनशील, टिकाऊ व सक्षम प्रशासन का लक्ष्य प्राप्त हो सके। आयोग से आशा थी कि वह भारत सरकार के सांगठनिक ढांचे, प्रशासन की नैतिकता, कार्मिक प्रशासन में सुधार, वित्तीय प्रबंधन व्यवस्थाओं में मजबूती, राज्य स्तर पर प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के कदम, जिला प्रशासन को प्रभावी बनाना सुनिश्चित करने के कदम, स्थानीय स्वशासी सरकारों व पंचायती राज व्यवस्थाओं तथा सामाजिक पूंजी, विश्वास व सरकारी सेवाओं में सहभागिता पर विचार करे। इसके साथ ही आयोग को नागरिक-केन्द्रित प्रशासन, ई-गवर्नेंस को प्रोत्साहित करने, संघीय नीति के मुद्दों तथा आपदा प्रबंधन व सार्वजनिक व्यवस्था के मुद्दों पर भी विचार करना था।

आयोग ने जून, 2006 से अपनी विस्तृत 15 रिपोर्टें पेश की। ये रिपोर्टें सूचना अधिकार-सुशासन की मुख्य कुंजी, मानव पूंजी मुक्त करना-अधिकार एवं प्रशासन-एक केस स्टडी, आपदा प्रबंधन, प्रशासन में नैतिकता, सार्वजनिक व्यवस्था, स्थानीय स्वशासन, टकराव प्रबंधन हेतु क्षमता निर्माण, न्याय की सुरक्षा से आतंकवाद से मुकाबला, सामाजिक पूंजी-एक साझा भविष्य, कार्मिक प्रबंधन में सुधार-नई ऊंचाइयां, ई-गवर्नेंस प्रोत्साहन का स्मार्ट तरीका, नागरिक केन्द्रित प्रशासन, भारत सरकार का सांगठनिक ढांचा, वित्तीय प्रबंधन व्यवस्थाओं को मजबूत करना तथा राज्य व जिला प्रशासन पर हैं। लेकिन इन रिपोर्टों की संस्तुतियों पर विचार व उनका क्रियान्वयन अभी शुरू नहीं हुआ है। शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले आठ साल में इस क्षेत्र पर विचार नहीं किया है। हालांकि, सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह पहले की प्रशासनिक सुधार रिपोर्टों पर विचार कर उचित समझने पर उनकी संस्तुतियों का क्रियान्वयन कर सकती है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक सेंटर फॉर रिसोर्स मैनेजमेंट एंड एनवायरनमेंट के अध्यक्ष हैं)

विडंबना है कि आजकल व्यवस्था का पतन नीति निर्माताओं और न्यायपालिका का ध्यान उतनी गहनता से आकर्षित नहीं कर पा रहा है जैसे करना चाहिए। पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों के सहयोगियों के आवासों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी में 40 करोड़ रुपये से अधिक नकद, आभूषण व दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पहले जून 2022 में, पंजाब के मंत्री विजय सिंगला को उनके सहयोगियों के साथ पैसे की मांग के लिए मंत्री बनने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। जून के महीने में पंजाब के एक और आईएएस अधिकारी संजय पोपली को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कुछ महीने पहले मई 2022 में झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल, एक आईएएस अधिकारी और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के आवास पर छापेमारी की गई थी और प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने 19 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी की थी। कुछ महीने पहले महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को अप्रैल 2022 में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस निरीक्षक सचिन वाजे और मंत्री के निजी सचिव और सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप था कि मंत्री ने वाजे को हर महीने 200 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था।

सीबीआई द्वारा 2017 में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को ईडी ने 4.8 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया था। ओडिशा कैडर के एक भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी अभय कांत पटनायक को नवंबर 2020 में चार्टर्ड उड़ानों में यात्रा करने के लिए 3 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उनके बेटे के बैंक खाते में एक बड़ी धनराशि प्राप्त हुई।

पिछले 15 वर्षों से उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा आयोग एक तरफ भर्ती घोटालों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है और दूसरी तरफ युवा जनशक्ति को श्रमशक्ति प्रबंधन के लिए की जाने वाली आउटसोर्सिंग गतिविधियों के घोटालों में फंसा दिया जाता है। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में पिछली गैर-भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक लोक सेवा आयोग प्रमुख की योग्यता ही संदिग्ध पाई गई, जिसने खुलेआम प्रांतीय सेवाओं में अधिकारियों की भर्ती में एक बड़ा घोटाला किया था। हालांकि, अनेक मामलों




में कार्रवाई की गई है, लेकिन यह भ्रष्टाचार की व्यापक समस्या को देखते हुए नाकाफी है। ऐसा लगता है कोई भी अनेक प्रदेश सरकारों में मंत्रियों की इस तरह की गिरफ्तारी और उनके द्वारा संस्थानों को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबा कर नष्ट करने को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मेरे द्वारा इन मामलों के वर्णन करने का मकसद देश की मूल अंतरात्मा को अहसास दिलाना है कि हमारे देश में खासकर राज्यों में शासन व्यवस्था सड़ने लगी है। व्यवस्था का ह्रास कानून-निर्माताओं व न्यायपालिका का ध्यान उस हद तक आकर्षित नहीं कर रहा है जितना कि शासन के इन संस्थानों को करना चाहिए। इस तरह की खबरें आजकल बहुत आम हो गई हैं और लगता है लोगों ने इसे न्यू नॉर्मल मान लिया है। विडंबना है कि इससे समाज में भ्रष्टाचार के प्रति व्याप्त संवेदनशीलता भी प्रभावित होती है। यदि हम मौजूदा परिदृश्य को ध्यान में रखें, तो ऐसा लगता है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं सच्चाई व जवाबदेही को स्वीकारने की ईमानदारी की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देती हैं। यह अंततः वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास को मिटा देगा और इतिहास उदाहरणों से भरा है कि जो समाज गलतियों से नहीं सीखते हैं वे तानाशाही ताकतों को उभरने का मौका देते हैं या बिखर जाते हैं।

श्रीलंका इस बात का ताजा उदाहरण है कि कैसे 40 वर्षों में विभाजनकारी राजनीति और भ्रष्टाचार ने देश को बर्बाद कर दिया। संक्षेप में, देश की शासन संस्थाएं सुधारों के लिए बेचैन हैं। आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति की जब्ती का प्रावधान करने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया जाना चाहिए। राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2(एच) के तहत लाया जाना चाहिए ताकि पैसे के मामले में और अपराधियों को टिकट देने में मतदाता को जानने का अधिकार हो।

दल-बदल विरोधी कानून पूरी तरह से विफल हो गया है और इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए। सांसदों और विधायकों के बेलगाम आचरण को रोकने के लिए एक मजबूत आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए और पीठासीन अधिकारियों को ऐसे सदस्यों को शेष सत्र से निष्कासित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए और आदतन कदाचार ऐसे सदस्यों को अगले छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से रोकने के लिए पर्याप्त होगा। इसी तरह, लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर सड़कों को अप्रत्याशित व मनमाने ढंग से जाम करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को दंडनीय अपराध बनाया जाना चाहिए और लोकतांत्रिक विरोध के लिए प्रशासन द्वारा कोई विशिष्ट स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए जैसा कि हमारे पास जंतर मंतर पर है। सांसदों और विधायकों की स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को जिला विकास योजनाओं में पूर्व स्वीकृत योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि इन योजनाओं को बजट में शामिल किया जा सके। संविधान में संशोधन और 'जनमत संग्रह' का प्रावधान करने की आवश्यकता है ताकि जनसंख्या नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कुछ राष्ट्रीय मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए प्रत्यक्ष लोकतंत्र का अभ्यास किया जा सके ताकि विकास के प्रतिफल खराब न हों।

सिविल सेवाओं को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और अक्षम, असंवेदनशील और भ्रष्ट नौकरशाहों को बाहर निकालने के लिए समय-समय पर समीक्षा-प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। इस उद्देश्य के लिए तथा सिविल सेवकों को शक्तियों के दुरुपयोग हेतु दंडित करने के लिए एक सिविल सेवा ब्यूरो बनाया जा सकता है। भ्रष्टाचार के प्रसार को, जिसमें ढिलाई, विलंब व जानबूझकर मनमाना कृत्य शामिल हैं, वित्तीय भ्रष्टाचार से परे पुनः परिभाषित कर इसके लिए कठोर दंड की व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें नौकरी से निकालना प्रमुख हो।

## फरमाया



**देश** हर-घर तिरंगा अभियान के लिए तैयार है। यह तिरंगे का उत्सव मनाने का सामूहिक आंदोलन है।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हर-घर** तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री मोदी की अपील है, भाजपा की नहीं। कुछ लोग इसमें राजनीति क्यों देखते हैं?

**- धर्मेन्द्र प्रधान**
केन्द्रीय मंत्री



**लोगों** को जबरन राष्ट्रीय ध्वज खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। देशभक्ति भीतर से पैदा होती है, इसे थोपा नहीं जा सकता है।

**- महबूबा मुफ्ती**
पीडीपी नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## खैरात से मुक्ति

**सत्ता** में बैठने या बने रहने या चुनाव जीतने के लिए सियासी दल जनता से मनमाने ढंग से चुनावी वायदे करते रहते हैं, क्योंकि अपनी जेब से इन्हें कोई खर्च नहीं करना पड़ता, बल्कि वादों की पूर्ति शासकीय खजाने के खर्च से होती है। इसके मद्देनजर पीएम ने मुफ्त की रेवड़ी को देश के लिए घातक बताया तथा सुप्रीम कोर्ट ने भी सियासी दलों को मतदाता से अव्यावहारिक वादे न करने को कहा है। वस्तुतः ऐसा कोई कानून नहीं बन पाने से वायदे की सीमा तय नहीं की जा सकी। मुफ्त की योजनाएं या रेवड़ी बांटने का काम बंद करने हेतु वायदे के मानदंड बदलने के साथ एक सीमा तय करना होगी तथा योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जवाबदेही में व्याप्त खामियां दूर करनी होंगी। अच्छा हो कि फिजूलखर्ची की घोषणाओं को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाय, और उल्लंघन होने पर सियासी दल की मान्यता समाप्त करने के भी प्रावधान किए जाएं ताकि देश में पुरुषार्थियों की संख्या में वृद्धि भी हो सके। उम्मीद करनी चाहिए कि सभी दलों के राजनेता स्वतंत्रता के अमृत काल में देश को खैरात से मुक्त कर जनता को सचमुच विकास के मार्ग पर ले जाने की दिशा में काम करेंगे। इससे उनकी स्थिति भी मजबूत होगी।

**-बी एल शर्मा**, उज्जैन

## बाइडेन की विजय

**अमेरिकी** राज्य कन्सास में हुए जनमत संग्रह के परिणामों को अगर देश का रुख माना जाये तो ये राष्ट्रपति जो बाइडेन एवं उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए भारी खुशखबरी का अग्रिम संकेत हैं। यहां न सिर्फ स्थानीय रूप से रिपब्लिकन पार्टी के गवर्नर सत्ता में बैठे हैं। बल्कि पिछले राष्ट्रपति चुनाव में यहां के लोगों ने खुलकर डोनाल्ड ट्रम्प के विभाजनकारी विचारों का समर्थन करते हुए उन्हें जीत दिलाई थी। मगर गर्भपात के मामले में वहां के लोगों ने रूढ़िवादी रिपब्लिकनों का साथ नहीं दिया। दो महीने पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रो वी वेड, 1973 के फैसले को उलट दिया था, जिसने देश भर में गर्भपात को वैध कर दिया था। अब आशा करनी चाहिए कि बाद में बाकी राज्यों में भी अगर जनमत संग्रह कराये जायेंगे तो रूढ़िवादियों की हार होगी। अब देखना ये होगा कि क्या आगामी नवंबर में जो, मध्यावधि चुनाव होना तय है, उसमें गर्भपात मुद्दा बन पायेगा? रिपब्लिकन की विचारधारा को गहरा आघात लगा है। वे तो चाहेंगे कि मुद्रास्फीति को ही मुद्दा बनाया जाय। मगर डेमोक्रेट्स गर्भपात के अधिकार को ही जोर शोर से उठाएंगे।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## प्राकृतिक खेती

**प्राकृतिक** कृषि को वर्तमान समय और परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में बिल्कुल सही कहा जा सकता है। कृषि से जुड़े प्राचीन ज्ञान को हमें न सिर्फफिर से सीखने की जरूरत है बल्कि उसे आधुनिक समय के हिसाब से तराशने की भी दरकार है। इस समय नई-नई बीमारियों व असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हमारा खानपान है। किसानों द्वारा अत्यधिक कीटनाशक दवाओं व खेतों में डाई तथा यूरिया के प्रयोग की वजह से अनेक तरह की लाइलाज बीमारियों ने समस्त मानव जाति को अपनी चपेट में ले लिया है। अनेक तरह के केमिकल व कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता में भी कमी आती है। अनाजों-सब्जियों के माध्यम से यही जहर हमारे शरीर में जाता है। जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां लगातार फैल रही हैं। यदि हमें अपने परिवार-समाज को स्वस्थ रखना है तो हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना ही होगा। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती पर जोर देने की पहल सराहनीय है। किसानों को भी प्राकृतिक खेती के इस अभियान पर जोर देना चाहिए।

**-नितेश मंडवारिया**, वाराणसी

# ऑल इंडिया लिनेश क्लब की बैठक में हुए विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ऑल इंडिया लिनेस क्लब की फाउंडनर चार्टर डि. प्रेसिडेंट ली। अंजू कटारे की आधिकारिक यात्रा एवम एरिया ऑफिसर ली। माधुरी पांडा की एरिया विजिट लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मे संपन्न हुई।उनके साथ डि. केबिनेट सचिव सेवा गतिविधि लीनेस रश्मि अग्रवाल एवं डि सहसंपादिका न्यूज लेटर लीनेस रश्मि ताम्रकार भी उपस्थित रही। आधिकारिक यात्रा का स्वागत प्रे. विनोद राघव ली। शरदातिवारी, ली.उमा तिवारी वी रश्मि ताम्रकार ने किया। तत्पश्चात वे शहर मां भद्रकाली मंदिर में माता जी दर्शन की। वह उन्होंने क्लब के स्थाई प्रोजेक्ट एवम फूड फिर हंगर के तहत ली शशि तिवारी द्वारा लगभग150 गरीबों को सुखा अनाज चावल, दल, सब्जी नमक मिर्च शक्कर का वितरण का अंजू जी ने निरीक्षण किया।दौरान कार्यक्रम में भाग लिया। यह शशि जी को ली। सरला, वंदना इंगोले, निम्मी पटेल ने उनका साथ दिया। आधिकारिक यात्रा की शुरुआत अंजू माधुरी, रश्मि अग्रवाल रश्मि ताम्रकार विनोद राघव ललिता द्वारा भारत माता के आगे दीप प्रज्वलित कर हुआ फिर ध्वज वंदना एवं राज्य गीत गया। लीनेस क्लब के सभी सदस्यों द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवम हार के द्वारा किया गया। प्रेसिडेंट विनोद राघव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में डि. प्रे.अंजू कटारे एव पधारे अतिथि ली माधुरी पांडा, ली रश्मि अग्रवाल, ली.रश्मि ताम्रकार का स्वागत करते हुए कहा कि आपके निर्देशन एवम मार्गदर्शन में हमारा क्लब अपने सेवा कार्य करेगी। निरंतर एड बढ़ेगी। ली.ममता ताम्रकार(सचिव ली नेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा) ने क्लब के सेवागतिविधि के बारे में बताया कि सवलंबन योजना के तहत 1सिलाई मशीन हसीना बानो को,पापड़ अचारबनाने के लिए किरण जैन को अनुदान दिया गया ।वी ली.उर्वशी दास द्वारा 3 कन्याओं रश्मि श्रीवास्तव, रानी गुप्ता एवम उषा शाह को ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया गया। दिव्यांगो को मदद एवमशादी में गहने कपड़े और रुपए मिठाई दान किया गया।2 बच्चों ओ मोबाइल, स्कूलों में दरी, गरीबी को 50कंबल डाक्टरों का सम्मान,50 पेड़ों का वृक्षारोपण,नवजात शिशु को बेबी किट अस्पताल में, वृद्धाश्रम में समय समय पर भोजन दवाई की ववस्था की गई है। कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गई। क्लब के द्वारा डि. प्रे.अंजू कटारे के हाथों सम्मान किया गया। उन्होंने चेयर पर्सन माइक्रो केबिनेट ली.शारदा जीगर्मी में मट्ठा पानी वितरण, शशि जी भोजन वी अनाज दान,उमा तिवारी का प्रतिभा सम्मान हेतु इनका सम्मान किया। कार्यक्रम में नए जुड़े सदस्यों रखशन्दा तरन्नुम,कनकलता मिश्रा, रामानिक कौर,जमीन सिन्हा को शपथ दिला कर उन्हें पिन से सम्मानित किया माइक्रो केबिनेट,और चेयर पर्सन का परिपत्र जारी किया गया। सह संपादक न्यूज लेटर रश्मि ने अंजू को न्यूज लेटर अनुभूति सौपी,एवम अंजू ने रश्मि को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ली.रानी रवानी ने बहुत ही कुशलता के साथ किया। डि. प्रे.ली .अंजू कटारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वर्ष हमारे लीनेस क्लब का पहला वर्षहै और हमे इसे बहुत आगे ले जाना है जो आप सभी के प्रयास से ही संभव है।प्रथम प्रयास में की माल्टीपाल में प्रथम आना गौरव की बात है। उन्होंने क्लब नियम और संचालन से संबंधित जानकारी दी।लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा के बारे में कहा की क्लब बहुत सुंदर अपने नाम प्रेरणा के अनुरूप कार्य कर रही है। मैं इसके और आगे बड़ने की कामना करती हूं। एरिया ऑफिसर ली.माधुरी पांडा ने कहा क्लब डि. के बताए हुए निर्देशों का पालन कर सेवा कार्य कर रही है। रिपोर्टिंग विशेषकर सचिव ममता बहुत ही सुंदर तरीके कर रही। मैं क्लब के मदद के लिए सदैव उपस्थित हूं। लीनेस रश्मि अग्रवाल कैबिनेट सचिव सेवा गतिविधि ने क्लब को बेहतर तरीके से निस्पादित के ने निर्देश दिए।रिपोर्टिंग करने के बारे में विस्तार से समझाया। ली.रश्मि ताम्रकार सह संपादक न्यूजलेटर डि. प्रे.अंजू का आभाआर मानते हुए उन्हें माल्टिपाल में प्रथम आने की बधाई दी।रश्मि जी एवं माधुरी का भीं उनके सहयोग के लिए आभार दिया ।क्लब की फाउंडेनर होने के नाते उन्होंने शुरू से अभी तक के क्लब के कार्यो की समीक्षा की। पूर्व अध्यक्ष को ऊ नके उल्लेखनीय कार्य विक्षिप्तों को सही उपचार,मदद एल लिए मानसिक रोगियों के अस्पताल पहुंचना और समय समय पर जानकारी लेने हेतु पिन लगाकर सम्मानित किया। वर्तमान में क्लब द्वारा एक उमर कैद साजयप्ता महिला को उनका घर वापस दिलाने में मदद के लिए आभार दिया। सभी सदस्यों को अच्छा लीनेस बनाने की समझाइश दी। ललिता साहू पूर्व अध्यक्ष लायनेस क्लब ने सभी बहनों को अपनी शक्ति पहचाने की सलाह दी और कहा कि स्वयं ईश्वर भी नारी के आगे झुकते है। एवम क्लब की 2 सदस्यों निम्मी पटेल और रश्मि ताम्रकार द्वारा नेत्रदान ओर देहदान करने की प्रशंसा की। आभार ली.शारदा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ली.विनोद राघव, ममता ताम्रकार, उर्वशी दास रश्मि ताम्रकार, ललिता साहू, शशि तिवारी,शारदा तिवारी उमा तिवारी, निम्मी पटेल, वंदना इंगोले, सरला राजपूत, कनकलता मिश्रा, रक्षंदा खान, ज्योति तिवारी, निधि बनाफर, आरती साहू, नित्य साहू मुमताज रवानी, रानी रवानी, नीलम साहू रामेश्वरी साहू कांता सलूजा ,रामानिक कौर, जामीन सिन्हा, दीप्ति दास आदि उपस्थित थे।

# आपके द्वार आयुष्मान अभियान ने फिर पकड़ी रफ्तार

पायनियर संवाददाता कबीरधाम
www.dailypioneer.com

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए यह है जरूरी

आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, शासकीय फोटो पहचान पत्र आवश्यक है। यह आवश्यक दस्तावेज लेकर लोक सेवा केंद्र अथवा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कार्ड बनवाया जा सकता है।

### उपचार के लिए मिलता है 20 लाख तक की सहायता

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना 2011 की चयनित श्रेणियों में सूचीबद्ध परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही राज्य शासन द्वारा संचालित डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन राज्य के खाद्य विभाग द्वारा जारी राशनकार्ड के आधार पर किया जा रहा है, जिसमें अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को 5 लाख रुपए तक एवं शेष एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। दोनों श्रेणी के हितग्राहियों को विशेष जरूरतों पर 20 लाख तक का उपचार दुर्लभ बीमारियों हेतु प्रदान किया जाता है।

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान जिले में एक बार फिर तेज कर दिया गया है। यह विशेष अभियान लोगों को स्वास्थ्य सहायता योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। आपके द्वार आयुष्मान तृतीय चरण के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का लोक सेवा केंद्रों (च्वाइस सेंटरों) तथा समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इससे पहले किए गए पंजीयन के आधार पर लोक सेवा केंद्रों में आयुष्मान कार्ड पहुंचाए भी जा रहे हैं। अब तक लगभग 2.70 लाख आयुष्मान कार्ड लोक सुविधा केंद्रों को भेजे जा चुके हैं जिसमें से दो लाख से अधिक कार्डों का वितरण किया जा चुका है। जिन लोगों ने पूर्व में जिस लोक सेवा केंद्र में अपना पंजीयन कराया है, उस लोक सेवा केन्द्र से पुनः बायोमैट्रिक अथेंटीकेशन के बाद निःशुल्क प्लास्टिक आयुष्मान कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशि की मांग किए जाने पर टोल-फ्री नंबर 104 पर सूचित करने की अपील की जा रही है, ताकि इस योजना की आड़ में गड़बड़ी होने से रोका जा सके। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने बताया: कबीरधाम जिले में लक्ष्य के अनुसार लगभग 8.7 लाख लोगों में से लगभग 4.5 लाख लोगों का आयुष्मान योजना में पंजीयन किया जा चुका है। वर्तमान स्थिति में 48.50 प्रतिशत लोगों का पंजीयन किया जाना शेष है। सीएमएचओ डॉ. मुखर्जी ने जिले की जनता से पंजीयन कराकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाने की अपील की है।

## नीरज चोपड़ा के सम्मान में 7 अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक स्पर्धा

**दल्लीराजहरा।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा टोकियो ओलंपिक में भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) प्रतियोगिता में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के सम्मान में संपूर्ण भारत वर्ष में 7 अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस मनाया जा रहा है। बालोद जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सुरेश वर्मा एवं सह सचिव संजय रावत ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स एसोसिएशन के निर्देशानुसार बालोद जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा 7 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे पुलिस मैदान डौंडी में आयोजित बालोद जिला स्तरीय भाला फेंक (जेवलिन थ्रो ) दिवस का आयोजन किया गया है।

# गोबर बेचकर पशुपालक शिव कुमार ने खरीदी मोटर साइकिल

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कुछ साल पहले गोबर बेचकर अपनी आजीविका सुधार पाना किसी ने सोचा न था लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना से यह संभव हो सका। इसी क्रम में बेमेतरा विकासखण्ड के गौठान ग्राम दमईडीह ग्राम पंचायत गिधवा, पोस्ट दाड़ी निवासी शिव कुमार यादव पिता मुन्ना यादव, जो कि एक गरीब किसान एवं गौ पालक है, ने योजना के अंतर्गत अब तक 99 हजार 814 किलोग्राम गोबर बेचा और एक लाख 99 हजार 628 रूपये राशि प्राप्त किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य पशुपालको की आय में वृद्धि करना, आवारा पशुओ का संरक्षण, महिलाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदाय करना, जैविक कृषि को बढ़ावा देना इत्यादि है। इसी उद्देश्य को कृतार्थ करता हुआ शिवकुमार यादव एवं उसके जैसे अन्य पशुपालको की कहानी योजना को सफल बनाये है। कृषि कार्य से होने वाली आय से घर चला पाना मुश्किल हो रहा था। तभी गोधन न्याय योजना के बारे में जानकर शिवकुमार यादव ने गोबर बेचना प्रारंभ किया और मात्र दो वर्ष में लगभग 2 लाख रूपये की अपनी आय में वृद्धि किया। अब उसके परिवार की स्थिति अच्छी है। उसने इस पैसे से दूध बेचने हेतु मोटर साईकिल खरीदा। अब वह मोटर साईकिल के माध्यम से दूध बेचकर अपनी आय में वृद्धि करता है और अन्य जरूरतो को पूरा करता है। गौठान से हुई आय में वृद्धि के कारण ने स्वयं के व्यय से गौठान में भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित की। शिवकुमार यादव कहते है कि गोधन न्याय योजना ने मेरे परिवार की काफी मदद की है। जिससे मैने अपनी परिवार की जरूरतो को आसानी से पूरा किया है। ग्राम गौठान प्रबंधन समिति दमईडीह के द्वारा योजना प्रारंभ से अब तक 3 लाख 10 हजार 803 किलोग्राम गोबर की खरीदी की गई है। जिसकी लागत 6 लाख 21 हजार 606 रूपये है। जिससे एक लाख 18 हजार 315 किलोग्राम खाद का उत्पादन हुआ है। जिसे ग्रामीण किसानो ने खरीदकर जैविक खेती की ओर एक कदम बढ़ाया है। अबतक ग्राम गौठान प्रबंधन समिति दमईडीह के द्वारा 11 लाख 28 हजार 100 रूपये का खाद बेचा जा चुका है।

# निगम क्षेत्र में पानी व्यर्थ बहता देख आयुक्त ने कहा-नलों में टोंटी लगवाएं

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



शहर में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण करने आज अलसुबह आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सुबह नल खुलने के समय मालवीय नगर,दीपक नगर सहित शिक्षक नगर व तकिया पारा वार्ड पहुंचे।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, सहायक अभियंता आर. के.जैन, उपअभियंता राजेन्द्र धबाले, उपअभियंता भीमराव, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर, कपीश दीक्षित सहित अमृत मिशन के ठेकेदार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बस्तियों में पानी सप्लाई की व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने निर्देश दिया। इस दौरान नलों से पानी व्यर्थ बहता देख अधिकारियों को नलों में टोंटी लगाए जाने निर्देशित किया।आयुक्त प्रकाश सर्वे को वार्ड के रहवासियों ने बताया कि यहां समस्या काफी गंभीर हो जाती थी। पहली बार अमृत मिशन के माध्यम से लोगों के घरों में पानी पहुंचा है। इससे पानी की समस्या कुछ हद तक दूर हो गई है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने चार वार्डो में लोगों से पानी के प्रेशर के बारे में भी पूछा।निरीक्षण के दौरान आयुक्त प्रकाश सर्वे ने देखा कि कुछ जगहों पर पानी व्यर्थ बह रहा था। इस पर उन्होंने ने लोगों से कहा कि पानी बहुत मूल्यवान वस्तु है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि यह देखें कि इसका उचित उपयोग हो सके। यदि सही तरीके से उपयोग किया जाए तो सबकी जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त पानी है। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों में प्रेशर की दिक्कत का मामला सामने आया। इस पर उन्होंने ने तकनीकी परीक्षण कर इसे दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने निगम अधिकारियों से कहा कि दोनों वक्त नल खुलने के समय मानिटरिंग के लिए मौजूद रहें। किसी घर में यदि नल कनेक्शन में जलापूर्ति में कुछ समस्या आ रही है अथवा प्रेशर की कमी है तो इसे तुरंत ठीक करने की कार्रवाई की जाए।

**हर शिकायत का तुरंत हो निराकरण,स्थल में पहुंचे**

मालवीय नगर, दीपक नगर, शिक्षक नगर एव तकिया पारा वार्डो के इलाके में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है।

# महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया मत्था टेकने पहुंची बाब्बे डेरा कुण्डा

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया निजी कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा पहुंची जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री अनिला भेड़िया एवं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा नीलकण्ठ चन्दवंशी का भव्य स्वागत किया गया। दर असल दुःख निवारण गुरुदारा कुण्डा में मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा सहज गुरुग्रंथ साहिब की पाठ रखा गया था कवर्धा प्रवास के दौरान सहज पचं दिवसीय गुरुग्रंथ साहिब जी के दर्शन हेतु व मत्था टेकने कुण्डा पहुंची मंत्री अनिला भेड़िया दुःख निवारण गुरुद्वारा में मत्था टेक प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की वही डेरा प्रमुख संत हरदीप सिंह का आशीर्वाद प्राप्त की मंत्री अनिला भेड़िया ने प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए अरदास करवायी। वही मंत्री अनिला भेड़िया से परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौजन्य मुलाकात की। उक्त कार्यक्रम में मंत्री अनिला भेड़िया के साथ जिला अध्यक्ष कांग्रेस नीलकंठ चन्दवंशी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सिरगिट्टी सतनाम खनुजा पूजा सलूजा जिला महामंत्री उतर चन्द्राकर कौशल चन्द्राकर राजेश शुक्ला जोन प्रभारी आरती सुमन सी.बी.सी सदस्य इरशाद बेगम हसीन भाई सुरजीत सिंह खनुजा,प्रदेश सचिव कांग्रेस पिछड़ा वर्ग सूरज यादव प्रदेश उपाध्यक्ष इंटक सुमितपाल खनुजा प्रदेश सचिव असंगठित मजदूर कांग्रेस भुनेश्वर निर्मलकर अशोक वैष्णव ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस मिथलेश चन्द्राकर मीडिया प्रभारी ब्लॉक महिला कांग्रेस प्रिति ठाकुर ब्लॉक उपाध्यक्ष हरेन्द्र चन्द्राकर मनोज भास्कर मुन्ना खान ब्लॉक सचिव सोनू मेहरा,देवदत्त साहू जिला महामंत्री किसान कांग्रेस सुरेश चन्द्राकर जिला कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ओमकार साहू जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग कांग्रेस गौतम साहू जिला सचिव पिछड़ा वर्ग कांग्रेस गौतम मानिकपुरी रोहित गबेल भागवत चन्द्राकर संनत चन्द्राकर ज्वाला पात्रे भरत साहू रामतार सिंगरौल मन्नी दास नंदलाल यादव श्रवण साहू दिलीप पात्रे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक

**दल्लीराजहरा।** आजादी का अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा लगाने हेतु कार्य योजना बनाने विधानसभा स्तरीय भाजपा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में डौंडी लोहारा सहित स् जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य मंडल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी बडी संख्या मे शामिल हुए। बैठक में बूथ लेवल तक कार्यक्रम का क्रियान्वयन करने के लिए पदाधिकारियों ने कार्य योजना बनाने की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। कार्यकर्ताओं में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रति लोगो मे जमकर उत्साह व जोश देखने को मिला, बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम को सफल बनाने अपना योगदान दे रहे हैं। भाजपा पदाधिकारियों द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने-अपने घरों में सभी कार्यकर्ताओ को झंडा लगाने तथा अन्य लोगों को भी झंडा लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।

# आजादी का अमृत महोत्सव पर कबीरधाम जिले में हर घर फहरेगा तिरंगा झंडा

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



1 अगस्त 2022। आजादी का अमृत महोत्सव पर हर घर झंडा फहराने के लिए जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। स्व सहायता समूह की महिलाएं हर नागरिकों में देश भक्ति का जज्बा जगाने झंडा तैयार करने में जुट गई है। समूह द्वारा 20 हजार झंडे तैयार किए जा रहे है। आगे मांग के अनुरूप और झंडे समूह द्वारा तैयार कराए जाएंगे। स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की हुई झंडा हर घर में फहर कर लोगों में देशभक्ति की भावना जगाएगी। इस कार्य में जिले कई महिलाएं अभियान को सफल बनाने और देश प्रेम का संदेश देने कार्य कर रही है। आजादी के 75 वे वर्षगांठ पूरा होने पर देश में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत हर घर झंडा कार्यक्रम का आयोजन होगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में इस अभियान को सफल बनाने समूह की महिलाएं नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज को अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित करने, आम जन में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में वृद्धि लाने के लिए ग्रामीण स्तर के नागरिकों को जोड़ रही है। कवर्धा विकासखंड के ग्राम मरका की जय महामाया, जय वैभव लक्ष्मी, चंदा, राधारानी और जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाएं झण्डा बनाने में जुटी हुई है। जय वैभव लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष ज्योति वैष्णव ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पर हर घर झंडा कार्यक्रम के लिए झण्डा बनाने के लिए शासन के तरफ से समूह को कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं बहुत ही गर्व महसूस कर रही है। इससे उनकी समूह की महिलाएं बहुत खुश है क्यों कि राष्ट्र के लिए कुछ करने का मौका मिला है। इससे घर और गांव में देश भक्ति की भावना भी विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन की यह बहुत अच्छी पहल है जिन्होंने देश के लिए झंडा बनाने के कार्य में समूह की महिलाओं को जोड़ा है। इससे हर गांव में देश भक्ति की भावना जागृत होगी ही साथ ही महिलाओं को रोजगार मिला है और लाभ भी हो रहा है।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जजंगिरी में विद्यार्थी परिषद का गठन



**कुम्हारी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी में कक्षा छठवीं से 12 वीं तक हाउस निर्धारित कर बच्चों को विभिन्न प्रकार के कार्य सौंपे गए तथा विद्यार्थी परिषद का गठन कर बच्चों को शाला से संबंधित विभिन्न कार्यभार भी सौंपे गए। बच्चे हाउस के अनुसार यूनिफॉर्म पहनकर आये एवं अपने अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम के दौरान शाला नायक विनय कुमार साहू एवं शाला नायिका वर्षा वर्मा द्वारा अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करने की शपथ ली गई। संस्था की प्राचार्या मीनी गोपीनाथन ने बच्चों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया एवं समझाया कि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए सहयोग की भावना एवं टीम वर्क बहुत ही आवश्यक है उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में संगठनात्मक कौशल होना नितांत आवश्यक है।

# आगामी विधानसभा चुनाव में जनता एक-एक मनमानियों का लेगी हिसाब : विकास

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




विधानसभा नवागढ़ के भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृत्व में एक दिवसीय नवागढ़ विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम कार्यालय घेराव किया। इसमें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम नवागढ़ बस स्टैंड से प्रारंभ हुआ कार्यकर्ताओ ने नगर के मुख्य मार्ग में पैदल चलकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर घेराव किया। जँहा भाजपाइयो व पुलिसकर्मियों के बीच झूमा झटकी भी हुई। जिसके बाद एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में पच्चीस सौ बेरोजगारी भत्ता देने और पांच लाख नौकरी देने का वादा की थी ना तो युवकों को भत्ता मिला और ना ही नौकरी। उन्होंने कहा कि सरकार का वादा सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है। महामंत्री विकास दीवान ने छत्तीसगढ़ के युवा छत्तीसगढ़ का भविष्य है और युवाओं के साथ छलावा सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी। उन्होंने जिले के तीनों कांग्रेसी विधायकों पर जमकर हल्ला बोला। दीवान ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में पूरा बेमेतरा जिला में अव्यवस्था हो गयी है। अधिकारी राज चरम पर है। भाजपा नेताओं को बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुँचाने का जो कार्य नवागढ़ में किया गया है, आने वाले समय जनता हर एक बात का हिसाब लेगी। इस दौरान नरेन्द्र शर्मा, दीपक तिवारी, भगत कुम्भकार, प्रदीप शुक्ला, चन्द्रपाल साहू, निशा चौबे, दयावंत धर बांधे, हरिकिशन कुर्रे, मधु रॉय, गिरेन्द्र महिलांग, डॉ जगजीवन खरे, देवदास चतुर्वेदी, बबलू राजपूत, निमिराज सोनवानी, होलूराम साहू, नितेश शर्मा,योगेश वर्मा, मिन्टू बिसेन, युपेश साहू, मुचकुंद राजपूत, सुरेश निषाद, अभिषेक राजपूत, गजेंद्र साहू, टीकम गोस्वामी, सुरेश साहू, अनिल मिश्रा, कृपाशंकर त्रिपाठी, रितेश मिश्रा, राजाराम चन्द्राकर,कृष्णा ठाकुर, अमिता बघेल, गुरमुख भार्गव, फूलचंद साहू, महेश टण्डन, सरिता कुम्भकार, प्रेमु वर्मा, गुड्डा खान, अश्वनी साहू, कपिल बंजारे, लीलाराम साहू, रामसागर साहू, रोहित साहू, कुंजबिहारी ठाकुर, तनु दीवान,गोलू सिन्हा, संतोष देवांगन, कुलेश्वर सिन्हा, मनीष सेन, दुर्जन साहू, मिथलेश सोनकर, बालशंकर वर्मा, शिव सोनकर, जितेन्द्र मात्रे, त्रिलोक साहू, ऋतुराज साहू, राजा सोनकर, राजू यादव,रमेश मेहर, राजेश चतुर्वेदी, मोनू गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

### खेत में पहुंचकर देखी फसल की स्थिति, किसानों की चर्चा

# कलेक्टर ने किया ग्राम जांता के 100 बिस्तर कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला द्वारा ने जिले के ग्राम जांता में 100 सीटर कन्या छात्रावास, शासकीय हाई स्कूल जांता एवं प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास गिधवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। वर्ष 2015 में निर्मित 100 सीटर कन्या छात्रावास के निरीक्षण के दौरान भवन में दरार, खिड़की-दरवाजों की खराब स्थिति तथा निर्माण की गुणवत्ता पर जिलाधीश द्वारा असंतोष जाहिर करते हुए लोक निर्माण विभाग को छात्रावास भवन के उचित रख-रखाव तथा जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा को छात्रावास भवन में आवश्यक मरम्मत आदि उपरांत छात्रावास प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों से भी मुलाकात की तथा स्कूल संचालन, शिक्षकों की उपस्थिति, वर्षा की स्थिति, सिंचाई हेतु बिजली की उपलब्धता एवं अन्य जनहितकारी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर शुक्ला द्वारा शासकीय हाई स्कूल जांता का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं में विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम के कुछ सामान्य प्रश्नोत्तर किए, कक्षा में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छात्रों की अपेक्षा छात्राओं से त्वरित प्राप्त होने पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने भविष्य के लिए अपने-अपने लक्ष्य निर्धारित करने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। जिलाधीश ने विद्यालय के शिक्षकों को उचित अध्यापन हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास गिधवा के निरीक्षण के दौरान छात्रावास के अधीक्षक श्री रोशन साहू अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भोजन मीनू एवं समस्त जो छात्रावासी बच्चों में वितरित की जाती है सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जावे। भोजन में स्वच्छता एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जावे छात्रावास के कमरों में दरारे एवं सीलन को देखते हुए कलेक्टर ने उचित संधारण के निर्देश दिए। छात्रावास के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री सी-मार्ट एवं स्व-सहायता समूहों से क्रय किए जाने, छात्रावास के पानी टंकी एवं वाटर फिल्टर को तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जावे। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा, ए.डी.पी.ओ. समग्र शिक्षा खिरामन वर्मा, ग्राम पंचायत जांता के सरपंच हेमसिंह चन्द्राकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## छात्र लाभेश का चयन नेशनल फेसिंग प्रतियोगिता में

**कुम्हारी।** सेजस जंजगीरी से कक्षा 5 वीं का छात्र लाभेश गुप्ता पिता सेठ करोड़ीमल गुप्ता, 5 अगस्त से 8 अगस्त के मध्य होने वाले नेशनल फेंसिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए नासिक जा रहा है। इस मौके पर बच्चे की सफलता की कामना करते हुए संस्था प्रमुख मिनी गोपीनाथन एवं प्रधान पाठिका वसुंधरा एवं कक्षा शिक्षिका अनामिका एवं संस्था के समस्त शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का वजन त्यौहार मनाया गया

**कुम्हारी।** सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। 0 से लेकर 6 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं गर्भवती, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं के वजन एवं ऊंचाई का माप किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने माता-पिता को बच्चों के कुपोषित होने के कारण बताते हुए विशेष रूप से माताओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई ताकि वह बच्चा कुपोषण मुक्त हो सके।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाकघरों से तिरंगा ध्वज की बिक्री



**दल्लीराजहरा।** देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान की घोषणा की गई है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की है। इए अभियान से लोगों को जोड़ने डाक विभाग भी जिम्मा उठाया है। इसे ध्यान में रखते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 1 अगस्त से डाकघरों से तिरंगा ध्वज की बिक्री की जा रही है। इस विशेष स्कीम की जानकारी देते हुए दल्लीराजहरा डाकघर के पोस्टमास्टर जयप्रकाश जायसवाल ने बताया कि दल्लीराजहरा डाकघर में 1 अगस्त से बिक्री हेतु तिरंगा उपलब्ध है। इसे लोगों द्वारा मात्र 25 रुपये में खरीदा जा सकता है तथा अपने घर पर लगाया जा सकता है। दल्लीराजहरा डाकघर के पोस्टमास्टर जयप्रकाश जायसवाल ने बताया कि जिले में सिर्फ दो जगह बालोद और दल्ली राजहरा डाकघर से उक्त विशेष तिरंगा खरीदा जा सकता है,अब तक 300 तिरंगा झंडा बिक चुका है। जल्द ही जिले के अन्य डाकघरों में भी तिरंगा उपलब्ध होगा।

# 27 वर्ष पुराना स्कूल भवन मरम्मत नहीं होने से जर्जर



## अधिकारी कर रहे अनदेखी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में आये दिन कोई न कोई बात सामने आते रही है, कभी प्राईवेट स्कूलों की मनमानियां तो कभी शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सहित ऐसे कई मामले है जो लगातार सवालों के घेरे में है जिसको लेकर विभागीय उच्चाधिकारी सहित पूरा अमला नतमस्तक नजर आ रहा है । इस प्रकार के मामले वनांचल में होने के साथ साथ जिला मुख्यालय के आत्मानंद में भी कुछ ऐसी ही स्थिति निर्मित नजर आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें एक आरटीआई के माध्यम से वर्ष 2019/20 में स्कूल अनुदान राशि 15000 हजार मिलना बताया है, जबकि बीईओ आफिस से आरटीआई द्वारा जानकारी में 2019/20 में स्कूल को अनुदान राशि 58000 हजार प्राप्त हुआ है बताया गया है।

ऐसा ही जर्जर भवन जमहा का भी-दूसरा मामला मुंगेली ब्लाक में संचालित जर्जर स्कूल जमहा का भी है जहां बच्चे जर्जर स्थिति में पहुंच चुके शाला भवन में पढ़ने को विवश है ।ग्राम पंचायत नवागांवची के आश्रित ग्राम जमहा में संचालित प्राथमिक शाला भवन जर्जर स्थिति में है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से कई बार मरम्मत की मांग की, पर इसे नजर अंदाज कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार 1995 में इस स्कूल भवन का लोकार्पण हुआ था। 27 वर्ष पुराना स्कूल भवन मरम्मत नहीं होने से जर्जर हो गया है। ग्रामीण सुनील सोनी, नीतेश भारद्वाज,सूरज ध्रुव आदि ने कहाकि उक्त जानकारी संबंधित विभाग के संज्ञान में रहते हुए भी शिक्षा के क्षेत्र को अनदेखा करना मतलब विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शिक्षा के क्षेत्र को अनदेखा न करे,उक्त परिस्थिति को संज्ञान में ले और नये स्कूल भवन हेतु आवश्यक कार्यवाई करें।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले चेंबर उपाध्यक्ष को तेज रफ्तार इनोवा ने मारी ठोकर

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल 5 अगस्त की सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान शक्ति से कोरबा- कंचनपुर नेशनल हाईवे के पास एक अज्ञात इनोवा कार की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए ,तथा घायल अवस्था में उन्हें शक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनकी अंदरूनी चोटों को देखते हुए उन्हें तत्काल रायगढ़ के अपेक्स अस्पताल में उपचार हेतु ले जाया गया, ज्ञात हो कि चेंबर उपाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल विगत कई दशकों से निरंतर बारहों महीने तड़के सुबह 04 बजे मॉर्निंग वॉक पर अपने मित्रों के साथ निकलते है, तथा 5 अगस्त की सुबह भी वे अपने मित्रों गणेश अग्रवाल, श्यामलाल बंसल, सुंदरलाल कथूरिया के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे,तभी शक्ति से कोरबा रोड में कंचनपुर नेशनल हाईवे के पास वे सड़क किनारे अपने मित्र सुंदरलाल कथूरिया के साथ खड़े हुए थे, तभी अचानक कोरबा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने उनके मित्र सुंदर के कंधे पर ठोकर मार शंकरलाल को घसीटते हुए करीब 25 फीट दूरी तक ले गया तथा उसके बाद अज्ञात इनोवा कार वहां से फरार हो गई,एवं शंकरलाल अग्रवाल जिनका कि पूर्व में भी हाथ फैक्चर था तथा उनके हाथ में प्लास्टर बंधा हुआ था, एवं उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ति लाया गया जहां उनके प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाने के बाद तत्काल रायगढ़ के अपेक्स अस्पताल रेफर किया गया है।

# 5 से अधिक पॉजीटिव मरीज पाये जाने पर वह क्षेत्र होगा कंटेनमेंट जोन घोषित

## कलेक्टर रानू साहू ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रानू साहू द्वारा जिला रायगढ़ में कोरोना पॉजीटिव मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि को देखते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव एवं रोकथाम हेतु भारत सरकार, परिवार कल्याण मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार जिला रायगढ़ अंतर्गत किसी भी वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्र में 5 से अधिक पॉजीटिव मरीज पाये जाने पर उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किए जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

**कंटेनमेंट जोन के अंतर्गत की जाएगी कार्यवाही**

अत्यावश्यक वस्तुओं को छोड़कर एवं सेवाओं की आपूर्ति तथा अपरिहार्य स्वास्थ्यगत आपातकालीन परिस्थितियों को छोड़कर कंटेनमेंट जोन में जाने या आने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कंटेनमेंट क्षेत्र के निवासी बिना सक्षम अनुमति अपने घरों से बाहर किसी भी परिस्थिति में नहीं



निकलेंगे। उक्त चिन्हांकित क्षेत्र में पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। उक्त चिन्हांकित क्षेत्र के अंतर्गत सभी दुकानें, ऑफिस एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अगले आदेश तक पूर्णतरू बंद रहेंगे। कंटेनमेंट जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता होती है उसके लिए पृथक से कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश प्रसारित किये जायेंगे। नोडल अधिकारी द्वारा कंटेनमेंट जोन में पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर की जाएगी। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य निगरानी, सेम्पल की जांच आदि आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी।

कंटेनमेंट जोन में कार्यवाही हेतु अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व कलेक्टर साहू द्वारा कंटेनमेंट जोन में कार्यवाही हेतु जिले में पदस्थ अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिसके तहत कानूनध्पुलिस व्यवस्था, कंटेनमेंट जोन को सील करने एवं गशत करने आवश्यक पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक रायग? एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ को जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह केवल एक प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था हेतु बेरिकेड्क्षटग के लिए संबंधित कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग(भध्स), रायगढ़, कंटेनमेंट जोन में सेनेटाईजेशन व्यवस्था के लिए संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी, घरों का एक्टिव सर्विलांस, स्वास्थ्य टीम के एसओपी अनुसार दवा, मास्क, पीपीई इत्यादि उपलब्ध कराने एवं बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तथा उपरोक्त दर्शित क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।

## चेंबर करेगी 7 को प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई- सक्ती द्वारा आगामी- 07 अगस्त दिन-रविवार को शाम 4.00 से



श्री राधाकृष्ण मंदिर सभागार में सम्मान समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है,उक्त आशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज शक्ति इकाई के सदस्यों ने बताया कि चेंबर के विगत महीनों निर्वाचन संपन्न होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी का प्रथम बार शक्ति नगर आगमन हो रहा है, इसे लेकर श्री राधाकृष्ण मंदिर में चेंबर पदाधिकारी एवं सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी का सम्मान एवं स्वागत अभिनंदन किया जाएगा, साथ ही चेंबर द्वारा बनाए गए शक्ति क्षेत्र के नए सदस्यों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया जाएगा,चेंबर की शक्ति इकाई ने सभी पदाधिकारी/सदस्यों को 7 अगस्त को आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# पति, सास दहेज के नाम पर देते थे ताना, प्रताड़ना असहनीय होने पर नवविवाहिता की अग्नि स्नान

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

चक्रधरनगर थाना के महापल्ली के बजरंगपारा में बीते मंगलवार को दुतिका राठिया पति दिलीप राठिया (उम्र 22 वर्ष) अपने घर अंदर स्वयं पर मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर आत्माहत्या किये जाने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार व स्टाफ मौके पर पहुंचे। मृतिका नवविवाहिता होने पर शव पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा कर मृतिका के वारिसानों का बयान लेखबद्ध किया गया। पश्चात शव का पोस्ट मार्टम कराकर थाना चक्रधरनगर में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

घटना के संबंध में मृतका दुतिका राठिया के पिता, मां, बहन व अन्य गवाह बताये कि मृतका की शादी का करीब चार महीने हुआ है। रथ यात्रा के समय मृतिका अपने मायके गई थी, जहां एक माह रहने के बाद वापस ससुराल आयी थी।



मायके में दुतिका राठिया अपने घरवालों को बताई थी कि उसकी सास रत्ना राठिया उसे (मृतका) को मोबाईल से मायके पक्ष के लोगों से बातचीत करने से मनाकर तंग करती थी और घर में अलग कर देगें कहा करती थी। मायके से आने के बाद उसे दो दिन तक खाना नहीं दिये, यह बात दुतिका अपने घरवालों को फोन पर बताई थी। उसका पति दिलीप राठिया भी उसे छोड़ दूंगा कहता और मायके वालों से बातचीत नहीं करता था। दुतिका राठिया बताई थी कि तबियत खराब होने पर भी उसका पति उसे दवाई तक लाकर नहीं देता था। मृतिका की सास रत्ना राठिया और पति दिलीप राठिया हमेशा दहेज में फ्रीज नहीं लाई है, अपने माता पिता को बोलो कहकर हर ताना मारते और तंग करते थे जिससे 02 अगस्त को सुबह करीब 09 बजे को दुतिका अपने घर में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली। थाना चक्रधरनगर में मृतिका की सास रत्ना राठिया एवं पति दिलीप राठिया के विरूद्ध दहेज मृत्यु का अपराध के तहत 03 अगस्त को दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपराध डायरी अग्रिम विवेचना के लिए नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा को मिला जिनके द्वारा आज चक्रधरनगर पुलिस के साथ आरोपी दिलीप राठिया के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।

# सड़क में रखे रेत दुर्घटना को दे रहा है जन्म

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर में देखने में यह आया कि अनेक स्थानों में गिट्टी रेत पड़े हुए हैं जिनसे दुर्घटना का आलम दिखाइए दे रहा है। जहां पर मुख्य मार्ग जैजैपुर- ाराद्वार सड़क में जहां पर रेत का अंबार लगा हुआ है जिससे कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है, नए नए मकान का निर्माण किया जा रहा है लेकिन मकान मालिकों के द्वारा आधे सड़क में ही रेत रखा गया है। जिनकी वजह से पानी का जमावड़ा भी हो रहा है जहां पर मच्छर पनप रहे हैं यह घटना जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के सामने देखने को मिल सकेगा । जहां पर वार्ड क्रमांक 4 का यह आलम सभी की नजरों में हैं लेकिन न तो अधिकारी ध्यान दे रहे हैं ना ही नगर पंचायत के अध्यक्ष ध्यान दे रहे हैं जिनके वजह से कभी भी वहां पर अनहोनी घटना होने की संभावना है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए, कि वहां से जो कच्चा मटेरियल मकान निर्माण के लिए रखा गया है उसे वहां से हटाना चाहिए ताकि अप्रिय घटना ना घटित हो।

## एनटीपीसी लारा से तांबा केबल चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुसौर पुलिस द्वारा एनटीपीसी लारा के कोल हैंडलिंग के पास बने कंट्रोल रूम में लगा तांबे का केबल चोरी करने वाले चार आरोपी कमल चैहान, गजानंद साव, गुरुदेव बंजारा और सरोज गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बीती रात्रि सीआईएसएफ के निरीक्षक टीकम चंद्र साहू द्वारा थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव को प्लांट के कंट्रोल रूम के पास से करीब 18 मीटर केबल वायर की चोरी कर प्रतिबंधित एरिया के बाहर ले जा रहे 4 व्यक्ति यों को सीआईसीएफ की गस्त पार्टी द्वारा पकड़ने की जानकारी दिया गया। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी पुसौर अपने स्टाफ के साथ एनटीपीसी लारा प्लांट पहुंचे। मौके पर चार आरोपियों से 18 मीटर तांबा वायर कीमत 86000 का जब्त कर आरोपियों को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं मशरूका की बरामदगी में थाना प्रभारी पुसौर उपनिरीक्षक गिरधारी साव के साथ सहायक उपनिरीक्षक हेम सागर पटेल, सउनि के.ए.स जगत, प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद पैकरा एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## तुलसी जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए राजेश्री महन्त

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी तुलसी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम में उपस्थित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रावण शुक्ला सप्तमी तदनुसार महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त जी महाराज तुलसी जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। मानस भवन भाटागांव, रायपुर में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा तथा जोरा रायपुर में ग्राम वासियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत के रूप में शामिल हुए, इस अवसर पर गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत एवं विद्वानों के उद्बोधन के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि- गोस्वामी तुलसीदास महाराज का जीवन काफी संघर्षों से भरा पड़ा था, एक सामान्य मानव की तरह उन्हें भी अपने जीवन में सफलता की प्राप्ति के लिए तीन सीढ़ियां लांघनी पड़ी,आप कभी भी सफलता के मार्ग पर अग्रसर होंगे तो आपको भी इनसे गुजरना ही होगा। प्रथम लोग आपका उपहास उड़ाएंगे, दूसरा आप का विरोध करेंगे और जब आप इससे भी आगे बढ़कर सफलता के मार्ग पर चलेंगे तब लोग आपकी वाहवाही करते नजर आएंगे। गोस्वामी तुलसीदास जी कृत रामचरितमानस विश्व के सर्वोत्कृष्ट ग्रंथों में से एक है, यह धार्मिक ग्रंथ तो है साथ ही साथ इसमें सामाजिक जीवन के आदर्शों को दर्शाया गया है। हम अपने जीवन में इसका अनुसरण करके अपना लोक और परलोक दोनों सवांर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का ऐसा कोई पक्ष नहीं है जिसे रामचरितमानस स्पर्श ना करता हो! ऐसा कोई प्रश्न नहीं है जिसका समाधान उसमें ना हो।

## गुजरात की भाजपा सरकार को उखाड़कर, कांग्रेस का परचम लहराएंगे : रत्नावली कौशल



**मुंगेली।** अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन सदस्य, छग महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव, अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, हिन्द सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा की मुख्य पर्यवेक्षक रत्नावली कौशल गुजरात चुनाव की तैयारी के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर गुजरात के सभी 26 लोकसभा प्रभारियों हुई की बैठक में शामिल हुई,उक्त बैठक में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा सहित अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी गण शामिल होकर उपस्थित सभी लोकसभा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से अहमदाबाद पश्चिम (अजा) लोकसभा क्षेत्र की प्रमुख पर्यवेक्षक रत्नावली कौशल ने उपस्थित लोगो के सामने अपनी बात रखते हुए कहा की वर्तमान में भाजपा की सरकार यहां गुजरात में कार्य कर रही है,भाजपा के इतने वर्षो के कार्यकाल में भी कोई खास उपलब्धि नही दिखाई दे रहा है सिर्फ हवा हवाई ,पोस्टरबाजी में ही सारा कार्य सिमट कर रह गया है,हम लोगो को सबसे पहले ष्अपना बूथ सबसे मजबूतष् योजना के तहत प्रत्येक बूथों पर जाकर कम से कम 25 सक्रिय सदस्यों को जोड़कर पार्टी संगठन को मजबूत करना है।


## कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना, रायपुर छ.ग.

क्र.-4 थी वाहिनी/छसबल/माना/सा.अ./**M12563**/22/2022, दिनांक 02/08/2022

### // निविदा विज्ञप्ति //

इस इकाई में नीचे दर्शाए अनुसार मरम्मत कार्य हेतु सेनानी 4थी वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा ''अ'' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा ''ब'' में फायनेंसियल बीड) मरम्मत कार्य बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्र. | कार्य का विवरण | आबंटन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | इकाई के नई जमीन स्थित 20 नग शासकीय आवास का मरम्मत कार्य। (प्रति नग राशि 0.25 लाख के मान से) | 5,00,000.00 | |
| 2. | इकाई के नई जमीन स्थित 20 नग शासकीय आवास का मरम्मत कार्य। (प्रति नग राशि 0.25 लाख के मान से) | 5,00,000.00 | 45,000.00 |
| 3. | इकाई के नई जमीन स्थित 20 नग शासकीय आवास का मरम्मत कार्य। (प्रति नग राशि 0.25 लाख के मान से) | 5,00,000.00 | |
| | योग :- | 15,00,000.00 | |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रू. 300.00 कोषालय में **लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट** के अंतर्गत सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर को प्रस्तुत कर दिनांक 18/08/2022 के 17:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 18/08/2022 को समय 17:00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 01/09/2022 को समय 15:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 01/09/2022 को समय 16:00 बजे तक।

**नोट :-** 1. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्ते टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**सेनानी**
**4थी वाहिनी छसबल**
**माना, रायपुर छ.ग.**

G-93362/2


# शिवजी की पूजा-अर्चना संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

श्रावण मास में भगवान शिवजी की पूजा अर्चना संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ किया जाता है । देवशयनी एकादशी के उपरांत भगवान नारायण क्षीर सागर में लंबी निद्रा में चले जाते हैं तब संपूर्ण विश्व के कल्याण का दायित्व भगवान शिव जी पर होता है । शिव का अर्थ ही कल्याण होता है, अर्थात भगवान भोलेनाथ स्वयं कल्याण स्वरुप है , इन पर बिल्वपत्र, शमी पत्र, श्वेत कमल, धतूरा तथा आक के पत्र पुष्प चढ़ाने का विशेष महत्व है, वही भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक दूध, जल और पंचामृत आदि से करने से पुण्य फल की प्राप्ति तथा मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं । नगर में आयोजित सप्त दिवसीय महामृत्युंजय यज्ञ अनुष्ठान में आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने बताया की भगवान शिव जी में राम नाम अंकित कर बेलपत्र चढ़ाने से 3 जन्मों के पापों का नाश होता है और कन्यादान जैसा पुण्य फल प्राप्त करते हैं । किसी व्यक्ति को बुरे और भयानक डरावने सपने आने पर भगवान शिव में शमी पत्र पंचाक्षर मंत्र 9 ओम नमः शिवाय कह कर समर्पित करने से बुरे सपने आने बंद हो जाते हैं ।



भगवान शिव तो कालजई है वह अकाल मृत्यु को दूर करते हैं और हमारे जीवन में सुख समृद्धि का पुण्य फल प्रदान करते हैं । संपूर्ण विश्व के कल्याण करने के लिए वे स्वयं हलाहल जैसे विष का पान कर लेते हैं और सब को अमृत भी पिलाते हैं । भगवान शिव के दरबार में किसी को भी प्रवेश करने की मनाही नहीं है, भूत, प्रेत, मसान भी इन के दरबार में रहते हैं ।

संसार में केवल एक ही भगवान भोलेनाथ के पूरे परिवार की पूजा होती है अन्य किसी देवी देवता के परिवार की नहीं । शिव परिवार में समरसता के भाव भी दिखते हैं, इनमें सभी के वाहन अलग अलग तथा विषम भाव वाले होकर के भी एक साथ रहते हैं , शिव परिवार में यह समरसता का भाव हम सबके लिए बड़े अनुकरणीय हैं । शिव सत्य है शाश्वत हैं और परम सुंदर हैं, और यही राम नाम के आदि आचार्य हैं, जो श्री राम को अपना ईस्ट मानते हैं और राम नाम से अति प्रेम होने के कारण ही इस मसान घाट में किसी व्यक्ति के जले हुए शरीर के राख को भी अपने शरीर में लगा लेते हैं । इसीलिए इन्हें देव नहीं बल्कि हम सब महादेव कहते हैं।

आयोजित यज्ञ में विद्वान आचार्यों के द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन एवं रुद्राभिषेक संपन्न कराए जा रहे हैं वही आचार्य देव कृष्ण जी महाराज के द्वारा मधुर संगीत और शिव भक्ति के कर्णप्रिय भजन का आनंद आयोजकों को प्राप्त हो रहा है।

## डाकघर में हर घर तिरंगा अभियान के लिए 25 रुपए में तिरंगा झंडा

**सक्ती।** पूरे भारत देश में आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शक्ति के मुख्य डाकघर में भी डाकघर प्रबंधन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के लिए अपने उच्च विभाग के निर्देश पर 25 रुपये प्रति तिरंगे की दर से तिरंगा झंडा उपलब्ध करवाया जा रहा है,उक्त आशय की जानकारी डाकघर शक्ति के डाकपाल रामचरण साहू ने देते हुए बताया कि शक्ति के मुख्य डाकघर में कोई भी व्यक्ति आकर 25 रुपये प्रति झंडे की दर से तिरंगा प्राप्त कर सकता है, एवं भारतीय डाक विभाग के कार्यालय के निर्देशानुसार हर घर तक तिरंगा पहुंचाने की दिशा में यह अभियान एवं पहल की गई है,तथा डाकघर शक्ति के डाकपाल रामचरण साहू ने भी सभी नागरिकों को आजादी के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर चल रहे अभियान में सहभागी बनने की भी बात कही है।


**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
*(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN : U40108CT2003SGC015822*
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)**
Telephone: (0771) – 2574 123, Fax: (0771) – 2574 125 e-mail: eitc@cspc.co.in, Website: www.cspdcl.co.in

No. 07-01/EITC/Network/Tr-335/828 Raipur, Dated: 04/08/2022

**NOTICE INVITING TENDER**

1. Sealed offers are invited from experienced bidder for –

| Tender No. | Particulars | Tender Document Fee | EMD | Due Date & time of submission |
|---|---|---|---|---|
| Tr-335 & RFx No. 8100026409 | Implementation of Software Defined Wide Area Network (SDWAN) | Rs. 1180 (Rs. 1000 + GST @ 18%) | Rs. 5Lakhs | 02-Sep-2022 14:00 Hrs. |

2. For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in / **tender / tender notices / central offices** and e-bidding portal. **3.** Any corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.

**Executive Director (EITC)**
**CSPDCL: Raipur**

//SAVE ELECTRICITY// samvad-33441/3



रायपुर। जिला किसान कांग्रेस के सचिव नियुक्त होने के उपरांत शकील खान गुड्डू ने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाकात कर उनका आभार जताया। इस पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के जोश और जज्बे के कारण ही पार्टी आज सत्ता में है । उन्होने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## स्वतंत्रता का महोत्सव, शहीद भगत सिंह के भतीजे होंगे शामिल

**रायपुर।** तिरंगा वंदन मंच द्वारा देश की आज़ादी के 75 वीं वर्षगांठ पर 'स्वतंत्रता का महोत्सव' नाम से एक भव्य और शानदार देशभक्ति से ओतप्रोत



कार्यक्रम शनिवार 13 अगस्त को मैक कॉलेज, समता कॉलोनी के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है जिसमे शामिल होने शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू रायपुर पधारेंगे । मंच के संयोजक मुकेश शाह ने बताया कि कार्यक्रम शाम छह बजे से होगा । इस अवसर पर देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, संगीत, नृत्य, कविता आदि के साथ साथ शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं द्वारा शहीद भगत सिंह के भतीजे का अभिनंदन भी किया जाएगा। यह पहला अवसर है जब शहीद भगत सिंह के भतीजे किसी देशभक्ति के कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पधार रहे हैं । उनके हाथों शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही विभिन्न युद्ध लड़ चुके, रायपुर में निवासरत व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कर्नल जे एस एस कक्कड़ तथा ब्रिगेडियर प्रदीप यदु को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में सांसद सुनील सोनी, विधायक सत्यनारायण शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, महापौर एजाज़ ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे आदि शामिल होंगे।

## आपके द्वार आयुष्मान अभियान ने फिर पकड़ी रफ्तार

**कबीरधाम।** आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान जिले में एक बार फिर तेज कर दिया गया है। यह विशेष अभियान लोगों को स्वास्थ्य सहायता योजना




का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। आपके द्वार आयुष्मान तृतीय चरण के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का लोक सेवा केंद्रों (वाइस सेंटरों) तथा समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इससे पहले किए गए पंजीयन के आधार पर लोक सेवा केंद्रों में आयुष्मान कार्ड पहुंचाए भी जा रहे हैं। अब तक लगभग 2.70 लाख आयुष्मान कार्ड लोक सुविधा केंद्रों को भेजे जा चुके हैं जिसमें से दो लाख से अधिक कार्डों का वितरण किया जा चुका है। जिन लोगों ने पूर्व में जिस लोक सेवा केंद्र में अपना पंजीयन कराया है, उस लोक सेवा केन्द्र से पुनः बायोमेंट्रिक अथेंटीकेशन के बाद निःशुल्क प्लास्टिक आयुष्मान कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशि की मांग किए जाने पर टोल-फ्री नंबर 104 पर सूचित करने की अपील की जा रही है, ताकि इस योजना की आड़ में गड़बड़ी होने से रोका जा सके। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने बतायाः कबीरधाम जिले में लक्ष्य के अनुसार लगभग 8.7 लाख लोगों में से लगभग 4.5 लाख लोगों का आयुष्मान योजना में पंजीयन किया जा चुका है। वर्तमान स्थिति में 48.50 प्रतिशत लोगों का पंजीयन किया जाना शेष है। सीएमएचओ डॉ. मुखर्जी ने जिले की जनता से पंजीयन कराकर अपना आयुषमान कार्ड अवश्य बनवाने की अपील की है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, शासकीय फोटो पहचान पत्र आवश्यक है। यह आवश्यक दस्तावेज लेकर लोक सेवा केंद्र अथवा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कार्ड बनवाया जा सकता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना 2011 की चयनित श्रेणियों में सूचीबद्ध परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही राज्य शासन द्वारा संचालित डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन राज्य के खाद्य विभाग द्वारा जारी राशनकार्ड के आधार पर किया जा रहा है।

## एक वर्षीय कोचिंग योजना अंतर्गत कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** आदिम जाति तथा अनूसूचित जाति प्री. मेडिकल तथा प्री. इंजीनियरिंग परीक्षा पूर्व कोचिंग योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 में प्रवेश लेने के इच्छुक प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्री. मेडिकल तथा प्री. इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाया जाता है। यह आवासीय एक वर्षीय कोचिंग योजना अंतर्गत कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा जीव-विज्ञान एवं गणित विषय के साथ न्यूनतम 70 अंको से उत्तीर्ण हाने वाले ड्रापर्स अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ 01 वर्षीय कोचिंग दिलाया जाता है। योजना का लाभ ऐसे अभ्यर्थी प्राप्त कर सकेंगे, जिनके पालक आयकरदाता न हो। इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ठ विद्यार्थियों को चयन किया जा सके।

## खाद्य विभाग ने दिए गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो के विक्रय करने के निर्देश

**बेमेतरा।** फूड सेफ्टी एण्ड स्टेण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के निर्देशानुसार 01 अगस्त 2022 से 14 अगस्त 2022 तक मिलावटी खाद्य तेल बिक्री, फेटी एसिड मिश्रित खाद्य तेल एवं खाद्य तेल का विक्रय खुला/लूज नहीं करने के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत खुले खाद्य तेलों के विक्रय, बिना एगमार्क का प्रमाण पत्र के विभिन्न तरह के खाद्य तेलों का मिश्रण कर बेचने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। ज्ञात हो कि खाद्य तेल मे मिलावट एवं अधिक मात्रा में ट्रांस फेटी एसिड होने से यह खाद्य तेल को लंबे समय तक सुरक्षित रखता है लेकिन शरीर में होने वाले नुकसान जैसे मोटापा, मधुमेह, लिवर सिरोसिस सहित अन्य घातक बीमारियों को बढ़ाता है। खाद्य तेलों की शुद्धता के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिला बेमेतरा अंतर्गत खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य तेल की गुणवत्ता, ट्रांस फैटी एसिड की मात्रा के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है व किसी भी खाद्य तेल का विक्रय खुला/लूज नहीं करने निर्देशित किया जा रहा है। वहीं जिला बेमेतरा के अंतर्गत ब्लॉक साजा-थानखम्हरिया में खाद्य व्यापारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए जागरूक की गई। जिला बेमेतरा अंतर्गत ब्लॉक साजा व नवागढ़ के खाद्य कारोबारियों से सोयाबीन तेल, मस्टर्ड ऑयल व मूंगफली तेल का नमूना संकलित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रक्षाबंधन के त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओ जैसे-मिठाई दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, चाट कार्नर इत्यादि खाद्य परिसर में स्वच्छता रखने तथा गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिया जा रहा है।

# मंत्री अनिला भेडिया ने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के बाल देखरेख संस्थाओं का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री अनिला भेडिया अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत संचालित शासकीय बालगृह बालक एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री भेडिया के साथ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य पूजा खनुजा विशेष रूप से उपस्थित थे। मंत्रीभेडिया निरीक्षण के दौरान विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा में निवासरत बच्चों के स्वास्थ्य पोषण एवं सुरक्षा का जायजा लिया। विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा के प्रबंधक सत्यमित्र शास्त्री ने संस्था के गतिविधियों एवं उपलब्धिओं की जानकारी देते हुए बाताया की यह संस्था विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत पंजीकृत है तथा यह संस्था 2015 से स्नेह संर्वोदय सेवा संस्था राजनांदगांव द्वारा संचालित किया जा रहा है। संस्था में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य पोषण एवं सुरक्षा का पालन किया जाता है तथा दत्तक ग्रहण विनियम 2017 के प्रावधानों के तहत दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण किया जाता है। विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा से कुल 40 बच्चों की दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण किया गया जो यहां से बच्चें देश-विदेश में निवासरत है। यहां 40 भावी दत्तक अभिभावकों ने पंजीयन कराया है जिनमें से 09 अभिभावकों को बच्चे प्राप्त हो चुके है। इस तरह संस्था द्वारा कुल 51 बच्चों को संरक्षण देकर स्वास्थ्य पोषण एवं सुरक्षा का लाभ दिया गया है।

संस्था की व्यवस्था एवं सुरक्षा देखकर महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री भेडिया एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य खनुजा द्वारा संस्था की प्रशंसा करते हुए संस्था में निवासरत बच्चों एवं कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात् किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत संचालित शासकीय बालगृह बालक कवर्धा का निरीक्षण किया गया। मंत्री भेडिया ने निरीक्षण के दौरान शासकीय बाल गृह निवासरत बच्चों के स्वास्थ्य पोषण संरक्षण एवं सुरक्षा का जायजा लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने शासकीय बाल गृह के गतिविधियों उद्देश्य प्रावधानों एवं उपलब्धिओं की जानकारी देते हुए बाताया कि यह संस्था किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत पंजीकृत है। इसमें देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले 06 से 18 वर्ष के बच्चों को संरक्षण दिया जाता है इन बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सुरक्षा दिया जा रहा है। वर्तमान में कुल 21 बच्चें निवासरत हैं सभी बच्चें स्कूलों में अध्ययनरत है। शासकीय बाल गृह कवर्धा से कुल 141 बच्चों को नियमानुसार उन्हें लाभान्वित किया गया है।

## राजीव भवन में शहीद महेन्द्र कर्मा को जयंती पर श्रद्धांजलि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने उनको अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। प्रदेश कांग्रेस, प्रदेश युवा कांग्रेस, प्रदेश महिला कांग्रेस, सेवादल प्रदेश, एनएसयुआई, प्रदेश इंटुक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागो के संयुक्त तत्वाधान में शहीद महेन्द्र कर्मा की जयंती पर उनके छायाचित्रों में माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं मार्ल्यापर्ण अर्पित कर स्मरण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, सुमित्रा धृतलहरे, रामविलास साहू, देवेन्द्र मृगु, राजकुमार मल, रविकांत अग्रवाल, संजय शर्मा, विजय बघेल, रामेश्वर साहू उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में नर्सरी की कक्षाएं प्रारंभ

**बेमेतरा ।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की उपस्थिति में नर्सरी के लिए एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षाएं प्रारंभ की गई। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम से की। विद्यार्थियों के अध्ययन कक्ष को उनके अनुरूप सुसज्जित किया गया, जिससे खेल के माध्यम से वे आधारभूत शिक्षाएं भी प्राप्त कर सकें। अध्ययन कक्ष को देखते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा भी उनकी खुशी में शामिल हुए। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पायलट योजना के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिलों में कुल 177 स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालित हैं। जिसमें विद्यार्थियों की सुविधा एवं पढ़ाई का स्तर देखते हुए पालकों ने पूर्व प्राथमिक की कक्षाओं को प्रारंभ करने का निवेदन किया था।

# कलेक्टर के निर्देश के बावजूद निर्माण कार्यों में प्रगति देखने को नहीं मिली

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जिला सीईओ द्वारा लगातार अपूर्ण निर्माण कार्य को पूरा करने की दिशा निर्देश देने के बाबजूद निर्माण कार्यों में प्रगति देखने को नहीं मिल रहा है ख़ासकर कर व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय काम कछुए की चाल में चल रहा है जिसका प्रमुख कारण जिला के जिम्मेदार अधिकारी की उदासीन रवैया को माना जाता है जानकारी अनुसार बीते 2020-21 मे जिले के पांच विकासखंड में अभिशरण और मनरेगा की संयुक्त मद के तहत करीब 4 लाख की लागत से 300 से अधिक शौचालय स्वीकृत है जिसमे से अब तक 140 से भी कम शौचालय ही पुरा हो पाया है इसी तरह 13 सौ 87 व्यक्तिगत शौचालय में सिर्फ 596 शौचालय ही पूर्ण किया गया है मतलब साल भर से अधिक समय मे 50 प्रतिशत शौचालय भी पुरा नहीं किया जा सका फिर भी ज़िम्मेदार अधिकारी द्वारा जमीन में उतरकर शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित करने की पहल नहीं हो रहा ऐसे में स्वच्छ गरियाबंद की कल्पना किस तरह किया जा सकता है जबकि सामुदायिक शौचालय के आभाव में अधिकांश ग्रामीणों को अधिकारी खुले में शौच करते देख बड़ी आसनी से अनदेखा कर देते हैं मतलब इस तरह की तस्वीर देख ज़िम्मेदार अधिकारियों को बिल्कुल भी योजना में पालिंदा लगने की शमर्दगी नही होती यही कारण है अब तक शौचालय निर्माण शत प्रतिशत नही हो पाया है हालंकि कलेकटर और जिला सीईओ की समीक्षा बैठक में डांट फटकार की डर से जल्दी पूरे शौचालय निर्माण कराने की बात कहकर बच निकलते हैं जबकि धरातल में आज भी शौचालय निर्माण की स्थिति दयनीय है और प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों को देखकर आसनी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

**कार्यवाही की सख्त दरकार**

बीते 1 साल से निर्माण एजेंसी के साथ अधिकारियों की उदासीनता रवैया पर कार्यवाही की सख्त दरकार बताई जाती है क्योंकि अक्सर संबंधित एजेंसी को खानापूर्ति नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाता है जबकि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी इस महत्वपूर्ण स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण में ब्लॉक से लेकर जिला के अधिकारी तक उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं ऐसे में सिर्फ एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही से शौचालय निर्माण में प्रगति मुश्किल माना जाता है।

## मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत बेटियों को मिलेगी 20 हजार प्रोत्साहन राशि

**बेमेतरा।** राज्य सरकार द्वारा अपने राज्य के विकास और जनता के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए समय-समय पर कई योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इसी प्रकार से प्रेदश सरकार द्वारा श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की ओर एक और कदम बढ़ाया गया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर जनता के नाम संदेश में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना 2022 का शुभारम्भ किया गया। इस योजना का लाभ उन सभी श्रमिकों को मिल सकेगा जो छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हो चुके हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य श्रमिक परिवार की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, विवाह आदि में आर्थिक सहायता प्रदान कर सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना में पंजीकृत श्रमिकों या मजदूरों के परिवार की प्रथम दो बेटियों को जिसकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और 21 वर्ष से अधिक न हो तथा वह अविवाहित हो उन्हें 20-20 हजार रुपए की आर्थिक व सामाजिक सहायता प्रदान की जाएगी।श्रमिक मजदूर परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग में आता है।

## हलवाई लाइन मुतवल्ली चुनाव प्रक्रिया शुरू




**रायपुर।** जामा मस्जिद हलवाई लाइन में मुतवल्ली चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड द्वारा गठित एडहाक कमेटी के संयोजक शोएब अहमद खान ने बताया कि चुनाव में भाग लेने वाले मतदाताओं का नाम दर्ज होना शुरू हो गया है । जो 18साल या उससे ऊपर के उम्र के हैं वो अपना आधार कार्ड की कॉपी खुद जमा कर अपना नाम दर्ज करा सकते है । उन्होंने बताया कि सबको अपने अपने आधार की कॉपी लेकर आना है कोई एक शख्स पूरे परिवार का आधार लेकर न आए सिर्फ अपने आधार की कॉपी लाए जो जमा कर ली जाएगी। जो इस चुनाव में वोट देना चाहते हैं वे खुद अपना आधार की फ़ेटो कापी लेकर जामा मस्जिद में रजिस्ट्रेशन कराएं। जो रजिस्टर्ड होंगे वहीं वोट देने के पात्र होंगे। रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से शुरू होकर 5 सितंबर तक चलेगा। उसके बाद विचार नही किया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ सूखे की चपेट में और सरकार कुम्भकर्णी नींद सी सो रही है: संदीप शर्मा

**रायपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य में अवर्षा, अल्पवर्षा की स्थिति पर सरकारी ब्यौरे को गलत बताते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सूखे की चपेट में है और राज्य सरकार कुम्भकर्णी नींद में सो रही है। किसान मोर्चा प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि राज्य के सरगुजा संभाग की 8 नहीं, बल्कि 20-22 तहसील सूखे की चपेट में हैं। बेमेतरा जिले के नवागढ़, बेरला क्षेत्र सूखे की चपेट में हैं। महासमुंद, खल्लारी अवर्षा का दंश झेल रहे हैं। बलौदाबाजार के पास 80- 90 गांव अवर्षा से बुरी तरह प्रभावित हैं। भूपेश बघेल सरकार की मेहरबानी से किसानों के बोर बंद हैं। किसानों को बिजली देने जो अलग लाइन 'अटल ज्योति' बनाई गई है, उसके ट्रांसफार्मरों का हाल बेहाल है। भाजपा किसान मोर्चा प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार 'परिवार बचाओ आंदोलन' में लगी है। ईडी ईडी चिल्लाने वाली भूपेश सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है।

# अधिक दाम में बेच रहे थे खाद, 3 दुकानें सील

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा खाद दुकानों में लगातार छापेमारी की कार्रवाई जारी है। जिसके तहत आज विकासखंड बिलाईगढ़ अंतर्गत भटगांव नगर के तीन खाद दुकान सील किए गए। भटगांव क्षेत्र से उर्वरक अधिक दर पर विक्रय करने के शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिसके जांच हेतु स्थानीय उर्वरक निरीक्षक के उपस्थिति में जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा छापेमारी की कारवाई की गई। भटगांव के स्थानीय कृषकों से संपर्क करने के पश्चात बयान प्राप्त कर मेसर्स प्रमोद कृषि केंद्र भटगांव का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में विक्रेता द्वारा अधिक दर पर उर्वरक विक्रय करने के साथ साथ कृषकों को बिल नहीं दिया जाना भी पाया गया। जो की उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 3(3) तथा 5 का स्पष्ट उलंघन है। इसी प्रकार मेसर्स राहुल हार्डवेयर,भटगांव एंव मेसर्स पुष्पराज केशरवानी में निरीक्षण के दौरान निर्धारित प्रपत्र में बिल बुक (फॅार्म एम) संधारित किया जाना नहीं पाया गया जोकि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 5 का स्पष्ट उल्लंघन है।

जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों विक्रय केंद्रों को सील कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जवाब प्राप्त होने के पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार पूर्व में भी छापेमारी के दौरान विकासखंड बलौदाबाजार के मेसर्स महादेव एंड खाद, लाहोद तथा मेसर्स न्यू किसान ट्रेडर्स, अर्जुनी के द्वारा भी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किया जाना पाया जाने पर गोदाम सील कर उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित किया गया। विकासखंड भाटापारा में ग्राम बोरसी में यदुनंदन कृषि सेवा केंद्र द्वारा केसीसी के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, से उर्वरक प्राप्त कर अपने निजी विक्रय केंद्र से अधिक दर पर कृषकों को खाद विक्रय किया जाना पाया गया था। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर उपलब्ध 50 बोरी उर्वरक जप्त कर नोटिस किया गया है।

## लायंस क्लब रायपुर वेस्ट शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय समाज सेवा संस्था लायंस क्लब रायपुर वेस्ट की नव गठित कार्यकारिणी समिति और 6नए सदस्यों का धपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि PDG लायन मनहर शाह और शपथ अधिकारी रीजन 6 की चेयरपर्सन स्ब्ध्स्न लायन मधु यादव थी। अन्य विशिष्ठ अतिथियों में PDG लायन अमरजीत दत्ता, PDG लायन रंजना क्षेत्रपाल के अलावा रायपुर शहर की अन्य क्लब के पदाधिकारीगण शामिल थे. इसके अलावा हमारे क्लब के सदस्य साथी गण सपरिवार सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ लायन ईश्वर अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष लायन विनोद केजरीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों और पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के बाद मंचस्त विभूतियों ने आशीर्वचन और प्रेरक संदेश प्रदान किए. चाइल्डहुड कैंसर की प्रभारी स्ब्ध्स्न लायन रंजना महावर ने बाल कैंसर पर अपने विचार प्रकट किए.।

कार्यक्रम का व्यवस्था संचालन रीजन PRO लायन प्रेम प्रकाश शर्मा ने किया अंत में एम जे एफ लायन ईश्वर अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और रात्रि भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बिजली के दाम दो बार बढ़ाने वाले,स्टांप ड्यूटी पर उपकर बढ़ाने वाले, पेट्रोल-डीजल पर वैट कम न करने वाले महंगाई की बात किस मुंह से कर रहे है: अनुराग सिंह देव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने कांग्रेस के राजभवन घेराव के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने राज्य में बेतहाशा महंगाई बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस की कुनीतियों के कारण राज्य की जनता महंगाई की मार झेल रही है। कांग्रेस बताये कि उसने राज्य में महंगाई नियंत्रित करने क्या उपाय किये हैं? कांग्रेस ने महंगाई को नियंत्रित करने अपने स्तर पर कोई उपाय नहीं किया, तब वह किस बात पर महंगाई के नाम पर राजभवन का घेराव कर रही है? प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अनुराग सिंह देव ने कहा कि जब केंद्र सरकार ने पेट्रोल डीजल के दाम में भारी कटौती की और देश के कई राज्यों ने सात से आठ रुपए प्रति लीटर की राहत जनता को दी, तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 78 पैसे की राहत देने की दरियादिली दिखाई। राज्य में जनता को राहत देने के लिए भूपेश बघेल का यह सबसे बड़ा उल्लेखनीय योगदान है। राज्य में रेत के खेल में जनता को किस तरह लूटा जा रहा है, यह किसी से छुपा नहीं है। बिजली बिल हाफ करने का ढिंढोरा पीटने वालों ने दो बार बिजली के दाम बढ़ा दिए। उपकर के औजार से जमीन की खरीदी बिक्री महंगी कर दी। मंडी टैक्स से किसानों की जेब पर डाका डाला।

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव, छ.ग.**

रा.प्र.क्र./202207200600016 / अ-6 अ/2021-2022
मौजा- मढ़ानार

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवलू राम पिता धनसिंह जाति-मरार निवासी ग्राम-मढ़ानार के नाम से भूमि ग्राम मड़ानार पहनं.-36 सोनाबाल राजस्व निरीक्षक मंडल-गोलावण्ड, तहसील कोण्डागांव में कुल योग ख.नं. 08 कुल रकबा 6.9720 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक एवं बड़े भाई का नाम उक्त शामिलात खाते की भूमि की ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में त्रुटिवश मनचित पिता धनसिंह व आयतु पिता धनसिंह दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटि नाम को सुधार कर नवलू राम पिता धनसिंह व बरसू पिता धनसिंह करवाना चाहता है। उक्त भूमि आवेदक की पैतृक भूमि है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि के ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में अपना एवं बड़े भाई का त्रुटि नाम सुधार करवाने हेतु तलवाना, शपथ-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, परिचय पत्र की छायाप्रति, बी-1 एवं खसरा सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 05.08.2022 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मर्दापाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल, जिला- कोण्डागांव, छ.ग.**

रा.प्र.क्र.//202207200800013/अ-0 अ/2021-2022
मौजा-नाहकानार

// ईश्तहार //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नड़गी तामर पिता घसिया जाति-मुरिया निवासी ग्राम-नाहकानार के नाम से भूमि ग्राम-नाहकानार प.ह.नं.-42, राजस्व निरीक्षक मंडल-मर्दापाल, तहसील कोण्डागांव में कुल योग ख.नं. 03 कुल रकबा 8.3040 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक का नाम उक्त शामिलात खाते की भूमि की ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में त्रुटिवश राजू पिता घसिया दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटि नाम को सुधार कर नड़गी तामर पिता घसिया करवाना चाहता है। उक्त भूमि आवेदक की पैतृक भूमि है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि के ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में स्वयं का त्रुटि नाम सुधार करवाने हेतु तलवाना, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति परिचय पत्र बैंक पास बुक, राशनकार्ड की छायाप्रति बी-1 एवं खसरा सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 05.08.2022 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 22.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मर्दापाल

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा जिला बेमेतरा**

// उद्घोषणा //

क्र./836/दि.20.07.2022 प्र.कं./248/अ-2/वर्ष /2021-2022

एतद् द्वारा सर्व साधारण को निवासी ग्राम सिंघोरी तहसील वो जिला बेमेतरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेश साहू पित गणेश राम साहू निवासी ग्राम बेमेतरा तहसील वो जिला बेमेतरा ने ग्राम सिंघोरी प.ह.नं. 28 तहसील वो जिला बेमेतरा में स्थित उसकी भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 270/28 रकबा 0.011 हे. को आवासीय/व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश करना हो तो वह पेशी तारीख 17.08.2022 तक पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

आज दिनांक 19/07/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव, छ.ग.**

रा.प्र.क्र./20120720080017/ब-121/2021-2022
मौजा-पोलंग

// ईश्तहार //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंचाराम पिता निरघत जाति- मुरिया, निवासी ग्राम पोलंग तहसील- कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम पोलंग प.ह.नं.-37, राजस्व निरीक्षक मंडल-गोलावण्ड, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि ख.नं.-1/37/ ख, 1/63/ ख, 59 रकबा 0.4660. 0.1700 0.3320 हेक्टेयर की भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका विगत 04 माह पूर्व गुम हो गया है। आवेदक द्वारा भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु तलवाना थाना रिपोर्ट, बी-1, शपथ पत्र, अदेय प्रमाण पत्र एवं चालान की मूल प्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 08.08.2022 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मर्दापाल

# वनभूमि पट्टा पाने दर-दर भटक रहे मोहगांव के आदिवासी परिवार

## ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच-सचिव पर लगाया भेदभाव करने आरोप

पायनियर संवाददाता गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के वनांचल क्षेत्र पैलीमेटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव में आदिवासी परिवार वन भूमि पट्टा पाने के लिए अधिकारियों और विभाग के दर-दर भटकने के लिए विवश हो रहे हैं। बावजूद इसके उन्हें वन भूमि पट्टा आज 20 साल के बाद भी नसीब नहीं हो रहा है, जबकि उसी क्षेत्र के ग़ैर आदिवासियों को पट्टा वितरण किया गया है। पट्टा पाने वालों में पूर्व ग्राम सचिव के परिवार भी शामिल है।

ग्राम मोहगांव के कुछ लोगों ने पट्टा वितरण किये गए कार्य की जांच करने एवं दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही करने की मांग वन विभाग गंडई और एसडीएम गंडई से विगत 15 दिवस पहले की है। गौरतलब है कि ग्राम मोहगांव के कुछ निवासियों ने गंडई वन विभाग और एसडीएम कार्यलय में लिखित आवेदन देते हुए शिकायत की है कि वे लोग करीबन 20 वर्षो से वनभूमि पर काबिज़ व कास्तगार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। वन पट्टा पाने के लिए कई मर्तबा मांग भी किये हैं। साथ ही पात्र हितग्राहियों में उनका नाम भी अंकित है उसके बाद भी द्वेषवश वनाधिकार पट्टा प्रदान नहीं किया जा रहा है। जबकि उन्ही के गांव के निवासी व अचानकपुर के सचिव डोमार उर्फ लाला पिता डेरहा लोधी संवैधानिक पद पर होते हुए भी अपने पुत्र सुंदर लाल एवं पत्नी रमला बाई के नाम से पट्टा जारी कराया गया है। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति से 30 से 40 हज़ार रु लेकर अपने पड़ोसियों के नाम से फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव कर गैर कानूनी ढंग से वन पट्टा बनाया गया है। जबकि आज तक सचिव डोमार उर्फ लाला राम जंघेल उसके परिवार और पड़ोसी कोई भी वनभूमि पर काबिज़ नहीं है। इसी तरह शिकायत कर्ता ने आगे बताया कि ग्राम बेंगरी में पूर्व सचिव डोमार उर्फ लाला राम, पूर्व सरपंच कुम्भ लाल पिता परमेश्वर और रामजी जंघेल वर्तमान सचिव ने फर्जी तरीके से मोटी रकम लेकर पट्टा वितरण किया गया है। जबकि प्रार्थियों से पैसा नहीं मिलने पर उनका पट्टा जारी नहीं किया गया है। जिसके चलते पात्र हितग्राहियों को वन भूमि पट्टा पाने के लिए अधिकारियों और विभाग का दर-दर भटकने के लिये विवश होना पड़ रहा है। शिकायत कताओं ने लाल राम पर जंगली जानवर के शिकार मामले में संलिप्त होने की बात भी आवेदन में किया है।

### सूची में पात्र होने के बाद भी नहीं मिला पट्टा

मोहगांव निवासी भूखु पिता बड़कू गोंड़ ने बताया कि 39 लोगों का नाम पात्र हितग्राही में शामिल है। जिसमें उनका (भूखु) का नाम भी शामिल है। इसी तरह दो अन्य लोगों का नाम भी पात्र सूची में है। इसके बाद भी पूर्व सचिव, पूर्व सरपंच और वर्तमान सचिव ने आज तक उनको भूमि पट्टा नहीं दिया है। शिकायत कताओं ने इसकी शिकायत आयोग में भी की है, जिसकी जांच चल रही है।

### यहां के निवासियों को मिला पट्टा

ग़ौरतलब हो कि ग्राम खर्रा में 1, मगरकुंड में 7, डुमरिया में 1, डन्दूटोला में 6, लावातरा में 8 औऱ पहाड़ी मानपुर में 14 लोगों को पट्टा विरतण किया गया है।

मैंने जांच रिपोर्ट मंगाई है, इस पर ज्यादा जानकारी आपको सोमवार को दे पाऊंगा।
**-सुनील कुमार शर्मा,** एसडीएम गंडई

इस विषय पर आवेदन मिला है, जांच चल रही है।
**-रमेश कुमार टण्डन,** रेंजर गंडई

# ईडी की, मोहिनी ज्वेलर्स में साल भर में दूसरी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




शहर में पिछले दिनों इनकम टैक्स छापे के बाद शुक्रवार को केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कुछ सराफा कारोबारियों के घर छापामार कार्रवाई की। चर्चा है कि ईडी की 3 टीमें अलग-अलग रास्ते से जौहरियों के दुकान और घर में पहुंची। एक साथ ईडी ने मोहनी ज्वेलर्स और नंदई चौक स्थित जसराज बैद ज्वेलर्स में दबिश दी। मोहनी ज्वेलर्स में सालभर पहले भी डीआरआई ने छापा मारा था।

इस दौरान ईडी ने पूछताछ के लिए कारोबारियों को भी हिरासत में लिया था। इधर जसराज बैद ज्वेलर्स के घर भी अफसरों ने पूछताछ की। अफसरों की ओर से पूरे मामले को लेकर अधिकृत जानकारी नहीं मिली है, लेकिन ईडी ने पुख्ता सूचना के आधार पर स्वर्ण आभूषण कारोबारियों को घेरा है। बताया जा रहा है कि दोनों ज्वेलर्स के अलावा संचालकों के घरों में भी ईडी अफसर जांच कर रहे हैं। घरों के बाहर सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए। सीआरपीएफ की एक विशेष टीम को ईडी ने अपने साथ रखा था। अफसरों के घर में दाखिल होते ही जवानों ने मोर्चा सम्हाल लिया। बहरहाल ईडी की कार्रवाई घंटो चली। गौरतलब है कि तीन दिन पहले इन्कम टैक्स की टीम ने फ्लैक्स कारोबारियों को अपने जद में लिया था। स्थानीय फ्लैक्स व्यवसायी के अतिरिक्त खैरागढ़ में भी इन्कम टैक्स ने छापामार कार्रवाई की थी। सिलसिलेवार केंद्रीय एजेंसियों के इस कदम से व्यवसायिक जगत में खलबली मची हुई है।

# डोंगरगढ़ प्रेस क्लब ने की पूर्व विधायक रामजी भारती के खिलाफ शिकायत

## मामला खबर प्रकाशन को लेकर विरोध का



पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा डोंगरगढ़ के 2008 में भाजपा के पूर्व विधायक रामजी भारती द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को लगातार डराने और मानसिक रुप से प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। गत दिनों राम जी भारती की धर्म पत्नी के द्वारा राजधानी रायपुर एवं डोंगरगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी पीड़ा बताई थी। जिसे प्रेस क्लब के पत्रकारों द्वारा समाचार पत्र, न्यूज चैनल व वेब पोर्टल में यथावत लगाया गया है। इसके अतिरिक्त इसे कई चैनलों सहित विभिन्न अखबारों द्वारा प्रसारित किया गया। किंतु उसके बाद सिर्फ डोंगरगढ़ के चुनिंदा पत्रकारों को बदले की भावना , मानसिक पीड़ा देने की उद्देश्यों से चिन्हाकित पत्रकारों को अपने वकील के माध्यम से नोटिस भेजकर मानसिक प्रताड़ना और मानहानि का के रूप में 10 लाख एवं 15 लाख रु की मांग किया जा रहा है। पत्रकारों को और अधिक डराने के लिए अपनी जाती का प्रभाव बताते हुए एक्ट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक से डोंगरगढ़ के पत्रकारों ने शिकायत की है । पति पत्नी की आपसी (पारिवारिक) लड़ाई को सुलझाने के बजाय पूर्व विधायक महोदय पत्रकारो को घसीट रहे हैं जो कि अनुचित है।

# कुपोषण मिटाने 13 अगस्त तक चलेगा वजन त्योहार



पायनियर संवाददाता गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

बच्चों का वजन लेकर उम्र अनुसार बच्चों में पोषण स्तर की जांच की तैयारी है, इसकी जानकारी के लिए गत 01 से आगामी 13 अगस्त तक 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लिये वजन त्यौहार का आयोजन वार्ड क्रमांक 13 के आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार से किया गया जहाँ वार्ड क्रमांक 11 से वार्ड 15 के आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता सहायिका, माताएं व बच्चे उपस्थित रहे। जिसमें शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का इलेक्ट्रानिक मशीन से वजन और ऊंचाई मापा गया। ताकि आयु के हिसाब से बच्चों के शरीर के ग्रोथ का पता लगाया जा सके। जिससे यह पता चल सके कि बच्चा सुपोषित है या कुपोषित। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियो ने कहा कि बच्चों के विकास में इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। ऐसे में जरूरी है कि ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों के पोषित आहार को लेकर भी उपस्थित जनप्रतिनिधियो ने अपना अपना विचार रखे।कार्यक्रम में निकाय के अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद यतीश कुंजाम, स्वास्थ्य व चिकित्सा सभापति नारायण चतुर्वेदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यास्मीन खान, सुशीला देवांगन, रूपेश्वरी यादव, सरिता टंडन,शारदा कौशिक सहित आंगनबाड़ी सहायिका लीला देवांगन, पूर्णिमा देवांगन, सावित्री मानिकपुरी, रिजिया टोन्द्रे, सोमी बंजारे, बच्चे उपस्थित रहे।

# खड़े पिकअप में जा घुसी बाइक, एक की मौत



**राजनांदगांव।** गुरूवार की शाम बसंतपुर इलाके के इंदिरा नगर चौक में बाइक सवार खड़े मालवाहक में घुस गए। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक रामनगर में रहने वाले नरेश यादव (35), बिट्टू यादव (25) और क्लब चौक निवासी शिवा यादव (26) तीनों बाइक से हल्दी वार्ड गए हुए थे। जहां से तीनों दोपहर 3 बजे अपने घर लौट रहे थे। तभी इंदिरा नगर चौक के पास आगे चल रही मेटाडोर को ओवरटेक करने उन्होंने अपनी बाइक की रफ्तार बढ़ाई। मेटाडोर को ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने खड़ी पिकअप में बाइक जा घुसी। हादसे में तीनों को हाथ पैर और सिर पर चोंटे आई थी, जिससे नरेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घायल युवकों का इलाज मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में जारी है। शहर में जगह-जगह अघोषित पार्किंग बन गई है। इसके चलते हादसे का खतरा बढ़ता जा रहा है। लेकिन यातायात पुलिस की टीम इस पर सख्ती नहीं दिखा रही है। ट्रैफिक दबाव वाले हिस्सों में भी बेतरतीब गाड़ियां खड़ी हो रही है।

# विधायक वर्मा ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, लाखों की दी सौगात



पायनियर संवाददाता गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

बुधवार को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक यशोदा वर्मा ने गंडई क्षेत्र का दौरा किया और जन संपर्क करते हुए विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं विकास कार्यो की घोषणा भी किया। जिसमें ग्राम पंचायत खौडा मे सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, एवं सर्व समाज मांगलिक भवन के लिए 06 लाख,अवंति बाई मूर्ति लगाने की घोषणा,स्वेक्षा अनुदान निधि से दिव्यांक को 40हजार की सहायता देने की बात कही। उसी प्रकार ग्राम पंचायत मुंडाटोला में सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन किया गया,और गांव के आंगनबाड़ी भवन के जीर्णोद्धार एवं यहाँ भी दिव्यांको के लिए स्वेक्षानुदान की घोषणा की। ग्राम पंचायत कटंगी में सीसी रोड के लिए 06 लाख की घोषणा की तथा ग्राम पंचायत बूढ़ासागर में मंच के पास सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर गिरवर जंघेल , लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ,नीना ताम्रकार , रमेश साहू ,रंजीत सिंह चंदेल, दिलीप ओगरे, हबीब खान, कामदेव जंघेल ,अमित टंडन , ऋषि राम पटेल , चैतू राम,सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राम मंदिर निर्माण और धारा 370 को हटाने की उपलब्धियों से ध्यान हटाने कांग्रेस प्रपंच कर रही : किशुन

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर नगर पालिक निगम नेता प्रतिपक्ष किशनु यदु ने बयान जारी करते हुए कहा है कि 5 अगस्त को ही आयोध्या में राम मंदिर की आधारशीला रखी गई थी और आज ही भारत को अभिन्न राज्य जम्मू ङ्क कश्मीर से धारा 370 हटाई गई थी। केंद्र सरकार द्वारा हासिल की गई इन गौरवशाली उपलब्धियों से ध्यान भटकाने के लिए ही कांग्रेस ये प्रपंच कर रही है। यदु ने कहा कि, विश्वयुद्ध की आशंकाओं के बीच भारत की अर्थव्यवस्था को संभाले रखने की चुनौती का एनडीए सरकार ने बखूबी सामना किया है। पड़ोसी देशों की तुलना भारत से की ही नहीं जा सकती। एनडीए सरकार की नीतियों और विकासपरक निर्णयों ने हमें इस स्थिति में बनाए रखा है कि हम दूसरों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की कूटनीति की चचाएं हो रही है। हमारी अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था कहा जा रहा है। अर्थशास्त्रियों ने ये बातें कही हैं। कांग्रेस अपनी ढपली, अपना ही राग अलाप रही है। उन्होंने कहा कि, आज का दिन भारत के गौरवशाली इतिहास में महत्वपूर्ण है। एक ही देश में अलग कानून और अलग झंडे वाले कश्मीर से धारा 370 का हटना एक बड़ी उपलब्धि रही है। आजादी के 72 सालों बाद जम्मू ङ्क कश्मीर की आवाम भी तिरंगे के साथ खड़ी है।

# सात दिवसीय शिव महापुराण के अंतिम दिन निकली शोभा यात्रा

पायनियर संवाददाता छुईखदान
www.dailypioneer.com



राजमहल चौक राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में महिला समिति एवं नगर वासियों के तत्वाधान में शिव महापुराण एवं रुद्रा महाअभिषेक का आयोजन श्रावण मास मे किया गया। शिव महापुराण सात दिनों के लिए आयोजित किया गया। आयोजन नगर के राधा कृष्ण मंदिर राजमहल चौक में हुआ जिसमें महापुराण के प्रथम दिवस पर महिला समिति एवं नगर वासियों के द्वारा वेदीपूजन एवं कलश यात्रा निकाला गया कलश यात्रा बड़े तालाब शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुआ जो नगर के चौक चौराहे एवं मोहल्लों से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण पहुंची। 4 अगस्त दिन गुरुवार को महापुराण के अंतिम दिवस पर समिति द्वारा हवन पूजन महा प्रसादी भंडारा का भी आयोजन किया गया महापुराण विसर्जन उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाला गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए साथ में महाप्रसादी भी वितरण किया जा रहा था ।

# केंद्र का रवैया लोकतंत्र के खिलाफ, गांधी और राहुल के खिलाफ कार्रवाई बदले की भावना से प्रेरित : रुबी गरचा

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को निराधार बताते हुए कांग्रेस नेता रुबी गरचा ने केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि, एजेंसियां केंद्र के इशारे पर काम कर रही हैं। यह लोकतंत्र की हत्या है। विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बनाना देश के भविष्य के लिए ठीक संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि, ईडी की कार्रवाई केंद्र की सत्ता की बदले की भावना प्रदर्शित कर रही है।

उन्होंने कहा कि, जिन सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने अपने पति-पिता के हत्यारे को माफ कर दिया, उनके बलिदान का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार तिरस्कार कर अपनी ओछी मानसिकता प्रदर्शित कर रही है। गैरलाभकारी संस्था होने के बावजूद ईडी जबरिया पूछताछ के माध्यम से गांधी परिवार की छवि खराब करने की कोशिशों में लगी हुई है।

उन्होंने लोकसभा में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मंत्री स्मृति ईरानी के बुरे बर्ताव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि, ईरानी का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। वे अपनी मर्यादाएं भूल चुकी हैं। एक बुजुर्ग और सम्मानित महिला नेता को लेकर सदन में उन्होंने जिस तरह टिप्पणी की और उनसे बुरा बर्ताव किया वो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि, ईरानी सीख और संस्कार दोनों ही भूल चुकी हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि अहंकार का परिणाम बहुत बुरा होता है।

## पूरी रात हाथियों का दल तबाही मचाता रहा

# खौफ का पर्याय बना गजराज : घर तोड़े, अनाज खा गए, अब तक कुछ नहीं कर सका वन विभाग

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





मोहला-मानपुर इलाके में करीब दो दर्जन जंगली हाथी पिछले करीब एक हफ्ते से ख़ौफ़ का पर्याय बने हुए हैं। सीमावर्ती बालोद जिले की ओर से मानपुर उत्तर वन परिक्षेत्र में पहुंचा ये हाथियों का दल अपने साथ तबाही भी लेकर आया है।

मानपुर ब्लॉक के पुशवाड़ा व बालोद जिले के महामाया इलाके के संयुक्त वन परिसर अंतर्गत डौंडी वन परिक्षेत्र के कम्पार्टमेन्ट नंबर 161 में फिलहाल हाथियों का ये दल मौजूद है। 4 व 5 अगस्त की दरमियानी रात मोहला ब्लॉक के ग्राम अंगारा में इन जंगली हाथियों ने बस्ती में घुसकर हमला बोल दिया।

ग्रामीणों व यहाँ मौजूद पुलिस तथा वन कर्मियों ने हालांकि स्कूल व पक्के घरों की छतों में चढ़कर खुद को सुरक्षित किया लेकिन पांच ग्रामीणों के घरों में घुसकर हाथियों ने मकानों को तोड़ते हुए जमकर तबाही मचाई। घरों में रखे अनाज को ये हाथी खा गए वहीं मोटर सायकल, टीवी सायकल जैसे कई कीमती समानों को भी हाथियों ने तोड़-मरोड़ दिया।

पूरी रात हाथियों का ये झुंड घरों में घुसकर तबाही मचाता रहा। वहीँ हाथियों की चिंघाड़ व आक्रामक तेवर के आगे वन अमला व पुलिस कर्मी चाह कर भी उसे खदेड़ न सके। बल्कि ग्रामीणों व खुद को सुरक्षित करते वे दुबक कर रहने को मजबूर दिखे। भारी भरकम नुकसान करने के बाद 5 अगस्त की तड़के सुबह ये हाथी स्वयं गांव से निकलकर जंगल मे गुम हो गए।

बता दें कि इससे पहले मानपुर ब्लॉक के खड़गाव थानाक्षेत्र अंतर्गत पुसवाड़ा, कट्टापार,दुलकी, कमकासुर गावों में करीब आधा दर्जन मकानों व फसलों, अनाजों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। उक्ताशय की पुष्टि मानपुर उत्तर वन परिक्षेत्र अधिकारी पी आर ठाकुर ने की है।

**रात मे गांव में होता है गजराज तांडव :** ये हाथी उजाला होते ही बहरहाल जंगल मे गुम हो गए हैं लेकिन रात होते वे कहां पहुंचेंगे और किस गांव की दोबारा शामत आएगी ये आने वाला वक्त बताएगा। क्योंकि दिन में ये हाथी जंगल मे होते हैं वही रात होते ही समीप के गांव में धावा बोलते हुए आगे बढ़ जाते हैं। पांच दिनों से यही माजरा यहाँ चल रहा है। सुबह सुबह हाथियों ने तालाब में जलक्रीड़ा की और फिर वे गुम हो गए।

### इन ग्रामीणों के घर पर कहर बरपाया, किया नुकसान

मानपुर वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अंगारा गाँव मे पांच ग्रामीणों की घरों में हाथियों ने कहर बरपाया जिन्हें बड़ा नुकसान हुआ। बता दें कि अंगारा निवासी अग्घन सिंह पिता सुकलु राम, सरस्वती पिता सियाराम, संजू कलामें पिता शिव कुमार कलामे,छगन लाल पिता सुकलु राम तथा मनसा राम कलामे पिता झिटकू राम के मकानों को तोड़ा है। वही इनके घरों में रखे चांवल धान समेत अन्य अनाजो से अपनी भूख मिटाते हुए हाथियों ने घरों में रखे टीवी, मोटरसाइकिल, सायकल , बर्तन समेत विभिन्न सामानों को क्षति भी पहुंचाया है।

# जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी शुरू

## कलेक्टर ने समारोह को गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाने विभागों को सौंपे दायित्व

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को मनाने की तैयारी शुरू हो गई है।15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के समारोह को जिले में गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक में संपन्न हुई। बैठक में कहा गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होगा। 15 अगस्त को प्रातः 08.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

तत्पश्चात राष्ट्रगान, परेड और माननीय मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन होगा, लेकिन कोविड-19 के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य समारोह के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में उन्होंने अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रातः 07.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, ताकि अधिकारी-कर्मचारी मुख्य समारोह में शामिल हो सकें। कलेक्टर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए मैदान की ट्रेक लाइनिंग, पेयजल, साफ-सफ ई, फ ायर ब्रिगेड व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी है। इसी तरह समारोह स्थल पर शामियाना, टेंट, माइक, कुर्सी, ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग और विद्युत यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता, समारोह स्थल पर ध्वज, फूल एवं गुब्बारे की व्यवस्था की सम्पूर्ण जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक, पशु चिकित्सा विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, समारोह स्थल पर आवश्यक दवाईयों के साथ चिकित्सकों का दल एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नक्सली हिंसा शहीद परिवारों को कार्यक्रम स्थल में सम्मानपूर्वक लाने ले जाने की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन, समारोह स्थल पर फ ोटोग्राफ ी एवं वीडियोग्राफी के लिए आदर्श कृषि उपज मंडी के सचिव और निमंत्रण पत्र एवं प्रमाण पत्र वितरण की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को दी गई है। बैठक में कहा गया कि परेड में पुलिस, एनसीसी, नगर सेना एवं जेल प्रहरी की टुकड़ियां भाग लेंगे। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह की उपस्थिति में 13 अगस्त को प्रातः 08 बजे से कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल होगी। बैठक में कहा गया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों की सूची निर्धारित अवधि में एडीएम कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, संयुक्त कलेक्टर द्वय नवीन भगत एवं नम्रता आनंद डोंगरे, सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय लोरमी का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यलय में सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, फौती, त्रुटि सुधार, खाता विभाजन, आय, जाति, रिकॉर्ड दुरूस्ती आदि के लंबित प्रकरणों का बारीकी से अवलोकन किया और समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर नायब तहसीलदार महेश्वर उईके को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कानूनगो शाखा, नायब नजीर शाखा, न्यायालय तहसीलदार शाखा आदि का निरीक्षण किया और लंबित केस प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय आते है। ऐसे में उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करना सभी राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इससे आमजनों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा होता है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए सभी प्रकार के आवश्यक कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर काटना न पड़े। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को ग्रामों में शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर पंचायत लोरमी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कृष्ण कुंज के लिए जगह चिन्हांकित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृष्ण कुंज में कदम, पीपल, बरगद सहित अन्य सांस्कृतिक महत्व के जीवन उपयोगी पौधों का रोपण किया जाएगा।

# राज्य स्तर पर जिले के 5 शाला व जिले स्तर पर 38 शालाओं को किया जाएगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 अंतर्गत जशपुर जिले के 38 शालाओं को जिला स्तरीय एवं 05 शालाओं को राज्य स्तरीय पर पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त पुरस्कार 15 अगस्त 2022 को पुरस्कृत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालयों का चयन कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में किए गए विभिन्न उपलब्धियों के आधार पर किया गया है। जिसके अंतर्गत राज्य स्तर पर चयनित शाला में दुलदुला विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला दुलदुला, कुनकुरी विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला बांसनताला, प्राइवेट डीएव्ही पब्लिक स्कूल कण्डोरा, प्राइवेट संत मेरिस इंग्लिश मीडियम स्कूल कुनकुरी एवं जशपुर विकासखंड के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम नवीन आदर्श हायर सेकेण्डरी स्कूल जशपुर का चयन किया गया है। इसी प्रकार जिला स्तर पर सब कैटेगरी में चयनित 30 विद्यालयों में शासकीय इंदिरा गांधी हायर सेकेंडरी स्कूल पत्थलगांव, प्राइवेट होलीक्रास बीटीआई पत्थलगांव, शासकीय मिडिल स्कूल रघुनाथपुर, प्राइवेट संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल पत्थलगांव, शासकीय प्राथमिक शाला मक्कापुर, शासकीय मीडिल स्कूल पुरानीबस्ती, शासकीय बालक मीडिल स्कूल खरसोता, शासकीय प्राथमिक शाला भेलवांटोली, प्राईवेट राधे कृष्ण रेसिंडेंटल स्कूल बेहराटोली, शासकीय मीडिल स्कूल बातनीडांड, शासकीय बालक मीडिल स्कूल करडीह, प्राइवेट संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल कुनकुरी, शासकीय हाईस्कूल लोधमा, जनता हायरसेकेण्डरी स्कूल जुमईकेला, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंग, शासकीय जे.एल.एन. मॉडल मीडिल स्कूल जशपुर, शासकीय बालक प्राथमिक शाला बुनियादी जशपुर, प्राईवेट देव पब्लिक स्कूल बाधरकोना जशपुर, प्राईवेट नोतरडेम इंग्लिश मीडियम मीडिल स्कूल जुराडांड, शासकीय प्राथमिक शाला जुजगू शामिल है।

# साल्हे में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थानीय सलाहकार समिति का हुआ गठन व घर-घर तिरंगा अभियान का किया व्यापक प्रचार-प्रसार

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्थानीय सलाहकार समिति का गठन किया गया द्य सर्वसम्मति से उपसरपंच नन्दलाल दर्पट्टी को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संरक्षक प्राचार्य होमन देशमुख, सचिव कार्यक्रम अधिकारी सहदेव साहू, सह सचिव सहायक कार्यक्रम अधिकारी लिखेश दनात, सक्रिय सहयोगी अरुणा कोरेटी, चंद्र कला दमले, मनमोहन साहू, परमानन्द साहू, वरिष्ठ स्वयं सेवक मोहनीश नेताम, संजय उइके, महादलनायक वंदना नरेटी, तानिशा, कविता, अमित मंडावी का नाम पारित किये गए द्य समिति गठन पश्चात कार्यक्रम अधिकारी सहदेव साहू के नेतृत्व में शासन प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा 'घर-घर तिरंगा अभियान' का व्यापक प्रचार-प्रसार स्थानीय हाट बाजार परिसर में किया गया तथा राष्ट्र प्रेम, भाई- चारा, शहादत की भावना ग्रामीणों सहित आम नागरिको व व्यापारीओं में जगाने का अनूठा व सहनीय प्रयास किया गया। इस अवसर पर एच. एल. देशमुख, देव सलामे, गजपाल सिंह नायक, भूपेश यादव, अंकुर साहू, लिखेश दनात, ममता अंधारे, अरुणा कोरेटी, बबिता कंवर, धीरज, राधना, उर्मिला मानकी, रुखामणि, बलदेव, ललिता, सतनी, साँवली आदि स्टॉफ सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महापौर ने बाइक में निकले, वार्डो की साफ सफाई एवं नाला सफाई का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड पार्षद व वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू व स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर,पार्षद भास्कर कुंडले, सहायक अभियंता जितेंद्र समैया एव स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ बाइक में सवार होकर लिया जायजा वार्ड 43 मुक्त नगर,आदर्श नगर में नाला सफाई को लेकर नाला गैंग लगवाकर सफाई करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद दीपक साहू ने बताया कि सहगल ऑटो के सामने सड़क पर पानी लीकेज है। महापौर ने मुक्त नगर आंगनबाड़ी के आस-पास झाड़ियों को कटवाने एवं विशेष साफ सफाई के लिए सफाई दरोगा को निर्देशित किया साथ ही सड़क में सी एंड डी मलमा को हटवाने को कहा गया। वही ओल्ड आदर्श नगर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड वासियों ने मौके पर उपस्थित महापौर को सफाई के लिए वस्तुस्थिति को अवगत कराएं सहित आदर्श नगर विनय राय क्वाटर नम्बर 15 के मकान के पास में पाइप लाइन बिछाने के कार्य अधूरा किया गया है आगे तक नही हो पाया है महापौर ने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा छुटे हुए पाइप लाइन कार्य को पूरा करेंगे। उन्होंने वार्ड 49 विद्युत नगर पहुंचकर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर नाले को गेंग लगवाकर सफाई करवाने को कहा गया।पार्षद भास्कर कुंडले ने महापौर को बताया कि नाले के आगे में जलकुंभी को निरन्तर सफाई करवाना पड़ेगा।

# 88.9 प्रतिशत के साथ कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना में पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला प्रथम स्थान

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड 2021-22 में सिविल हॉस्पिटल/सीएचसी/यूसीएचसी अंतर्गत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन को प्रथम स्थान मिला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन को 32 सिविल अस्पतालों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो/शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 88.9 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान मिला। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र पाटन को पुरस्कार राशि 15 लाख रुपये की देने की घोषणा की गई है। कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना वर्ष 2021-22 के तहत विजेताओं, उपविजेताओं एवं सांत्वना प्राप्त जिला अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रो की सूची जारी कि जा चुकी है। कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत 14 जिलों अस्पतालों, 32 सिविल अस्पतालों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो/शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 178 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 30 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 224 उप स्वास्थ्य केन्द्रों (हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर) के द्वारा 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल किया गया हैं।

# जिले के आदिवासी समाज ने कांग्रेस नेता अधीन रंजन चौधरी व विधायक अजय चंद्राकर का फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज ने विश्व आदिवासी दिवस पर अभद्र टिप्पणी करने वाले विधायक अजय चंद्राकर व अधीन रंजन का पुतला फूंका। विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त के संबंध में विधानसभा में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने विश्व आदिवासी दिवस के अवकाश को लेकर जिन शब्दों के साथ अपनी बात सदन में रखा है वह अमर्यादित था उनकी जिस सोच के साथ बात रखा इससे छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज को ठेस पहुंचा है इससे स्पष्ट है कि अजय चंद्राकर की मानसिकता आदिवासियों के प्रति कैसा है जिनका सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं आदिवासी बहुल राज्य में आदिवासी समाज के लिए आपका यहां शब्द नितांत ही पूर्वाग्रह से ग्रसित है आदिवासी समाज आज भी संविधान से प्रद्त्त अधिकार एवं शासकीय योजनाओं से वंचित है जब तक इन शब्दों के प्रति अजय चंद्राकर सार्वजनिक रूप से आदिवासी समाज के समक्ष माफी नहीं मांगता तब तक आदिवासी समाज इनका विरोध करता रहेगा शायद यह नहीं चाहते कि विश्व आदिवासी दिवस के अवकाश हमारे लिए घोषित किया जाए ताकि हम इस दिवस को मनाने से चुके और जो एकता के रूप में समाज बनता है उसको तोड़ना चाहते हैं इस वर्ष के विश्व आदिवासी दिवस 2022 के पर्व में पूरे प्रदेश में निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के खिलाफ अधिन रंजन ने अपमानजनक शब्द का उपयोग किया था जिसके विरोध में आज नारायणपुर के सर्व आदिवासी समाज के लोगों द्वारा मिलकर अधीन रंजन का पुतला फूंक दिया गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ का जिन्होंने इन चीजों को समझा आदिवासियों के दर्द को और उनका अधिकार को समझा और उनके हक अधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 9 अगस्त 1994 को विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए प्रस्ताव पास किया ताकि विश्व के सभी देशों में निवास करने वाले आदिवासी इस दिन को अपने अधिकार दिवस के रूप में मनाएं।

# अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग, 136 वां दिन पुन: अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग 136 वा दिन के बाद पुनः 5 अगस्त से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू। ब्रिटिश कालीन अंतागढ़ तहसील को जिला बनाने की मांग पिछले कई दसको से क्षेत्रवासी कर रहे है। अंतागढ़ क्षेत्रवासी पिछले 18 अगस्त 2021 से अंतागढ़ को जिला बनाने की माँग शुरू किये थे जो मैराथन आंदोलन, धरना प्रदर्शन चक्काजाम तक क्षेत्रवासियों के द्वारा किया गया था जो लगभग 136 दिनों तक लगातार चला था, उसके बाद कोरोना को देखते हुए आंदोलन को स्थगित किया गया था। अब अंतागढ़ क्षेत्रवासी पुनः 5 अगस्त से अंतागढ़ को जिला बनाने के लिए सर्वसमाज, सर्वदलीय के बैनर तले पुनः शहीद वीर नारायण चौक पर पंडाल लगा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जा चूका है, आंदोलनकारियों का कहना है कि अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग आज या कल की नहीं है। जिला बनाने लंबे समय से क्षेत्रवासियों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। शासन-प्रशासन को विगत एक दशक से अधिक समय से अवगत कराते रहे है लेकिन आज भी अंतागढ़ उपेक्षा का शिकार होता आया है। इसलिए आज क्षेत्रवासी आरपार की लड़ाई लड़ने अपने हक लेने लड़ाई शुरू कर दिए है। और हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

अगर अंतागढ़ जिला बन जाता है तो बेहतर तरीके से क्षेत्र का विकास होगा, रोजगार की अपार सम्भावनाये होगी। जिला बन जायेगा तो शिक्षा, स्वास्थ्य मूलभूत सुविधाएं गाँवो तक आसानी से पहुँचेगा।इस कारण से अंतागढ़ को जिला बनाना चाहिएअगर अब भी अंतागढ़ को जिला का दर्जा नहीं दिया जायेगा तों क्षेत्रवासी ज़नादोलन करने बाध्य होंगे। आज क्षेत्रवासियो के द्वारा धरना प्रदर्शन कर जिला की माँग को लेकर अंतागढ़ एडिशनल कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर आज प्रमुख रूप सेबद्री गावडे ,बीर सिंह उसेडी विश्राम गावडे राकेश गुप्ता मुकेश ठक्कर अखिलेश चंदेल संतराम सलाम अकालूराम पवार माखन सिंह सोनू साहू ज्योति स्वरूप कर्मकार सर माखन सिंह कुलदीप सर अविनाश जयंत पानी ग्राही गनविरे प्रीत राम पटेल घनश्याम रामटेके कुलदीप खापर्डे हेमन्त कश्यप अनित वीरेंद्र पटेल विजय साहू टिकेश्वर जैन दयाराम दुग्गा सुकलाल दुग्गा उपस्थित थे।

# केवटी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, केवटी के कमांडेंट विजय सिंह के नेतृत्व में सीओबी केवटी के कार्यक्षेत्र में 75 वॉ आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' के उपलक्ष में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरामाझी भीरागांव तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसुलखार के बालक बालिकाओ ने बढ चढकर भाग लिया । 100 मीटर बालको की दौड प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. आसुलखार के छात्र दिलेश्वर दुग्गा- प्रथम, पिताम्बर भोयर -द्वितीय तथा दिपांकर शिकदार ङ्क तृतीय स्थान रहे । 100 मीटर बालिकाओ की दौड प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. आसुलखार के छात्रा नीतू नुरेटी ङ्क प्रथम, शा.उ.मा.वि. भीरागांव की छात्रा धनेश्वरी नाग- द्वितीय तथा शा.उ.मा.वि. आसुलखार की छात्रा कामिनी नरेटी तृतीय स्थान पर रही । 200 मीटर बालको की दौड प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. आसुलखार के छात्र अमन पत्रा प्रथम, आयुश खान- द्वितीय तथा विजय कुमार यादव ङ्क तृतीय स्थान पर रहे । 200 मीटर बालिकाओ की दौड प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. भीरागांव की छात्रा रूपाली गावडे प्रथम, मोनिका ध्रुव द्वितीय तथा शा.उ.मा.वि. आसुलखार की छाता पूर्णिमा अंचला - तृतीय स्थान पर रही । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियो को कमांडेंट विजय सिंह, 33 वाहिनी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर छात्र- छात्राओं का होसला बढ़ाया।

## खुद पौधे लगाएं, दूसरों को भी करें प्रेरित



**भानुप्रतापपुर।** आयुष केंद्र भानबेड़ा द्वारा भानबेड़ा में स्थित गोठान मे फलदार वृक्ष आम जामुन कटहल बादाम आदि का रोपण किया गया। जिसमें ग्राम भानबेड़ा के सरपंच जागेश्वर नरेटी एवं जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह तथा अभय ठगेल का विशेष सहयोग रहा। इसका आयोजन आयुष केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानबेड़ा के द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ जीतेन्द्र सिंह ठाकुर,फार्मासिस्ट संगीता कोठारी, ऐ ऐन एम सविता नायर, शीतल जैन एवं लैब टेक्निशियन कमलेश उइके उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ जीतेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा धरती और धरती पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव के लिए पौधे जीवनदायी महत्व रखते हैं। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पेड़-पौधे ही सबसे मजबूत ढाल हैं। हर व्यक्ति को चाहिए कि वह कम से कम एक पौधा जरूर रोपित करे और दूसरों को भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी करे।

# पेंच मरम्मत के नाम पर हो रही महज खानापूर्ति केशकाल-विश्रामपुरी मार्ग की हालत हुई जर्जर

पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल से विश्रामपुरी जाने वाला मुख्यमार्ग बारिश के दिनों में राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण इस मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे पनप गए हैं, वहीं गड्ढों में पानी भी भर गया है। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा समय समय पर लाखों रुपए खर्च कर पेंच मरम्मत जरूर करवाया जाता है लेकिन बारिश आते आते सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो जाती है। ऐसे में रात के वक्त इस मार्ग से आवागमन करने वाले छोटे बड़े वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही आए दिन छोटी-छोटी सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

**बारिश के पहले भी हुई थी पेंच मरम्मत-** उल्लेखनीय है कि इसी मार्ग से होकर केशकाल विधायक संतराम नेताम अपने गृह ग्राम पलना पहुंचते है। साथ ही प्रतिदिन अनेक नेतागण व विभागीय अधिकारी भी इस मार्ग से आवागमन करते हैं। लेकिन इस सड़क की जर्जर स्थिति पर किसी की नजर नहीं पड़ती। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पेंच मरम्मत के नाम पर समय समय पर खानापूर्ति की जाती है। यही कारण है कि सड़क एक बारिश भी ठीक से नहीं झेल पाती। विगत माह बारिश से पहले विभाग की ओर से लाखों रुपए की निविदा के तहत ठेकेदार के द्वारा मरम्मत का कार्य करवाया गया था। बारिश का मौसम खत्म होने से पहले ही सड़क में पुनः बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं।

**जल्द ही शुरू होगा सड़क मरम्मत का कार्य- सब इंजीनियर-** इस सम्बंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के सब इंजीनियर आर.के राठौर का कहना है कि केशकाल से विश्रामपुरी जाने वाले मार्ग में पेंच मरम्मत हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जल्द ही डब्ल्यूबीएम का कार्य भी शुरू करवा दिया जाएगा। तथा फिलहाल के लिए सड़क के गड्ढों को गिट्टी-मुरुम से भरा जाएगा।

# लोक निर्माण विभाग बना रहा गांव-गांव सड़क

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



ग्रामीण क्षेत्रों का अगर विकास करना है तो इन ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों व मुख्य मार्गों से जोड़ना जरूरी है और इसी को ध्यान में रखकर लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव गांव में सड़क बनाया जा रहा है। इसके लिए एक अलग विभाग भी बनाया गया किंतु लोक निर्माण विभाग की यह महती योजना विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की निष्क्रियता व ठेकेदारों के साथ मिलीभगत की वजह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगी है। भानुप्रतापपुर ब्लाक में बनाई गई कई सड़कें कुछ महीनों में ही जर्जर होने लगी है। वहीं, कुछ सड़कें तो पूर्ण हुई भी नहीं थी और उखड़नी शुरू हो गई है। अब इसमें गलती विभाग के उन अधिकारियों की है जिन्हें सरकार ने लोक निर्माण विभाग से बेहतर और मजबूत सड़क बनाने का जिम्मा दिया है या वे ठेकेदार, जो अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग कर आम लोगों के चलने के लिए बनाई जाने वाली सड़क को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं। अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक दखल कम है, जिसका फायदा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी और सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार उठा रहे हैं। यही नहीं विभाग के सड़क निर्माण के कार्य को पेटी ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है, जिसमे गुणवत्ता का ख्याल रखने वाला कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं होता।

ग्राम संबलपुर से कराठी 1.80 किलोमीटर और लागत 78.48 लाख का था जिसे उपाध्याय कंस्ट्रक्शन दल्ली राजहरा के द्वारा निर्माण किया गया था। लेकिन निर्माण के कुछ दिनों बाद से ही उखड़ना चालू हो गया था जो अभी पूरी तरह से उखड़ गया है। इसी के साथ संबलपुर से पांडरपूरी, विनायकपुर से सिवनी, भानबेड़ा से डोंगरकट्टा सड़क का निर्माण आरसी जैन दुर्ग के ठेकेदार से करवाया था। सम्बलपुर से दुर्गुकोंदल भी कई जगह उखड़ रही है ठेकेदार के द्वारा साइड सोल्डर भी नहीं किया है। इन सड़कों की गुणवत्ता बेहद ही खराब है, जिसे बनने के बाद से ही बार बार मरम्मत की आवश्यकता पड़ रही है।

### निर्माण के दौरान विभाग के जवाबदार नहीं रहते मौजूद

सड़क निर्माण का कार्य स्टीमेट के आधार पर होना है, जिसकी देख रेख के लिए विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्माण के समय उपस्थित रहने के निर्देश दिये जाते हैं। ताकि सड़क पिचिंग, गिट्टी की मोटाई, डामर के तापमान सही रहे और सड़क में गुणवत्ता अच्छी हो। लेकिन कमीशनखोरी के चलते अधिकारी पूरा काम ठेकेदारों के भरोसे ही छोड़ देते हैं। जिसके चलते बिना किसी भय के ठेकेदार गुणवत्ताहीन निर्माण करते जाते हैं।

### अनुविभागीय अधिकारी पीडब्लूडी : बीएल पिस्दा

संबलपुर से कराठी रॉड में ओवरलोड गाड़िया चलती हैं जिस कारण सड़क उखड़ रही हैं। इस सड़क को बारिश के बाद मरम्मत कराया जाएगा। और सम्बलपुर से दुर्गुकोंदल सड़क अभी पूर्ण नहीं हुआ है इसमें बहुत काम अभी बाकी है।

छत्तीसगढ़ शासन

# अब गौमूत्र से भी मुद्रा

## गोधन न्याय योजना का बढ़ा दायरा



₹4 प्रति लीटर


की दर से अब

**गौमूत्र की खरीदी**

पशुपालकों की आय में वृद्धि

जैव कीटनाशकों और जैव उर्वरक का उत्पादन

प्रदेश में जैविक खेती की क्रांति



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### गोधन से संवरती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

- अब तक ग्रामीणों, पशुपालकों, महिला स्वयं सहायता समूहों और गोठान समितियों को 300 करोड़ से ज्यादा का भुगतान
- गोबर से 16 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन
- गौठानों में बहुगतिविधि केंद्रों से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन

संवाद-33382/1

## न्याय और सशक्तीकरण का छत्तीसगढ़ मॉडल

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403